# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025


आज सुबह सफारी करेंगे, बाघ का दीदार करेंगे

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाघ और वन्यजीवों के बीच बिताएंगे खास पल



**वन विभाग व पुलिस टीम ने सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्त किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭उमरिया

उमरिया जिले में बांधवगढ़ नेशनल पार्क में आज यानी बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाघ का दीदार करेंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार की रात अपने परिवार के साथ बांधवगढ़ में रुकेंगे और बुधवार की सुबह वन्यजीव सफारी के दौरान बाघ और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने पार्क और आसपास के क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण, सुरक्षा गार्ड और अन्य आवश्यक इंतजाम किए हैं, ताकि मुख्यमंत्री और उनके परिवार के लिए सफर सुरक्षित और सुविधाजनक रहे। वन विभाग और पुलिस बल की टीम इस दौरान सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर रही है। मुख्यमंत्री के साथ परिवार के सदस्यों का भी होना इस यात्रा को और खास बनाएगा।

आज सुबह होने वाली सफारी में मुख्यमंत्री बाघों के प्राकृतिक आवास का निरीक्षण करेंगे और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझने के साथ-साथ स्थानीय अधिकारियों से क्षेत्र में सुरक्षा और संरक्षण संबंधी योजनाओं की जानकारी भी लेंगे।

## देख लीजिएगा... आपके घर में ही कहीं दरिंदा तो नहीं छिपा?

**मुरैना में रिश्ते के ताऊ ने 3 माह की बच्ची से शराब के नशे में की दरिंदगी, बच्ची की हालत गंभीर, आरोपी गिरफ्तार**

### ताऊ ने बच्ची को खिलाने के बहाने उठाया था

हरिभूमि न्यूज ⏭मुरैना

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक तीन माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शराब के नशे में रिश्ते के ताऊ ने ही दरिंदगी की घटना को अंजाम दिया है। ताऊ ने बच्ची को खिलाने के बहाने उठाया और अलग कमरे में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आरोपी ताऊ पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



अस्पताल में लगी गुस्साए लोगों की भीड़

**संयुक्त परिवार में रहता है आरोपी**

पीड़ित और आरोपी का परिवार एक ही घर में संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं। आरोपी बच्ची के पिता के ताऊ का लड़का है। आरोपी की उम्र 30 साल है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे के करीब आरोपी शराब के नशे में घर पहुंचा उस समय बच्ची घर के आंगन में खाट पर सो रही थी आरोपी ने बच्ची को खिलाने के लिए उठाया तो पीड़ित बच्ची की मां और ⏩शेष पेज 4 पर

मप्र हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## 16 साल की रेप पीड़िता को मिली बच्चे को जन्म देने की इजाजत

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 16 साल की रेप पीड़िता को अपने बच्चे को जन्म देने की इजाजत दे दी है, यह कहते हुए कि उसकी मर्जी के बिना प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। लड़की ने अब अपने बच्चे के पिता से शादी कर ली है।



जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार डिलीवरी से जुड़े सभी खर्च उठाएगी, जो भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक एक्सपर्ट मेडिकल टीम की मौजूदगी में होगी। एक जिला अदालत की ओर से नाबालिग रेप पीड़िता की प्रेग्नेंसी खत्म करने के बारे में हाई कोर्ट को लिखे जाने के बाद यह फैसला आया। इसके बाद हाई कोर्ट ने एक मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट मांगी। ⏩शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### 'बैटल ऑफ गलवान' पर भड़का चीन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के टीजर ने सीमा पार हलचल तेज कर दी है। चीन के सरकारी मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने फिल्म पर 'तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने' और 'अतिशयोक्तिपूर्ण ड्रामा' करने का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई है। भारत ने आरोपों को खारिज कर दिया है। ⏩पढ़ें पेज 08 भी

### मनरेगा को बताया भ्रष्टाचार का पर्याय



**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'जी रामजी' बिल को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मनरेगा में मजदूरों के बजाए मशीनों और ठेकेदारों से काम लिया जा रहा था, जिससे बदलाव किया गया है। पंजाब सरकार द्वारा कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने पर कटाक्ष किया। ⏩पढ़ें पेज 7 भी

### चेकिंग के दौरान कार से 1.18 करोड़ रु. बरामद



**इंदौर।** विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कनाड़िया पुलिस ने बिचौली मर्दाना ब्रिज के पास एक टाटा नेक्सॉन कार से 1 करोड़ 18 लाख रुपए जब्त किए हैं। कार सवार तीन युवकों ने बताया कि यह रकम प्लायवुड कारोबारी सनद अग्रवाल की है, जिसे उनके फार्म हाउस ले जाया जा रहा था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर आयकर विभाग को सूचित किया गया है।

**जहरीला पानी : देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर में दूषित पानी से हाहाकार**

# दूषित पानी से बुजुर्ग समेत 5 लोगों की मौत, 34 से अधिक हुए बीमार

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल संज्ञान लिया, सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा**

*इंदौर नगर निगम की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। भागीरथपुरा पुलिस चौकी के टॉयलेट के ठीक नीचे नर्मदा की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज मिला, जिससे गंदा पानी सीधे जल स्रोत में घुस रहा था*



अस्पताल में भर्ती लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 5 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, जिला प्रशासन ने नंदलाल समेत 3 लोगों की मौत की ही पुष्टि की है। 35 से ज्यादा बीमार लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। मामले में जोनल अधिकारी शालिग्राम शितोले और प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर (पीएचई) योगेश जोशी को निलंबित किया गया है। प्रभारी डिप्टी इंजीनियर (पीएचई) शुभम श्रीवास्तव की सेवा समाप्त कर दी गई है। तीन सदस्यों की जांच समिति बनाई गई है। बिगड़ते हालातों को देखते ⏩शेष पेज 4 पर

- ⏩2 अफसर निलंबित-एक बर्खास्त, जांच समिति बनाई
- ⏩मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रु. आर्थिक मदद का ऐलान
- ⏩पानी के नमूनों की जांच की जा रही



मंत्री विजयवर्गीय प्रभावित क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करने पहुंचे

### शौचालय का पानी नर्मदा लाइन में मिला, लीकेज को सुधारा

भागीरथपुरा बस्ती में दूषित पानी की जलापूर्ति की वजह सामने आ गई। बस्ती तक जाने वाली वितरण लाइन पर निगम ने सार्वजनिक शौचालय बना दिया था। दूषित पानी का रिसाव खोज रहे अफसरों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने जेसीबी से खुदवाया। शौचालय का पानी ⏩शेष पेज 4 पर

**150 शिकायतें, अब जागा प्रशासन**

पिछले एक हफ्ते में करीब 150 लोग दूषित पानी की शिकायत प्रशासन से कर चुके थे, लेकिन समय रहते कार्रवाई न होने से यह स्थिति बनी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हस्तक्षेप के बाद नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलर्ट पर ⏩शेष पेज 4 पर

**इलाज के पैसे वापस करवाएगी सरकार**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा। जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि वार्ड और आसपास चल रही खुदाई या फिर पानी की टंकी के दूषित होने से यह स्थिति बनी। क्षेत्र में नर्मदा का पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन सप्लाई लाइन में गड़बड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। प्रशासन का कहना है कि पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**नागदा टीआई ने नहीं बुझने दिया 'चिराग'**



युवक को सीपीआर देते थाना प्रभारी

## आत्महत्या कर रहे युवक की लौटाईं सांसें, सीपीआर दिया

### टीआई को पुलिस प्रशासन देगा इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭उज्जैन

नागदा तहसील क्षेत्र में बीती रात एक युवक के लिए देवदूत बनकर थाना प्रभारी उसके घर पहुंच गए और उसकी जान बचा ली। थोड़ी भी देर हो जाती तो युवक की जीवन लीला समाप्त हो जाती। युवक ने रात 1 बजे अपने घर में आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था। तभी पिता की बेटे पर नजर पड़ी।

पिता घर के बाहर दौड़े और बेटे को बचाने के लिए मदद की गुहार लगाई। उसी वक्त वहां से रात्रि गश्त पर निकले नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी गुजर रहे थे। उन्होंने ⏩शेष पेज 4 पर

**डीजीपी ने दी टीआई को बधाई**

थाना नागदा क्षेत्र में आने वाले जनमेजय मार्ग स्थित पानी की टंकी के पास यादव परिवार रहता है। परिवार में बेटे धैर्य ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात आत्महत्या करने की कोशिश की थी। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि ईश्वर की कृपा है कि युवक को नया जीवन मिला है। अमृतलाल गवरी को डीजीपी की ओर से भी बधाई शुभकामनाएं दी गई हैं और उन्हें उचित इनाम भी दिया जाएगा।

**3 बदमाशों ने की लूट की वारदात**

## आंखों में मिर्ची झोंककर किसान से 25 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला मुख्यालय से तूमैन रोड पर बाइक से अशोकनगर आ रहे एक किसान लखविंदर पुत्र सतपाल सिंह(40) निवासी तमोइया चक्क को बाइक से आए 3 लुटेरों ने आंखों में मिर्ची डालकर लूट लिया। किसान का उपचार जिला अस्पताल अशोकनगर में चल रहा है। घर से कुछ दूर आने के बाद वह मोबाइल लेने अपने घर गया था जब वह लौटकर आया तब सुबह 10 बजे यह घटना हुई। किसान का कहना है कि वह यह रुपए जिनसे लिए थे

- जमीन बिकाऊ है...कहकर बाइक रोकी



पीड़ित किसान अस्पताल में भर्ती

उन्हें देने जा रहा था। रामपुरा मोहल्ला निवासी जज्जी को 24 लाख और एक सैनिक को 1 लाख रुपए देना थे। वह यह रुपए बैग में रखकर बाइक पर आगे रखकर लाया था। इन तीन बदमाशों ने जमीन बिकाऊ है यह कहकर उसकी बाइक को रोक लिया और आंखों में मिर्ची डालकर रुपए छीन ले गए। इस ⏩शेष पेज 4 पर

बहन के साथ लकड़ी बीनने गया था

## उफ! 10 साल के बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कटनी

कटनी में 10 साल के बच्चे पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुआ उसे जबड़े में दबाकर घने जंगल में ले गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्चे को ढूंढने जंगल के भीतर गए, जहां झाड़ियों में उसका शव मिला। मामला कटनी जिले की विजयराघवगढ़ तहसील के घुनौर गांव में मंगलवार दोपहर का है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राज कोल अपनी बहन और दोस्तों के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गया

- तेंदुए का पता लगाने ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल



झाड़ियों में मिला शव

था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता या राज को बचाने का प्रयास करता, तेंदुआ उसे लेकर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर जंगल की तरफ दौड़े, लेकिन तेंदुए का पता नहीं चल सका। बच्चे का शव घने जंगल के करीब 500 ⏩शेष पेज 4 पर








डॉ. हिमांशु द्विवेदी


## दार अस सलाम से सेरेंगेटी तक तंजानिया की धड़कनों के बीच सफर


**जिसकी दिलचस्पी वन्य जीवन है उसे दार अस सलाम में एक दिन बिताना भी भारी ही लगेगा, खासकर तब जब चमकते सूरज के चलते उमस भरी गर्मी ना चाहते हुए भी आपके बदन से बेहिसाब पसीना निकाल दे रही हो। तंजानिया प्रवास पर आने वाले तमाम पर्यटकों की तरह अपनी भी मंजिल सेरेंगेटी नेशनल पार्क ही है और वहां पहुंचने का सबसे बेहतर तरीका स्थानीय विमान सेवा ही है। आपको बता ही चुका हूं कि यहां सड़कों की हालत हद से ज्यादा खराब है और रेल नेटवर्क भी अभी ठीक से विकसित हुआ नहीं है। लिहाजा आप कितने ही जमीन से जुड़े व्यक्ति हों लेकिन यहां आपको हवा में ही रहना चाहिए।**

यात्रा वृतांत

विकल्प तो दार अस सलाम से सीधे सेरेंगेटी स्थित हवाई पट्टी पर चार्टर फ्लाइट से उतरने का भी रहता है लेकिन जेब के लिहाज से बेहतर है कि रेगुलर फ्लाइट से मवांजा या अरुषा उतरा जाए। यह दोनो ही बेहद सुंदर शहर बताए जाते हैं। हमारी मंजिल मवांजा है जो ताजे पानी की झील लेक विक्टोरिया के किनारे ⏩शेष पेज 4 पर

राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की वजह बेहिसाब शिकार के चलते उत्पन्न खतरा ही था। यह कितनी हैरानी की बात है कि तंजानिया ने गुलामी के दौर में ही वन्य जीवों को अवैध शिकार से बचाने कदम वर्ष 1951 में ही उठा लिए वहीं हमने यह कदम आजादी के ढाई दशक बीत जाने के बाद 1972 में उठाए। अभी भी अवैध शिकार हमारे तंत्र के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यहां वाहन चालक ही गाइड और असिस्टेंट की भूमिका में रहता है।





**आकर्षण का केंद्र 'मसाई-मारा'**

दुनिया भर के प्रेमियों के बीच बेहद आकर्षण का केंद्र है 'मसाई-मारा'। केन्या स्थित यह उद्यान सेरेंगेटी के साथ मिलकर ही विश्व प्रसिद्ध वार्षिक पशु प्रवासन को सदियों से अंजाम देते आ रहे हैं। इसके तहत बीस लाख से अधिक विल्डर बीस्ट, आठ लाख से अधिक जेब्रा हजारों किलोमीटर की यात्रा स्व अनुशासन में भोजन की तलाश में तय करते हैं। वर्ष भर चलने वाले इस प्रवासन में यह पशु महज तीन माह मसाई मारा में और नौ माह सेरेंगेटी में बिताते हैं। लाखों की संख्या में गजेल(हिरन की प्रजाति) भी इसका हिस्सा होते हैं लेकिन वह सेरेंगेटी का इलाका पार नहीं करते। मसाई मारा के मायने क्या हैं, यह आपको कल बताते हैं।

# सुस्वागतम 2026

याद रखें,
नया साल अपने आप में कुछ नहीं बदलता,
बदलाव हम लाते हैं अपने विचारों,
आदतों और कर्मों से।

जैसे ही 31 दिसंबर की रात घड़ी की सुइयाँ 12 की ओर बढ़ती हैं, दुनिया भर में उत्साह अपने चरम पर पहुँच जाता है। आखिरी 10 सेकेंड की उलटी गिनती शुरू होती है 10, 9, 8.... और फिर ठीक 12 बजते ही 'हैप्पी न्यू ईयर' की गूंज चारों ओर सुनाई देने लगती है। आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठता है, मोबाइल पर बधाइयों की बाढ़ आ जाती है और लोग एक-दूसरे को गले लगाकर नए साल का स्वागत करते हैं। यह सब होता है नव वर्ष के आगमन पर। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि नया साल 1 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है? और इस नए साल की शुरुआत को हम और अधिक सकारात्मक व सार्थक कैसे बना सकते हैं? आइए जानते हैं विस्तार से।

नया साल मनाने की परंपरा सीधे तौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर से जुड़ी हुई है, जिसे आज दुनिया के अधिकांश देश अपनाते हैं। इस कैलेंडर की शुरूआत रोमन सभ्यता से मानी जाती है। प्राचीन रोम में पहले नया साल मार्च महीने से शुरू होता था, लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव हुआ।

ईसा पूर्व 46 में रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने कैलेंडर में सुधार करते हुए जनवरी महीने को साल का पहला महीना घोषित किया। बाद में 1582 में पोप ग्रेगरी XIII ने इसमें और सुधार कर ग्रेगोरियन कैलेंडर लागू किया, जिसे आज हम आधुनिक कैलेंडर के रूप में जानते हैं। तभी से 1 जनवरी को विश्वभर में नव वर्ष के रूप में मनाया जाने लगा।

जनवरी महीने का नाम रोमन देवता जेनस (Janus) के नाम पर रखा गया था, जिन्हें द्वार, शुरूआत और परिवर्तन का देवता माना जाता था। दो चेहरों वाले जेनस का एक चेहरा पीछे की ओर और दूसरा आगे की ओर देखता था; यानी बीते हुए समय से सीख लेकर भविष्य की ओर बढ़ना। यही कारण है कि 1 जनवरी को नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है।

## नए साल 2026 की शुरूआत ऐसे करें

नया साल केवल जश्न और शुभकामनाओं तक सीमित न रहे, बल्कि यह आत्मचिंतन और आत्मसुधार का अवसर भी बने। आइए जानते हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावी तरीके, जिनसे आप 2026 की शुरूआत बेहतर कर सकते हैं।

**सकारात्मक संकल्प लें :** नया साल नई उम्मीदों का समय है। अपने जीवन से जुड़ा कोई ऐसा संकल्प लें, जिसे आप वास्तव में निभा सकें। जैसे स्वास्थ्य का ध्यान रखना, समय पर सोना-जागना, कोई नया कौशल सीखना, मोबाइल का सीमित उपयोग या नियमित व्यायाम।

**बीते वर्ष से सीख लें :** 2025 में जो अच्छा रहा, उसे आगे बढ़ाएँ और जो गलतियाँ हुईं, उनसे सीख लें। नया साल तभी सार्थक होगा, जब हम अपने अनुभवों को साथ लेकर आगे बढ़ें।

**अपनों के साथ समय बिताएं :** नए साल के पहले दिन परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताना रिश्तों को मजबूत करता है। यह दिन भावनात्मक जुड़ाव का होना चाहिए।

**शुभकामनाएँ दें :** नव वर्ष की शुभकामनाएँ केवल औपचारिक संदेश न हों। दिल से भेजी गई शुभकामनाएँ सामने वाले के दिन को खास बना सकती हैं।

**सेवा का संकल्प :** अगर नए साल की शुरूआत किसी जरूरतमंद की मदद से हो जाए, तो उसका आनंद दोगुना हो जाता है। किसी दीन-हीन, असहाय, जरूरतमंद व्यक्ति के लिए की गई छोटी-सी मदद भी उसके जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। इस किसी का जीवन बदलने के लिए नए साल पर पहली नेकी करने का संकल्प लें।

## भारत में एक साल में पांच बार मनाया जाता है नया साल

### बिखरती हैं खुशियां

विश्वभर में नया साल मनाने का तरीका भी अलग-अलग है। सभी धर्मों में नया साल एक उत्सव की तरह अलग-अलग अंदाज में अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है। कोई नाच-गाकर तो कोई पूजा-अर्चना के साथ नए साल का स्वागत करता है।

दुनिया में सबसे अधिक देशों में ईसाई नव वर्ष मनाए जाने की परंपरा है। ईसाई वर्ष 1 जनवरी से शुरू होकर 31 दिसंबर तक 12 महीनों में बंटा हुआ है। जवाली के पंडित अनिल छांगू के अनुसार हर धर्म में नववर्ष की तिथि अलग मानी गई है। खास बात यह है कि भले ही दुनिया के सभी धर्मों के रीति-रिवाज अलग-अलग हों लेकिन 1 जनवरी को सभी देशों में नए साल की धूम रहती है।

**ईसाई नववर्ष 1 जनवरी से**

1 जनवरी से नए साल की शुरूआत 15 अक्टूबर 1582 से हुई। इसके कैलेंडर का नाम ग्रिगोरियन कैलेंडर है। जूलियस सीजर ने ईसा पूर्व 45वें वर्ष में जूलियन कैलेंडर बनाया। तब से 1 जनवरी को नववर्ष मनाते हैं।

**पारसी नववर्ष : नवरोज से**

पारसी धर्म का नया वर्ष नवरोज उत्सव के रूप में मनाया जाता है। आमतौर पर 19 अगस्त को नवरोज का उत्सव मनाया जाता है। 3000 वर्ष पूर्व शाह जमशेदजी ने नवरोज मनाने की शुरूआत की थी।

**पंजाबी नववर्ष : होली से**

पंजाब में नया साल वैशाखी पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो अप्रैल में आती है। सिख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार होली के दूसरे दिन से नए साल की शुरूआत मानी जाती है।

**हिंदू नववर्ष**

चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा सैं हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। इसे हिंदू नव संवत्सर या नया संवत भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल की शुरूआत होती है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार यह तिथि अप्रैल में आती है। इसे गुड़ी पड़वा, उगादी आदि नामों से भारत के कई क्षेत्रों में मनाया जाता है।

**जैन नववर्ष**

दीपावली के अगले दिन से जैन नववर्ष दीपावली के अगले दिन से शुरू होता है। इसे वीर निर्वाण संवत भी कहा जाता है। इसी दिन से जैनी अपना नया साल मनाते हैं।
































भोपाल
बुधवार, 31 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष –12
वर्ष : 12, अंक : 271
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 भारतीय महिला खिलाड़ियों ने....




विचार
06 भारत का साथ जरूरी या ...

प्रधानमंत्री मोदी ने 2026-27 के बजट से पहले अर्थशास्त्रियों से मुलाकात की, बोले- 2025 ऐतिहासिक

# भारत सुधार के दौर में...इसका प्राथमिक इंजन भारत की जनसंख्या, युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने लोगों के नवाचार के जोश के बल पर वैश्विक ध्यान का केंद्र बनकर उभरा है और आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास की नजरों से देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह बात कही।

लिंक्डइन पर पोस्ट किए गए एक लेख में प्रधानमंत्री ने 2025 को भारत की सुधार यात्रा का एक ऐतिहासिक वर्ष बताया, जो पिछले 11 वर्षों में हुई प्रगति पर निर्णायक रूप से आधारित है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की नींव को मजबूत किया**



### राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा कि 2025 को भारत के लिए एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा जब उसने पिछले 11 वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के आधार पर निरंतर राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की नींव को मजबूत किया।

### देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बजट 2026 पर विचार-विमर्श करने के लिए देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और आर्थिक क्षेत्र विशेषज्ञों से मुलाकात की। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, आयोग के अन्य सदस्य, अर्थशास्त्री और क्षेत्रीय विशेषज्ञ भी बैठक में उपस्थित रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 1 फरवरी को 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### प्रसादी खाने के बाद गांव के कई लोग बीमार

**खिलचीपुर।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के गादिया लुहार गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम की प्रसादी ग्रहण करने से आसपास के तीन-चार गांवों के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिनमें से 12 बीमारों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कथा आयोजन में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की थी। इसके बाद पेट में दर्द, दस्त, जलन व अन्य शारीरिक तकलीफें शुरू हो गईं।



### 'रेल वन' एप पर टिकट बुकिंग में 3% की छूट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने डिजिटल इंडिया की मुहिम को और मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब 'रेल वन' एप के जरिए अनारक्षित टिकट बुक करने वाले यात्रियों को विशेष छूट मिलेगी। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एप पर आर-वैलेट को छोड़कर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से टिकट बुकिंग पर 3% की छूट दी जाएगी। यह योजना 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक लागू रहेगी।



### 10वीं-12वीं की परीक्षाओं की तारीख में फेरबदल

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने साल 2026 में होने वाली अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों में एक अहम फेरबदल किया है। बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के मुताबिक, 3 मार्च 2026 को होने वाले कुछ इम्तिहान अब किसी और दिन आयोजित किए जाएंगे। यह फैसला प्रशासनिक समीक्षा के बाद लिया गया है ताकि पूरी परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे।




नागरिक उड्डयन मंत्रालय की नई एडवाइजरी...विमान यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखना होगा

# विमानन कंपनियों को निर्देश, उड़ान लेट तो खाना और रिफंड देना होगा

*पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सभी विमानन कंपनियों को निर्देश दिया कि वे यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें। मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे उड़ान में देरी होने पर यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराएं। उड़ान रद्द होने की स्थिति में या तो दूसरी उड़ान की व्यवस्था करें या पूरा पैसा वापस करें। साथ ही समय पर चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए और उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान हो।

**चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए**


घने कोहरे के चलते एयर इंडिया के विमान हुए खड़े

**एयर इंडिया ने यह की व्यवस्था**

*यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं*

*या बिना किसी कटौती के पूरा पैसा वापस ले सकते हैं*

### यात्रियों की सहायता के लिए टीमें तैनात

इस बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों की सहायता के लिए 'फॉगकेयर' नाम के पहल की जानकारी दी है। इसके तहत, अगर कोहरे के कारण किसी उड़ान के प्रभावित होने की संभावना है, तो यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं या बिना किसी कटौती के पूरा पैसा वापस ले सकते हैं। कंपनी ने कहा कि उनके मैदानी कर्मचारी हवाई अड्डों के मुख्य स्थानों पर यात्रियों की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कई जगह दृश्यता शून्य, 600 उड़ानें और 100 ट्रेनें प्रभावित

पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर जारी है। घने कोहरे का असर यातायात संसाधनों पर भी देखने को मिला है। भीषण कोहरे के चलते 600 उड़ानें प्रभावित हुईं और 100 से अधिक ट्रेनें लेट हुई हैं। इंडिगो ने सोमवार को खराब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इंडिगो की 118 उड़ानें रद्द

इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और परिचालन कारणों से 118 उड़ानें रद्द कर दी। इंडिगो की वेबसाइट से यह जानकारी मिली। वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, इनमें से छह उड़ान सेवाएं परिचालन कारणों से रद्द की गईं जबकि बाकी विभिन्न हवाई अड्डों पर खराब मौसम की स्थिति के कारण रद्द कर दी गईं। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, मुंबई, बेंगलुरु, कोचिन, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, देहरादून, इंदौर, पटना और भोपाल जैसे अन्य हवाई अड्डों से आने-जाने वाली उड़ानें भी रद्द की गई हैं। इंडिगो के मुताबिक इन ▶▶ शेष पेज 4 पर


दुर्घटना के बाद गाड़ी की स्थिति

मैहर में बड़ा सड़क हादसा

## खड़े कंटेनर से टकराया तूफान वाहन, 4 की मौत, 12 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर ग्राम तिलौरा के पास सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार तूफान वाहन हाईवे किनारे खड़े कंटेनर के पीछे से जा टकराया। इस दर्दनाक दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। तूफान वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन चला रहे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव काफी देर तक वाहन में फंसा रहा। हादसे में गंभीर रूप से घायलों ▶▶ शेष पेज 4 पर

कटनी से प्रयागराज अस्थि विसर्जन के लिए निकले थे

### चालक की तलाश कर रही पुलिस

प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही बताया जा रहा है। कार सवार कंटेनर में पीछे से घुसे हैं। इस घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।


फंसे घायलों को निकालते हुए

अल्मोड़ा में खाई में गिरी बस

## सात यात्रियों की मौत, दो महिला समेत 12 घायल

एजेंसी ▶▶ अल्मोड़ा

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बस खाई में गिर गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में एक बस हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को खाई से निकालकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक बस में कुल 19 यात्री सवार थे। हादसे की वजह का ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ बस में कुल 19 यात्री सवार थे

बेरहमी की दो घटनाएं

## बुरहानपुर में पत्नी को डीजल डालकर 'जिंदा जला' दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



यहां घरेलू विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया है। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पुलिस पहुंची तो लोगों की भीड़ सड़क पर जम गई। महिला के मायके के लोग आरोपी पति को गिरफ्तार कर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### देवास में बुजुर्ग किसान की पीट-पीटकर हत्या

**देवास।** जिले के बरोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलोद गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग किसान की बेरहमी से हत्या कर दी गई। 65 वर्षीय किसान मांगीलाल पटेल पर गांव के ही पिता-पुत्र ने लाठी-डंडों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल मांगीलाल को परिजन जिला ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रियंका के बेटे ने की सगाई

## रेहान ने गर्लफ्रेंड अवीवा बेग को पहनाई अंगूठी




**अवीवा-रेहान दोनों सात साल से डेटिंग कर रहे थे**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने सगाई कर ली है। 25 वर्षीय रेहान ने अवीवा बेग को अंगूठी पहनाते हुए शादी के लिए प्रपोज किया और अवीवा ने भी रेहान का प्रपोजल स्वीकार करते हुए शादी के लिए हामी भर दी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान पिछले 7 साल से अवीवा ▶▶ शेष पेज 4 पर

यति नरसिंहानंद का विवादित बयान

## हिंदुओं को आईएसआईएस जैसा संगठन बनाना होगा



**बजरंग दल के भरोसे न रहें शस्त्र बांटने की दी सलाह**

**गाजियाबाद।** यति नरसिंहानंद ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। एक दिन पहले गाजियाबाद में हिंदुवादी नेता पिंकी चौधरी ने हिंदुओं की रक्षा को लेकर तलवारें बांटीं थीं। इस पर यति नरसिंहानंद ने हिंदुओं की रक्षा के लिए शस्त्र बांटने की सलाह दी। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी ने 10 साल पुरानी तस्वीरें शेयर की

जनाजे में शामिल होंगे एस जयशंकर, आज जाएंगे ढाका

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का निधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए 10 साल पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं।

प्रधानमंत्री ने साल 2015 में खालिदा जिया से मुलाकात की थी। पीएम मोदी ने तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक कर देने वाला संदेश भी लिखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि ढाका में पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चेयरपर्सन बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।


पीएम मोदी के साथ पुरानी तस्वीर

बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर, बांग्लादेश के विकास के साथ-साथ भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर खालिदा जिया के जनाजे में शामिल होंगे। वे भारत सरकार और भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए वह बुधवार को ढाका जाएंगे।

देश के पहाड़ी इलाकों को भी पीछे छोड़ रही प्रदेश में सर्दी

5 जिले 5 डिग्री के नीचे
4 जिलों में कोल्ड वेव
दोपहर तक घना कोहरा

## कश्मीर-शिमला नहीं, अब शहडोल, नौगांव सबसे ठंडे, सीजन में पहली बार प्रदेश में पारा 1.7 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बर्फीली हवाएं कड़ाके की सर्दी बरकरार रखे हुए हैं। मंगलवार को सीजन में पहली बार कल्याणपुर (शहडोल) में रात का पारा 1.7 डिग्री रहा। छतरपुर के नौगांव में यह 3 डिग्री पर दर्ज हुआ। यह न्यूनतम तापमान मंगलवार को कश्मीर और शिमला आदि पहाड़ी इलाकों के न्यूनतम तापमान के मुकाबले कम रहा है।

कश्मीर में अगर पहलगांव, गुलमर्ग और श्रीनगर सिटी को छोड़ दिया जाए तो पूरे कश्मीर और शिमला ▶▶ शेष पेज 4 पर

*गुलमर्ग, पहलगांव और श्रीनगर सिटी को छोड़ शेष हिस्से प्रदेश के कल्याणपुर और नौगांव से कम ठंडे, शिमला में औसत पारा 8 डिग्री*


पचमढ़ी में छाया कोहरा

### प्रदेश में यहां सबसे कम न्यूनतम पारा

मंगलवार को कल्याणपुर (शहडोल) 1.7, नौगांव (छतरपुर) 3, उमरिया 3.1, खजुराहो (छतरपुर) 4.4 और राजगढ़ में 4.6 डिग्री दर्ज हुआ है। इन जिलों में कड़ाके की सर्दी के साथ कुछ जगह अति घना कोहरा रहा है।

### दोपहर 1 बजे तक तक घना कोहरा, कोल्ड वेव

मंगलवार को कड़ाके की सर्दी के बीच कुछ जिलों में अति घना कोहरा रहा है। भिंड, मुरैना, दतिया आदि जिलों में दोपहर 1 बजे तक कोहरा छाया रहा। ग्वालियर, दतिया जिलों में अति घना और सतना, खजुराहो, रीवा में घना कोहरा रहा। यहां दृश्यता शून्य तक रही। मौसम केंद्र के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### निजी जमीन पर बने ट्रस्ट पर सरकार रिसीवर नहीं कर सकती नियुक्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम सिद्धांत प्रतिपादित करते हुए कहा है कि निजी जमीन पर बने ट्रस्ट पर सरकार रिसीवर की नियुक्ति नहीं कर सकती। ऐसा करना पूरी तरह अवैधानिक है। इस मत के साथ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने नर्मदापुरम कलेक्टर को 6 माह के भीतर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा कि आवेदन के निराकरण तक अपीलार्थी यंगेश्वर दास ट्रस्ट के प्रबंधक के रूप में कार्य करते रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर का निर्णय आने तक ट्रस्ट की जमीन खुर्दबुर्द नहीं की जाएगी और ट्रस्ट की आय का उचित रिकॉर्ड रखा जाएगा। नर्मदापुरम निवासी यंगेश्वर दास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने पक्ष रखा।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज के गढ़ सीहोर से दिग्विजय शुरू करेंगे पदयात्रा

**सीहोर।** केंद्र सरकार द्वारा 'मनरेगा' महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने इस बदलाव को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करार देते हुए मोर्चा खोल दिया है। सिंह ने ऐलान किया है कि वे इस फैसले के विरोध में 5 जनवरी से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर से पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। सिंह का आरोप है कि केंद्र सरकार साजिश के तहत महापुरुषों की विरासत को मिटाना चाहती है। लोकसभा में इस बदलाव से जुड़ा बिल पास होने के बाद अब कांग्रेस इसे जनता के बीच ले जाने की तैयारी में है।

### कांग्रेस डेढ़ माह में दस हजार कार्यकर्ताओं को संगठन में देगी जगह

**भोपाल।** कांग्रेस अगले डेढ़ महीने में दस हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह देने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के ब्लॉक और उप ब्लॉकों में कमेटी बनाने की कवायद शुरू होने जा रही है। कांग्रेस का दावा है कि इसमें दस हजार पार्टी कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस संबंध में जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए जा चुके हैं। कांग्रेस ने तय किया है कि एक जनवरी से 15 फरवरी तक वह ब्लॉक, उप ब्लॉक कमेटी बनाएगी।

### मिश्रा गृह मंत्रालय में पदस्थ, कटेसरिया अपर सचिव बनाए गए

**भोपाल।** एमपी कैडर के आईपीएस अधिकारी वीरेंद्र कुमार मिश्रा को गृह मंत्रालय, नई दिल्ली में उप सचिव पद पर चार वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। दूसरी ओर, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ उप सचिव अजय कटेसरिया को अपर सचिव पद पर पदोन्नत किया गया है। एक अन्य आदेश के तहत साल 2000 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी कैलाश बुंदेला के विरुद्ध चल रही विभागीय जांच भी बिना किसी दंड के समाप्त कर दी गई है।

## श्रीराम मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर युवा सदन में सजी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को हिंदू तिथि अनुसार अयोध्या धाम में बने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा युवा सदन पर सजाई गई श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया।

प्रतिकृति शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि परमात्मा की कृपा से हमारा तो जीवन धन हो गया। 500 साल से ज्यादा के संघर्ष के बाद हमने अपने श्री राम का भव्य मंदिर पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप हमारे भगवान श्रीराम के मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ था। पलकें खुली की खुली रह गई और वह दृश्य जिसने भी देखा वह अह्लादित रह गया। उसी राम मंदिर के स्वरूप की यह प्रतिकृति भी अद्भुत आनंद देती है।

# श्रीराम का आदर्श न केवल भारत के लिए, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रकाशपुंज: सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और विधायक रामेश्वर ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारंभ*



आयोजन का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विधायक शर्मा।

### भव्य आयोजन के लिए शर्मा को बधाई दी

सीएम ने कहा कि मैं रामेश्वर शर्मा एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं कि उन्होंने वर्षगांठ को हर्ष का विषय बनाकर भव्य आयोजन किया। अयोध्या से लेकर लंका तक भगवान श्रीराम का नाम केवल एक राजा या योद्धा के रूप में नहीं, बल्कि मानवता के पथप्रदर्शक के रूप में गूंजता है। उनका आदर्श न केवल भारत के लिए, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रकाशपुंज है।



### वर्षगांठ पर आतिशबाजी कर मनाया उत्सव

श्रीराम मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को विधायक रामेश्वर शर्मा कार्यकतार्ओं के साथ उत्सव मनाएंगे। वह युवा सदन पर सजी इस प्रतिकृति के समक्ष भव्य आतिशबाजी के साथ शुभकामनाएं देकर प्रतिष्ठा द्वादशी का पर्व मनाएंगे। शाम को श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर हर वर्ष भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया।

### श्रीराम मंदिर हमारे पूर्वजों का पांच सौ साल का संघर्षः विधायक रामेश्वर

*वर्षगांठ के उपलक्ष्य में युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम के पुनः भव्य मंदिर में विराजमान की यह वर्षगांठ सामान्य नहीं है। इसके लिए हमारे पूर्वजों ने 500 वर्षों तक संघर्ष किया है। अपना खून-पसीना बहाया और आवश्यकता आने पर प्राण भी न्यौछावर कर दिए। इस दिन के लिए हमारे कोठारी बंधुओं सहित अनेक वीरों ने प्राणों का उत्सर्ग किया था। ऐसे अगणित बलिदानों और भाजपा की अखंड प्राणशक्ति के परिणामस्वरूप हमने श्रीरामलला को अपने भव्य भवन में पुनः विराजते देखा है। हर हिन्दू गौरवान्वित है और प्रधानमंत्री को नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता है कि उनके दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के कारण आज हम श्रीराम मंदिर के लिए गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण की राह को आसान बनाकर हर हिन्दू के अमूल्य सपने को पूरा किया है।*

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री काश्यप ने बताईं विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियां और आगामी योजनाएं

# 22 सीएफसी को मिलेगी स्वीकृति, गोविंदपुरा से मल्टी स्टोरी इंडस्ट्री कॉम्पलेक्स की होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत की परिकल्पना को एमएसएमई साकार करेगा। प्रदेश में एमएसएमई को 5 हजार करोड़ की प्रोत्साहन सहायता के साथ ही 30 नवीन निजी क्लस्टरों और 22 नवीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की स्वीकृति दी जाएगी। 6 हजार से अधिक विकसित औद्योगिक भू-खंड उपलब्ध कराना, 100 औद्योगिक क्षेत्रों में सीईटीपी की स्थापना, औद्योगिक क्षेत्र विहीन 81 विधानसभा क्षेत्रों में औद्योगिक क्षेत्र का विकास का लक्ष्य है। सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में कम जगह में ज्यादा उद्योगों को जगह देने के लिए मल्टी स्टोरी इंडस्ट्री कॉम्पलेक्स बनाने जा रही है। इसकी शुरुआत भोपाल के गोविंदपुरा से हो रही है। इसके बाद इसे प्रदेश के दूसरे औद्योगिक क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा। यह बात सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कही। मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से विकास और सेवा के 2 वर्ष पर संवाद करते हुए मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने विभाग की दो वर्षों की उपलब्धियों तथा आगामी 3 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों और विकसित भारत के संकल्प की जानकारी दी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 में देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के दृष्टिगत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अभ्युदय मध्यप्रदेश की परिकल्पना के तहत सर्वांगीण विकास में एमएसएमई विभाग निर्णायक भूमिका निभा रहा है।



मंत्री चेतन काश्यप

### 2 करोड़ रोजगार सृजन करना लक्ष्यः सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

मंत्री काश्यप ने कहा कि वर्तमान 6,000 स्टार्टअप की संख्या को दोगुना यानि 12,000$ करना, 100 नवीन इन्क्युबेशन सेंटर की स्थापना, 1.5 लाख स्व-सहायता समूहों का उद्यम पोर्टल अंतर्गत फार्मलाईजेशन, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर एवं उज्जैन में सब्सिडी युक्त प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर को-वर्किंग स्पेस की स्थापना, जीआई टैगिंग के लिए 20 विशिष्ट उत्पादों की पहचान कर उन्हें रजिस्टर कराना, स्वरोजगार योजना के माध्यम से 30 हजार उद्यमियों को लाभान्वित कराना और इंदौर और जबलपुर की टेस्टिंग लैब का उन्नयन किए जाने का लक्ष्य है। एमएसएमई द्वारा 2 करोड़ रोजगार सृजन करना, एमएसएमई के माध्यम से 61,256 करोड़ का निवेश प्राप्त करना। 25 प्रतिशत महिला-नेतृत्व वाले एमएसएमई बनाना। 200$ एमएसएमई को एसएमई स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड करना जैसे कदम उठाए जाएंगे। मंत्री काश्यप ने बताया कि विगत 2 वर्षों में कुल 4,865 इकाइयों को ऑनलाइन सिंगल क्लिक से 3,118.44 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है।

### जनजातीय वर्ग के व्यवसायियों को बाजार मुहैया करवाने 4 ट्राइबल मल्टी परपस मार्केटिंग सेंटर बनेंगे: शाह



मंत्री विजय शाह

जनजातीय वर्ग के व्यवसायियों को सर्वसुविधायुक्त बाजार मुहैया करवाने के लिए प्रदेश में 4 ट्राइबल परपस मार्केटिंग सेंटर मंजूर किए गए हैं। प्रदेश के 26 हजार 555 एफआरए पोटेंशियल ग्रामों का एफआरए एटलस तैयार किया गया है। 75 करोड़ रुपए की लागत से 125 बहुउद्देशीय केंद्र मंजूर किए गए हैं, प्रत्येक की लागत 60 लाख रुपए है जबकि 49 भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह जानकारी जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री कुंवर विजय शाह ने मिंटो हाल में दी। उन्होंने प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में अपने विभाग की उपलब्धियां गिनाई।

### पांच साल में 186 करोड़ से होगी बांधों की मरम्मत: सिलावट

प्रदेश के सभी बांधों की मरम्मत की जाएगी, जिसके लिए विश्व बैंक की मदद से अगले पांच सालों में यह काम पूरा होगा। बांधों की मरम्मत होने से सुरक्षा का दायरा बढ़ जाएगा। इधर सिंहस्थ को लेकर सरकार ने दो हजार करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। जिससे क्षिप्रा के पानी को शुद्ध किया जा सके। मंगलवार को जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने प्रेसवार्ता ने डॉ मोहन सरकार के दो साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। केन-बेतवा बहुउद्देशीय नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का प्रदेश में शुभारंभ किया है।



मंत्री तुलसी सिलावट

### छात्रवृत्ति योजनाओं से मिल रही शिक्षा को मजबूती

## अनुसूचित जाति वर्ग के समग्र कल्याण के लिए सरकार कर रही प्रभावी कार्यः चौहान

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के समग्र कल्याण के लिए शिक्षा, रोजगार, अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में लगभग 15.6 प्रतिशत (1 करोड़ 13 लाख) जनसंख्या अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित है। वे मंगलवार को अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 1913 छात्रावास संचालित हैं, जिनमें 95,317 सीटें निर्धारित हैं।



मंत्री नागर सिंह चौहान

### यह उपलब्धियां बताईं

नागर ने बताया कि कक्षा 1 से उच्च शिक्षा तक अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने, विदेश में अध्ययन के लिए भी छात्रवृत्ति योजना संचालित है। उन्होंने कहा कि सेना, पैरामिलिट्री एवं पुलिस भर्ती के लिए "शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना" प्रारंभ की जाएगी, जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 3000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी योजनाओं के लिए एकीकृत पोर्टल बनाया जाएगा।

### अंग्रेजी के नोटिस को नहीं समझ पाने से फाइलों में दबाकर रख दिया जाता

## आयकर विभाग ने हिंदी में नोटिस भेजे तो बढ़ा राजस्व, जमा हुए 500 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग ने सरकारी विभागों को जारी किए जाने नोटिस अब अंग्रेजी के बजाय हिन्दी में भेजना शुरू कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि विभाग को राज्य सरकार के विभागों से टीडीएस कटौती नहीं किए जाने के मामले में जानकारी मिली थी कि कई दफ्तरों के बाबूओं ने अंग्रेजी में भेजे गए नोटिस को न समझ पाने के चलते टेबल की फाइलों में दबाकर रख दिया था।

जानकारी सामने आने के बाद इनकम टैक्स टीडीएस कमिश्नर ने नोटिस हिन्दी में जारी करना शुरू किया तो अच्छे रिजल्ट आए और करोड़ों का टीडीएस राजस्व इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के खाते में बढ़ गया। दरअसल, इनकम टैक्स के अफसरों को टीडीएस का अंग्रेजी में जारी हुआ नोटिस जारी किए जाने की जानकारी अपर कलेक्टर स्तर के अफसरों ने तब दी, जब इनकम टैक्स कमिश्नर के यहां से तीन बार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी रिएक्शन सरकार के विभाग से नहीं आया और इसके बाद अभियोजन नोटिस इनकम टैक्स की ओर से भेजा गया। दरअसल इनकम टैक्स की टीडीएस विंग ने आयकर अधिनियम की धारा 194- एलए के अंतर्गत भू-अर्जन के मुआवजे पर टीडीएस न कटने को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की थी। इनकम टैक्स टीडीएस कमिश्नर भारती सिंह के अनुसार बुंदेलखंड एरिया के अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी अभियोजन नोटिस जारी होने के बाद हाजिर हुए तो टीडीएस कटौती न होने की असली वजह बताई।

### लापरवाही न हो, इसलिए फाइलें आगे नहीं बढ़ाई

अंग्रेजी के नोटिस में गलती न हो जाए, इस डर से बाबू अंग्रेजी नोटिस की फाइल अधिकारियों तक पुटअप ही नहीं करते थे। इसका नतीजा यह हुआ कि मुआवजे की बड़ी राशि बिना टैक्स कटे ही बंटती रही और सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ।

### डॉ. यादव ने प्रदेश में डेयरी गतिविधियों के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

*राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक*

## दुग्ध उत्पादन को औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का भी बनाया जाए आधारः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के दुग्ध उत्पादन को औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का भी आधार बनाया जाए। दुग्ध उत्पादन तथा उसकी प्रोसेसिंग व मार्केटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही दुग्ध उत्पादन कृषकों की आय बढ़ाने में भी प्रभावी रूप से सहायक है। सभी जिलों में समन्वित रूप से गतिविधियों संचालित करते हुए सांची ब्राण्ड का अधिक से अधिक विस्तार किया जाए।

सांची प्रोडेक्ट्स की ब्राण्डिंग में गोवंश और गोपाल को शामिल किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य हुए एग्रीमेंट के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में वरिष्ठ विधायक हेमंत खण्डेलवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास उमाकांत उमराव तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दुग्ध संकलन व्यवस्था की मजबूत निगरानी हो



बैठक में मौजूद सीएम डॉ. यादव व विधायक खंडेलवाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में दुग्ध उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों की दक्षता और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर तक गतिविधियां संचालित की जाएं। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि दुग्ध संकलन व्यवस्था की मजबूत निगरानी हो। दूध खरीदी की कीमतें उत्पादकों के लिए लाभप्रद हों और खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो तथा दुग्ध उत्पादकों को उनका भुगतान नियमित रूप से समय-सीमा में प्राप्त हो। प्रदेश में पीपीपी मोड पर निजी भागीदारी और डेयरी सहकारी समितियों के समन्वय से दुग्ध उत्पादन गतिविधियों का विस्तार किया जाए। इससे सम्पूर्ण प्रदेश में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन प्रदान करने, किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिलेगी।

### कांग्रेस में राज्यसभा के लिए नाथ, जीतू सहित 5 मुख्य दावेदार

*कांग्रेस में घिरे, भाजपा से मिल गया पार्टी में आने का ऑफर*

# राज्यसभा के लिए दबाव की राजनीति के तहत तो नहीं की दिग्विजय ने संघ की तारीफ!

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

आमतौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह कोई भी बयान बिना सोचे समझे नहीं देते। नफा-नुकसान की परवाह किए बगैर वे रणनीति के तहत ही बोलते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के साथ जमीन पर बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो के साथ एक्स पर उनकी पोस्ट भी किसी रणनीति का हिस्सा हो सकती है। राजनीतिक हल्कों में इसे लेकर अटकलों का दौर जारी है। भाजपा और आरएसएस की तारीफ को राज्यसभा के लिए उनकी दबाव की राजनीति भी कहा जा रहा है। बता दें, लगभग तीन माह बाद 9 अप्रैल 2026 को दिग्विजय का राज्यसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है। तब तक वे खुद पर फोकस बना कर रखना चाहते हैं, ताकि उनके फिर राज्यसभा जाने की संभावना बनी रहे।



दिग्विजय सिंह

### राज्यसभा के लिए कांग्रेस से ये प्रमुख दावेदार

वैसे 9 अप्रैल 2026 को राज्यसभा की दो सीटें खाली हो रही हैं। इनमें दिग्विजय के अलावा भाजपा के सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। 2020 की तरह इस बार भी कांग्रेस राज्यसभा की एक ही सीट जीत सकती है। इसके लिए कांग्रेस से वरिष्ठ नेता दिग्विजय के अलावा कमलनाथ, जीतू पटवारी, मीनाक्षी नटराजन, अरुण यादव और कमलेश्वर पटेल प्रमुख दावेदार हैं। सभी राज्यसभा के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### वरिष्ठों की उपेक्षा से जोड़ कर भी लिया जा रहा बयान

राजनीतिक में दिग्विजय के बयान को कांग्रेस के अंदर वरिष्ठों की उपेक्षा से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। प्रदेश में सारे निर्णय जीतू पटवारी और उमंग सिंघार की जोड़ी ले रही है। वरिष्ठों की पूछ-परख कम हो गई है। यही स्थिति देश के अन्य राज्यों में भी है। नई पीढ़ी को ज्यादा महत्व मिल रहा है। यदि दिग्विजय के बयान की मंशा यह है तो भविष्य में कांग्रेस को नई मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है।

### दिग्विजय को मिला भाजपा में आने तक का ऑफर

भाजपा और संघ की संगठन शक्ति की तारीफ के बाद अपवाद छोड़ कर कांग्रेस में दिग्विजय का विरोध हो रहा है। शशि थरूर जैसे कुछ नेता ही समर्थन में सामने आए हैं, कांग्रेस में उनकी निष्ठा पहले से ही संदिग्ध है। दूसरी तरफ भाजपा में उनके बयान का स्वागत हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिग्विजय को भाजपा में आने तक का ऑफर दे दिया है। प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिग्विजय को सरकार पटेल जैसा सच बोलने वाला साहसी बता दिया है।

### राज्यसभा के कारण ही सिंधिया ने छोड़ दी थी कांग्रेस

*9 अपैल 2020 को जब दिग्विजय राज्यसभा के लिए चुने गए थे, उससे पहले राज्यसभा की वजह से ही ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले गए थे। दोनों ही राज्यसभा के लिए प्रमुख दावेदार थे। कांग्रेस दिग्विजय को पहला और ज्योतिरादित्य को दूसरा प्रत्याशी घोषित कर रही थी, जबकि पार्टी के पास एक प्रत्याशी को जिताने लायक ही सदस्य थे। इससे नाराज सिंधिया भाजपा में अपने साथ इतने विधायक ले गए थे कि कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिर गई थी। इस बार भी कमलनाथ और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के 5 दिग्गज राज्यसभा के लिए दावेदार हैं, लेकिन दिग्विजय फिर एक मौका चाहते हैं। इसलिए भाजपा और संघ की तारीफ को कांग्रेस में दबाव की राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है।*

## मध्य प्रदेश में राज्य सूचना आयुक्त बनने 185 लोगों ने किए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में राज्य सूचना आयुक्त बनने के लिए 185 लोगों ने आवेदन किए हैं। इनमें आईएएस, आईपीएस सहित रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, प्रशासनिक अधिकारी, राज्य प्रशासनिक सेवा से रिटायर्ड एक रिटायर्ड राज्य सूचना आयुक्त छत्तीसगढ ने भी आवेदन किया है। इसके अलावा न्यायिक सेवा, अधिवक्ता, पत्रकारिता, समाजसेवा सहित अन्य वर्ग के लोगों ने भी सूचना आयुक्त बनने रूचि दिखाई है। आवेदकों में 8 रिटायर्ड आईएएस, 3 आईपीएस, 1 आईएफएस, 17 प्रशासनिक अधिकारी, 1 छत्तीसगढ से रिटायर राज्य सूचना आयुक्त, 26 न्यायिक सेवा से जुडे लोग, 32 अधिवक्ता, 51 पत्रकार, 12 समाजसेवी और अन्य वर्ग से 33 लोगों ने आवेदन किए हैं।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025



### अन्य उड़ानें भी आधे घंटे की देरी से आईं
## घने कोहरे से इंडिगो की दिल्ली उड़ान भोपाल नहीं आ सकी

**संतनगर।** घने कोहरे का असर उड़ानों पर लगातार पड़ रहा है मंगलवार को भी दिल्ली उड़ान कैंसिल रही है। इंडिगो एयरवेज़ की दिल्ली उड़ान जो सुबह को सात दस पर आती है तो वो आज मौसम ख़राबी के कारण दिल्ली से ही भोपाल नहीं आ सकी। हालाँकि यात्रियों को सूचना पहले दे दी गई थी, लेकिन जो यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण कुछ अन्य उड़ानें भी आधे घंटे तक देरी से भोपाल आईं।

# केरल एक्सप्रेस साढ़े 10 तो राजधानी एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे की देरी से पहुंची भोपाल

## आरकेएमपी स्टेशन पर वंदेभारत तीन घंटे, शताब्दी दो, भोपाल एक्सप्रेस पांच घंटे लेट आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुई है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। तीखी सर्दी व कोहरे का असर रेल सफर पर भी पड़ रहा है। मौसम सर्द बने रहने से आए दिन ट्रेनें लेट हो रही हैं। मंगलवार को भोपाल आने वाली करीब 70 फीसदी ट्रेनें देरी से पहुंची। दस घंटे तक की देरी से चल रही ट्रेनें के चलते सुबह आने वाली ट्रेनें शाम में पहुंच रही हैं तो वहीं रात में आने वाली ट्रेनें अल-सुबह आ रही हैं। इनमें प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस श्रेणी की ट्रेनें भी घंटों की देरी से भोपाल आ रही हैं।

सुबह की ट्रेनें शाम को तो रात की ट्रेनें पहुंच रही अल-सुबह तक

रात में आने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए पूरी रात जाग रहे यात्री

### सर्दी में रेल सफर बना मुसीबत



जिन यात्रियों की ट्रेन का समय आधी रात में होता है, उनकी और उन्हें स्टेशन तक पहुंचाने वालों की पूरी ही रात खराब हो रही है। दरअसल, ये यात्री तय समय पर आने वाली ट्रेन की चिंता में न तो रात में सो पाते हैं और न ही दिन में। क्योंकि जब इन्हें पता चलता है कि उनकी ट्रेन एक-एक घंटा देर करते-करते पूरे 8 घंटे तक लेट हो गई है। वहीं इन्हें स्टेशन तक पहुंचाने वाले परिजन भी रातभर परेशान होते रहते हैं, क्योंकि आधी रात को स्टेशन तक छोड़ने के लिए सार्वजनिक परिवहन के साधनों का मिलना मुश्किल होता है।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 14116 प्रयागराज - डॉ. आम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 7:38 घंटे
- 12626 केरल एक्सप्रेस 10:38 घंटे
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 4:56 घंटे
- 20171 वंदे भारत एक्सप्रेस 3:11 घंटे
- 22222 हजरत निजामुद्दीन - मुंबई सीएसटी राजधानी एक्सप्रेस 8: 34 घंटे
- 22692 बंगलौर राजधानी एक्सप्रेस 4:48 घंटे
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 5:21 घंटे
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 2:54 घंटे
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 5:21 घंटे
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 2.23 घंटे
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2.21 घंटे
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 4:57 घंटे
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 4:23 घंटे
- 11072 कामायनी एक्सप्रेस 0:49 घंटे
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 3:55 घंटे
- 12138 पंजाब मेल 3:53 घंटे लेट आई
- 14116 प्रयागराज - डॉ. आम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 7:38 घंटे
- 11271 विंध्याचल एक्सप्रेस 2:38 घंटे
- 12618 मंगला एक्सप्रेस 2:54 घंटे
- 12138 पंजाब मेल 3:53 घंटे
- 20424 पातालकोट 2.53 घंटे

### घने कोहरे में भी 'पटरी' पर रहेगी रेल सेवा

उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण रेल परिचालन पर पड़ने वाले असर को कम करने के उद्देश्य से रेलवे ने कई कदम उठाए हैं। यात्रियों को समय पर ट्रेन सेवा उपलब्ध कराने और असुविधा से बचाने रेलवे बोर्ड ने उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधकों को रियल-टाइम निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसके तहत यह व्यवस्था अभी इन जोन में लागू की गई है। इसके तहत ट्रेनों की स्थिति, यात्रियों की जरूरतों और खानपान जैसी व्यवस्थाओं पर तत्काल निर्णय लेने को कहा है। वहीं रेलवे सूत्रों ने जानकारी दी है कि जल्द ही भोपाल रेल मंडल में यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

### वंदेभारत और शताब्दी के लिए अतिरिक्त रैक

*रकोहरे के दौरान ट्रेनें देर से चलने की स्थिति में भी समय पर रवाना हो सकें, इसके लिए वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस के लिए अतिरिक्त रैक उपलब्ध कराए गए हैं। इसके तहत 20 कोच वाली वंदे भारत रैक का उपयोग समय पर परिचालन के लिए हो रहा। इसी तरह एक अन्य 20 कोच की मेंटेनेंस स्पेयर रैक को अब रिजर्व रखा गया है। इसी तरह रेलवे की ओर से 16 कोच वाली वंदे भारत सेवा के विस्तार के लिए नामित एक 20 कोच की रैक को पश्चिम मध्य रेलवे से उत्तर रेलवे में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि कोहरे के कारण प्रभावित सेवाओं को समय पर शुरू किया जा सके।*

### समाधान योजना का लाभ उठाने का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** समाधान योजना में सौ फीसदी तक छूट का लाभ लेने के लिए 31 दिसंबर अंतिम दिन है। बिजली बकायादारों के लिए तीन नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना के अंतिम दिन बुधावर को अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक दूसरा चरण चलेगा, लेकिन उसमें सरचार्ज माफी का प्रतिशत कम हो जाएगा। अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 2 लाख 90 हजार 786 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 304 करोड़ 62 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 161 करोड़ 39 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। इसलिए साल के अंतिम दिन बुधवार 31 दिसंबर को योजना में शामिल होकर उपभोक्ता फायदा ले सकते है।

### कलेक्टरों को नए साल में तीन महीने तक एनएसए के पावर

**भोपाल।** राज्य शासन के पास ऐसी रिपोर्ट है कि कतिपय तत्व साम्प्रदायिक मेल मिलाप को संकट में डालने के लिए और लोक व्यवस्था तथा राज्य की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला काम करने के लिए सक्रिय हैं और उनके सक्रिय रहने की संभावना है, इसलिए प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक जनवरी से 31 मार्च तक ऐसे तत्वों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के अधिकार सौंपे गए हैं। सभी जिला कलेक्टरों को अधिकार दिए गए हैं कि वे अपने जिले की स्थानीय सीमाओं के भीतर एक जनवरी से 31 मार्च के दौरान ऐसे तत्वों के खिलाफ एनएसए की शक्तियों का प्रयोग कर उन्हें जेल में निरुद्ध रख सकेंगे। यह अधिकार एक जनवरी से ही उन्हें केवल तीन महीने के लिए प्रदान किए गए हैं।

### डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी बनीं मानव अधिकार आयोग की सदस्य

**भोपाल।** विदिशा की डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी को मानव अधिकार की सदस्य नियुक्त किया गया है। राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा 29 दिसंबर के जारी आदेश में डॉ. रघुवंशी की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की दिनांक से की गई है।

## मेट्रो: 100-100 करोड़ की 2 टनल बोरिंग मशीनें बेंगलुरु से भोपाल पहुंची

# 65 फीट गहराई में बनेगा प्रदेश का पहला अंडरग्राउंड कॉरिडोर

*मार्च-2026 से टीबीएम मशीनों से टनल बनाने का काम होगा शुरू*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में ऑरेंज लाइन के अंडरग्राउंड कारिडोर बनाने जमीन के नीचे बनने वाले प्रदेश के पहले अंडरग्राउंड कारिडोर के लिए खुदाई करने के लिए टनल बोरिंग मशीनें बेंगलुरू से भोपाल पहुंच चुकी हैं। इनमें यहां पुर्जे जोड़े जाएंगे उसके बाद मशीन की टेस्टिंग की जाएगी। मार्च-2026 से इन मशीनों से अंडर ग्राउंड कारिडोर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इस आधुनिक प्रत्येक मशीन की कीमत 100 करोड़ रुपए है। एक मशीन एक दिन में औसत 15 मीटर तक खोदेगी।

मप्र मेट्रो ने आरेंज लाइन के अंडरग्राउंड सेक्शन के लिए देश की सबसे आधुनिक टनल बोरिंग मशीनें (टीबीएम) खरीदी हैं जो गत दिनों भोपाल पहुंची। इन मशीनों से प्रदेश में पहली बार 3.39 किमी लंबी अंडरग्राउंड मेट्रो टनल बनाई जाएगी, जो पुल पातारा से लेकर सिंधी कालोनी तक फैलेगी। यह टनल भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाकों के नीचे से गुजरेगी। करीब 65 फीट गहराई में बनने वाली यह टनल शहर के ट्रैफिक और विरासत को बिना प्रभावित किए आधुनिक परिवहन की नई राह खोलेगी।

*एक मशीन एक दिन में औसतन 15 मीटर तक करेगी खुदाई*

*टीबीएम मशीनों में जोड़े जाएंगे पार्टस, होगी टेस्टिंग*

*पुल पातरा से सिंधी कॉलोनी तक बनेगी 3.39 किमी लंबी टनल*



### एक साथ बनेंगी ट्विन टनल

*पुल पातारा से लेकर बड़ा बाग सिंधी कालोनी तक ट्विन टनल का काम एक साथ किया जाएगा। इस बीच दो मेट्रो स्टेशन रहेंगे। पहला भोपाल रेलवे स्टेशन और दूसरा नादरा बस स्टैंड। यहां वर्तमान में एसकेवेशन वर्क यानि अंडरग्राउंड सेक्शन का काम चल रहा है। यहां से टीबीएम टनल बनाने का काम शुरू करेगी।*

### एक टनल मशीन की गोलाई 6 मीटर

*एक टनल बोरिंग मशीन की गोलाई 6 मीटर है। एक मशीन एक दिन में औसत 15 मीटर तक खुदाई करेगी। अंडरग्राउंड कारिडोर की खोदाई जमीन से औसत 19 से 20 मीटर, लगभग 65 फीट नीचे होगी। टीबीएम मशीन के आने के बाद अब इनके पार्ट जोड़े जाएंगे। इसके बाद टेस्टिंग की जाएगी। इस प्रोसेस के बाद अंडरग्राउंड खुदाई का काम शुरू होगा। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार मार्च-2026 से इस काम की शुरूआत हो जाएगी।*

### एक नजर में जानें टीबीएम मशीन को

- *लागत-100 करोड़ रुपए*
- *रोज करीब 15 मीटर तक करेगी खुदाई।*
- *आकार- 6 मीटर व्यास (डायमीटर) की गोलाई।*
- *एक साथ दो सुरंगों का निर्माण।*
- *ऐसे करेगी काम*
- *जमीन के नीचे गोलाकार सुरंग बनाएगी।*
- *खुदाई के साथ ही टनल को मजबूत करने का काम करेगी।*
- *इसलिए खास है यह अंडरग्राउंड सेक्शन*
- *मध्य प्रदेश में पहली अंडरग्राउंड मेट्रो टनल*
- *ऐतिहासिक और घनी आबादी वाले इलाके सुरक्षित*
- *ट्रैफिक प्रभावित हुए बिना निर्माण*
- *भविष्य की मेट्रो परियोजनाओं के लिए माडल*

### बीएलओ ने शुरू की नोटिस तामीली
## नो मैपिंग वाले वोटर्स ने दिए दस्तावेज एक हजार का रिकॉर्ड किया अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नो मैपिंग केटगरी में रखा गया है। जिसके तहत मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय ने 92 हजार



मतदाताओं के नोटिस जारी कर दिए हैं। जिनमें से एक हजार मतदाताओं को नोटिस देकर उनके दस्तावेज भी अपलोड कर दिए गए हैं। इधर सौ से अधिक लोगों ने नोटिस लेकर तय तारीख पर दस्तावेज पेश करने की बात कही है। इधर मंगलवार को खानूगांव इलाके में जैसे ही बीएलओ पहुंचे, तो मतदाताओं ने नोटिस देकर दस्तावेज पेश कर दिए। जिन्हें बीएलओ ने मौके पर ही बीएलओ एप्प में अपलोड कर दिया।

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और बैरसिया विधानसभा के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं को गणना पत्रक बांटे गए थे। जिनमें से 4 लाख 38 हजार 875 नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। जिससे जिले में 16 लाख 87 हजार 33 मतदाता शेष बचे हैं। इन मतदाताओं में नो मैपिंग वाले मतदाता भी शामिल हैं। जिसके तहत इन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची के फाइनल ड्राफ्ट रोल में बने रहने के लिए नोटिस जारी कर दस्तावेज लिए जा रहे हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नोटिस बांटने का काम शुरु कर दिया गया है। वार्ड स्तर पर पांच जनवरी से सुनवाई शुरु कर दी जाएगी।

### तेरह हजार ने किया नया आवेदन

जिले में भारी तादाद में नाम काटे जाने के बाद अब तक 13 हजार 311 लोगों ने मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। इन लोगों को भी खुद का या माता-पिता के नाम की जानकारी शपथ पत्र में भरना पड़ रही है। इधर पता और नाम बदलवाने के लिए भी 15 हजार 371 मतदाताओं ने आवेदन किया है।

### ट्रैफिक पुलिस करेगी निगरानी
## दस नंबर मार्केट की सड़क के दोनों ओर डलेगा चूना, अतिक्रमण किया तो एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दस नंबर मार्केट से वंदे मातरम चौराहे तक रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से वाहन चालक तंग आ चुके हैं। जिसको लेकर रोजाना ट्रैफिक पुलिस को जद्दोजहद करना पड़ रही है। ऐसे में समस्या को खत्म करने के लिए मंगलवार को एडीएम अंकुर मेश्राम ट्रैफिक पुलिस के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने पुलिस चौकी से वंदे मातरम चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ चूना डालकर अतिक्रमणकारियों को हटाया जाएगा। इसके साथ सड़कों पर ठेला लगाने वालों को भी सड़कों से हटाने की हिदायत दी गई है।

- जाम को खत्म करने एडीएम अफसरों के साथ सड़क पर उतरे

एडीएम ने बताया कि दस नंबर मार्केट की सड़क पर जाम की लगातार शिकायत मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अफसरों के साथ मौके पर पहुंचकर जाम की मुख्य वजह तलाशी गई है। अफसरों से कहा गया कि सड़क की दोनों तरफ चूना डालकर दुकानदारों को समझाइश दी जाए। यहां ट्रैफिक पुलिस इस सड़क पर जाम की निगरानी भी करेगी।

### सड़क किनारे से हटेंगे बिजली के खंबे

मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ट्रैफिक, पीडब्ल्यूडी और एसडीएम के साथ समन्वय बैठक रखी। जिसमें बताया गया कि ट्रैफिक में रुकावट बनने वाले बिजली के खंभों को सड़कों से हटाया जाए। इसके साथ कलेक्टर ने कहा कि लेफ्ट टर्न के काम शुरु नहीं हुए हैं। इसको लेकर पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बताया कि टैंडर निकाल दिए गए हैं, जल्द ही काम शुरु कर दिया जाएगा।

### पीसीबी की एनओसी नहीं होने पर निगम ने देविका मैरिज गार्डन किया सील



**भोपाल।** नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा के अमले ने मंगलवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं होने पर देविका मैरिज गार्डन को सील करने की कार्यवाई की। निगम की भवन अनुज्ञा शाखा ने जोन क्रमांक 18 के अंतर्गत वार्ड-83 के सलैया स्थित देविका मैरिज गार्डन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी न पाए जाने पर उक्त गार्डन को सील कर दिया।

### रतलाम से भागी युवती ने भोपाल में दर्ज कराई एफआईआर
## माता-पिता सहित मामा 14 साल की उम्र से करा रहे थे देह व्यापार, विरोध करने पर देते थे यातना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के महिला थाना पुलिस ने 21 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसके माता-पिता और दो मामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि चारों उससे जबरन देह व्यापार कराते थे। विरोध करने पर मारपीट करते थे। पूरा घटनाक्रम रतलाम स्थित उसके गांव का है। भोपाल पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर लिया है। अब केस डायरी को रतलाम पुलिस के हवाले किया जा रहा है। टीआई अंजना दुबे के मुताबिक 21 वर्षीय पीड़िता ने वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन के माध्यम से शिकायत की थी। शिकायत में आरोप था कि उसके माता-पिता और दो मामा 14 साल की उम्र से लगातार, रतलाम स्थित गांव वाले घर से उसे देह व्यापार कर रहे थे। विरोध करने पर तरह-तरह की यातनाएं दी जाती थी। लिहाजा मौका पाकर वह गांव से भोपाल भाग आई। पीड़िता की कथन दर्ज करने के बाद जीरो पर केस दर्ज किया है। आगे की कार्रवाई के लिए केस डायरी रतलाम पुलिस के सुपुर्द की जा रही है।

### पुलिस का दावा: जल्द होंगे गिरफ्त में
## सीनियर एडवोकेट के घर डाका डालने वाले बदमाशों का मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एयरपोर्ट रोड स्थित सूरज नगर में सीनियर एडवोकेट अखिलेश श्रीवास्तव के घर डाका डालने वाले बदमाशों का सुराग पुलिस को मिल गया है, जिसके आधार पर पुलिस उनकी घेराबंदी करने में लगी हुई है। भोपाल के बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इतना ही नहीं] रैकी करने के बाद ही बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस टीमें आरोपियों का तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को आपस में लिंक किया तो बदमाशों का लोडिंग वाहन करोंद चौराहे के फुटेज में नजर आया है। पुलिस का दावा है कि जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दरअसल, सूरज नगर के एडवोकेट अखिलेश श्रीवास्तव के सूने घर में 25-26 दिसंबर की रात नकाबपोश आठ बदमाशों ने घर में घुसकर डकैती को अंजाम दिया।

### जिला अध्यक्ष तोमर ने किया ऐलान
## एनएसयूआई में निजी यूनिवर्सिटी की पूरी कार्यकारिणी को किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस संगठन के भीतर जारी नियुक्तियों और आंतरिक खींचतान के बाद अब उसका असर छात्र संगठन एनएसयूआई में भी साफ नजर आने लगा है। भोपाल के सेज विश्वविद्यालय में घोषित एनएसयूआई कार्यकारिणी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भोपाल जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अक्षय तोमर ने इस कार्यकारिणी को अनाधिकृत और असंवैधानिक बताते हुए तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने स्पष्ट किया कि सेज विश्वविद्यालय में एनएसयूआई की जिस कार्यकारिणी की घोषणा की गई, उसकी उन्हें कोई पूर्व जानकारी नहीं दी गई थी। उनका कहना है कि संगठन के संविधान के तहत जिला अध्यक्ष की अनुमति और अनुमोदन के बिना किसी भी कार्यकारिणी का गठन वैध नहीं हो सकता।

### पीसीपीएनडीटी एक्ट पालन नहीं करने पर विभाग ने लिया एक्शन
# नर्वदा इमेजिंग, सेंट्रल हॉस्पिटल में नहीं होगी सोनोग्राफी, मान्यता निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के सोनोग्राफी केंद्र नर्वदा इमेजिंग सेंटर और सेंट्रल हॉस्पिटल में अब मरीजों की सोनोग्राफ नहीं होगी। दस्तावेजों में गड़बड़ी और पीसीपीएनडीटी एक्ट के पालन नहीं करने पर स्वास्थ्य विभाग ने दोनों सेंटरों की मान्यता निरस्त कर दी गई है।

बुधवार को सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने नर्वदा इमेजिंग सेंटर और सेंट्रल हॉस्पिटल की मान्यता निरस्त कर दी। डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई न केवल कानून के उल्लंघन पर चेतावनी है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व जांच से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पर जिन दो सोनोग्राफी केंद्रों की मान्यता निरस्त की गई है, उनमें सुल्तानिया रोड स्थित नर्वदा इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर और मोतिया तालाब स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर शामिल है।



### नर्वदा सेंटर में सोनोग्राफी करने वाले डॉक्टर का नहीं था नाम

सीएमएचओ टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में कई गंभीर कमियां पाई गई। यहां डॉ. नीतिश अरोड़ा अनधिकृत रूप से ईको कार्डियोग्राफी करते मिले। इसके अलावा एएनसी रजिस्टर अधूरा मिला। कई एफ-फॉर्म में रेफर करने वाले चिकित्सक का पता दर्ज नहीं था और सोनोग्राफी करने वाले डॉक्टर का नाम भी अंकित नहीं पाया गया।

### दस्तावेजों की गड़बड़ी पकड़ी

मोतिया तालाब स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई। एफ-फॉर्म पर केंद्र का पीसीपीएनडीटी पंजीयन क्रमांक सही नहीं पाया गया। कई मरीजों के फोन नंबर दर्ज नहीं थे। कुछ फॉर्म में मरीज का नाम, पति का नाम, बच्चों की संख्या, सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सक का नाम, पंजीयन क्रमांक और जांच रिपोर्ट तक का उल्लेख नहीं किया गया था।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत दस्तावेजों का सही और पूर्ण रखरखाव बेहद जरूरी है। यह कानून भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए बनाया गया है। विभाग समय-समय पर सोनोग्राफी केंद्रों का निरीक्षण करता रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ भोपाल**

### बिल्डर सस्ती खेती की जमीन खरीदकर काट रहे कॉलोनियां
## अवैध कॉलोनियों पर फिर कार्रवाई, 113 बिल्डर, किसानों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकार अवैध कॉलोनी काटने को लेकर नियमों में बदलाव करने जा रही है, लेकिन राजधानी के आसपास बिल्डर किसानों से सस्ते दामों में जमीन खरीदकर अवैध कॉलोनियां काटकर मुनाफा कमा रहे हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नए साल पर चिन्हित 113 अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है। अब इन जमीनों पर दर्ज खसरों के आधार पर बिल्डर और किसानों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। राजधानी के आसपास हालात यह हैं कि यहां सड़क, नाली, बिजली-पानी का इंतजाम तक नहीं हैं। अफसरों का कहना है कि इन कॉलोनियों में निवेश करने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं और रजिस्ट्री जैसी समस्याओं में फंस सकते हैं। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने टीमें गठित कर दी हैं, जो मौके पर जाकर जांच करेंगी। पिछले तीन दिनों के दौरान 9 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें नोटिस जारी करने, प्लॉटिंग रोकने और संबंधित बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। आने वाले दिनों में यह अभियान तेज किया जाएगा।

### मिलकर काम करेंगी टीम

जिन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, वहां पर कार्रवाई भी की जाएगी। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं। इसमें सभी एजेंसियां मिलकर काम करेंगी।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

## जैकेट का शेष....

### संयुक्त परिवार....

दादी ने उसे नशे में होने के कारण बच्ची को उठाने से मना किया। लेकिन वह नहीं माना और बच्ची को उठाकर पास के कमरे में ले गया जहां बच्ची के साथ दरिंदगी की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 16 साल की रेप पीड़िता...

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता 16 साल और सात महीने की थी और उसकी प्रेग्नेंसी का समय 29 हफ्ते और एक दिन था, जो डिलीवरी की तय समय सीमा के अंदर आता है।

### दूषित पानी से बुजुर्ग...

हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना और मौतों की आधिकारिक पुष्टि की। इनके नाम नंदलाल पाल (75), उर्मिला यादव (69), उमा कोरी (31), मंजुला पति दिगंबर (74) और सीमा प्रजापत बताए गए हैं। मंगलवार सुबह वर्मा अस्पताल में 75 वर्षीय नंदलाल पाल ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट है, क्योंकि मरीज को हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत थी। हालांकि, परिजनों का स्पष्ट आरोप है कि 28 दिसंबर को दूषित पानी पीने के बाद शुरू हुए उल्टी-दस्त की वजह से ही उनकी हालत बिगड़ी थी। वर्मा हॉस्पिटल में मंगलवार को 5 नए मरीज भर्ती हुए, जबकि फिलहाल 20 लोगों का उपचार जारी है। गंभीर रूप से बीमार अन्य मरीजों को त्रिवेणी हॉस्पिटल और निजी क्लीनिकों में भर्ती कराया गया है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल से 7 मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। 11 मरीज एडमिट हैं। महिला मरीज संतोष को अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया है।
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताया है। मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा की। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी मरीजों का समुचित और उपचार सुनिश्चित किया जाए। इलाज में किसी भी तरह की कमी न रहे और मरीजों को जरूरी दवाइयां, विशेषज्ञ सभी जरूरी संसाधन तुरंत उपलब्ध कराए जाएं।

**मंत्री के बंगले के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन:** दूषित पानी से 3 लोगों की मौतों के मामले में भोपाल युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री ने इंदौर नगर निगम को दोषी बताया है। खत्री अपने कार्यकर्ताओं के साथ हाथों में गंदे पानी बॉटल लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बंगले पहुंचकर बंगले में घुसने की कोशिश की और नारेबाजी कर निगम अफसरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बंगले का घेराव कर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर प्रिंस नवांगे, मो आमिर, दर्शन कोरी, रितेश सोनी, नीरज यादव, दिनेश माली, अनीस शर्मा, मोहन रुडेले, आदि मौजूद थे।

### शौचालय का पानी ...

नर्मदा लाइन में मिल रहा था। जिसे ठीक करने का काम शुरू हो गया। निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने कहा हमने मुख्य लीकेज को खोज कर उसे दुरुस्त कर दिया है, लेकिन अन्य लाइनों में भी हम सैंपल लेकर जांच के लिए भेजेंगे। पूरी लाइन को देखा जा रहा है।

### 150 शिकायतें...

हैं। पानी के नमूनों की जांच की जा रही है और इलाके में वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है।

### आत्महत्या कर ...

तत्काल गाड़ी रोकी और युवक को बचाने के लिए कमरे की तरफ दौड़ लगा दी। उन्होंने कमरे के दरवाजे को तोड़ा और समय रहते युवक को बचाया। युवक की लगभग सांसें थम सी गई थी, लेकिन नागदा टीआई ने हार नहीं मानी और सीपीआर देकर सांसें लौटाईं। युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। टीआई का युवक को सीपीआर देते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर सर्कुलेट हो रहा है।

### आंखों में मिर्ची...

घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के दौरान रास्ते से वाहन निकलते रहे लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया।

### उफ! 10 साल...

मीटर अंदर झाड़ियों के बीच में मिला। फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर गौरव शर्मा के नेतृत्व में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। तेंदुए की लोकेशन पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।

### दार अस सलाम...

बसा है। दार अस सलाम से हमारे विमान ने दोपहर तीन बजे उड़ान भरी। अब इसे मवांजा के विमान तल पर उतरने में साढ़े तीन घंटे लगेंगे तब तक कुछ बातें तंजानिया को लेकर कर लेते हैं। पूर्वी अफ्रीका के इस देश में मानव जाति का इतिहास हजारों नहीं लाखों वर्ष पुराना है। स्थानीय संस्कृति और रहन-सहन को हजारों वर्ष से चुनौती मिलती रही। पहले अरब और फिर यूरोपियन व्यापारियों ने इसे अपने कब्जे में लेकर पर्याप्त दोहन निरंतर किया। यही कारण है कि सोने की खदानें जिस देश में हैं वह आज भी गरीबी के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। मुस्लिम और ईसाई मतावलंबी की बहुलता वाले इस देश में यूरोपियन लोगों का आगमन वास्को डि गामा के साथ हुआ था। पहले पुर्तगाल, फिर जर्मनी और आखिर में ब्रिटिश सत्ता ने इस देश को अपना उपनिवेश बनाए रखा। लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 1961 में इसने स्वतंत्रता हासिल की और अंतरराष्ट्रीय नक्शे पर अपने आपको तंगानिका के नाम से अस्तित्व में लाया। वर्ष 1964 में पड़ोस में स्थित सल्तनत जांजीबार ने भी स्वतंत्रता हासिल कर ली और दोनों इलाकों के एकीकरण के साथ अस्तित्व में आया आज का तंजानिया। तीन घंटे से भी ज्यादा लंबे इस सफर के बाद बेहिसाब शोर करता हमारा विमान मवांजा के विमान तल की उस हवाई पट्टी पर उतर गया। विमानतल कुल जमा दो कमरों का ही था लेकिन व्यवस्थित था। झील किनारे स्थित यह शहर आपको भारत के किसी भी मंझोले किस्म के नगर की याद सहजता से दिला देगा। सेरेंगेटी नेशनल पार्क जाने का उपयुक्त समय सुबह है इसलिए रात यहां ही गुजारना है। तंजानिया से भारत के व्यापारिक संबंध सैकड़ों साल पुराने होने के कारण आपको अपनी मौजूदगी हर जगह महसूस होगी। लेक किनारे जिस होटल में हम रुके वहां रेस्टोरेंट नें खाना खाते समय उसके शेफ से मुलाकात हुई। उसका नाम मनोज है और वह उत्तराखंड से आकर पिछले चार साल से यहां काम कर रहा है। भारतीय बहुत अधिक संख्या में आते हैं इसलिए तमाम होटल भारतीय भोजन उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था रखते हैं। अगले दिन तड़के सात बजे ही हम सेरेंगेट्टी के लिए निकल पड़े। भारत में तो सड़कों की स्थिति में बहुत अधिक सुधार हो चुका है लेकिन यहां अभी बहुत संघर्ष बाकी है। सड़क पर गड्ढे तलाशें या गड्ढों में सड़क, तय करना मुश्किल था। पचास किमी प्रति घंटे की नियंत्रित रफ्तार के साथ हम 11 बजे विश्व प्रसिद्ध सेरेंगेटी नेशनल पार्क के प्रवेश द्वार पर थे। पंद्रह हजार किमी से भी अधिक विस्तारित यह स्थान जैव विविधता और जैव संरक्षण की दृष्टिकोण से दुनियाभर में मिसाल बना हुआ है। वर्ष 1951 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित यह क्षेत्र 1981 में यूनेस्को की विश्व धरोहर में भी शामिल किया गया। राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की वजह बेहिसाब शिकार के चलते उत्पन्न खतरा ही था। यह कितनी हैरानी की बात है कि तंजानिया ने गुलामी के दौर में ही वन्य जीवों को अवैध शिकार से बचाने कदम वर्ष 1951 में ही उठा लिए वहीं हमने यह कदम आजादी के ढाई दशक बीत जाने के बाद 1972 में उठाए। अभी भी अवैध शिकार हमारे तंत्र क लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यहां वाहन चालक ही गाइड और असिस्टेंट की भूमिका में रहता है। हमारे साथ इस भूमिका में हमीद हैं। खराब सड़क पर वाहन पर जितना बेहतर उनका नियंत्रण है, उतनी ही बेहतर उनको इलाके और वन्य जीवों की जानकारी भी है। सेरेंगेटी का अनुभव तीन आपसे कल साझा करेंगे लेकिन आपकी जानकारी के लिए सेरेंगेटी नाम मसाई भाषा के शब्द सेरेंगेट से निकला है, जिसका अर्थ है घास का अंतहीन मैदान। यह उद्यान नाम के अनुरूप ही है। मीलों दूर तक वृक्ष रहित घास के मैदान चहुंओर आपको दिखाई देंगे। बचपन में भूगोल की किताबों में आपने सवाना के जिन घास के मैदानों के बारे में पढ़ा था, वह यहीं हैं। प्रवेश संबंधित कागजी औपचारिकताएं हमीद ने ही बिना हमें वाहन से उतारे पूरी करा लीं, और हम इस अभ्यारण्य में दाखिल हो गए।

## पेज एक का शेष....

### भारत सुधार के...

कि दुनिया अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति में आई तेजी की सराहना करती है, जो विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हैं और देश की विकास क्षमता को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कई लोगों से कहता रहा हूं कि भारत सुधार के दौर में है। इस सुधार का प्राथमिक इंजन भारत की जनसंख्या, हमारी युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस है।

### यात्रियों की सहायता ...

मदद के लिए तैनात हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने भी प्रभावित हवाई अड्डों पर सहायता टीमें तैनात की हैं।

### कई जगह दृश्यता...

मौसम और ऑपरेशनल कारणों के चलते 118 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें से छह उड़ानें ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द की गईं, जबकि बाकी अलग-अलग हवाईअड्डे पर खराब मौसम की वजह से कैंसिल हुई हैं। घने कोहरे के कारण अकेले दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें आगमन और प्रस्थान की 64-64 उड़ानें शामिल थीं। आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा। लगभग 470 उड़ानें विलंबित हुईं। इनमें प्रत्येक उड़ान के प्रस्थान में औसतन 24 मिनट की देरी हुई।

### इंडिगो की 118 ....

80 फ्लाइट्स में से आधी दिल्ली एयरपोर्ट से कैंसिल की गईं और बाकी में मुंबई, बेंगलुरु, कोचीन, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, देहरादून, इंदौर, पटना और भोपाल जैसे एयरपोर्ट से आने-जाने वाली फ्लाइट्स शामिल थीं।

### खड़े कंटेनर से ....

को तत्काल एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का उपचार जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों में जारी है। जानकारी के अनुसार तूफान वाहन में सवार सभी लोग कटनी जिले से प्रयागराज अस्थि विसर्जन के लिए जा रहे थे।

### बुरहानपुर में पत्नी ...

कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बुरहानपुर से लगभग 5 किमी दूर बहादुरपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना घटी है। मंगलवार की सुबह में पति अरुण ने अपनी पत्नी ज्योति को जिंदा जला दिया। जानकारी के अनुसार महिला ज्योति का दो दिनों से पति के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा था। वहीं, विवाद के दौरान आरोपी की भाभी जब बचाव करने आईं तो उन पर भी हमला किया है।

मौके पर जब लालबाग पुलिस पहुंची, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए ज्योति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, घटना के बाद महिला के परिजनों ने पति पर आरोप लगाया कि पति अरुण अक्सर उसके साथ विवाद करता था। साथ ही मारपीट करता था।

### देवास में बुजुर्ग ...

अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे निलेश पटेल ने बताया कि सोमवार रात गांव के ही राजेश पिता सालगराम और उसके बेटे राजवीर ने उनके पिता को घेर लिया और लाठियों से जमकर मारपीट की। जब वह मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपी उन्हें छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद परिजन तुरंत मांगीलाल को अस्पताल लेकर पहुंचे। डीएसपी संजय शर्मा ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज, दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### रेहान ने गर्लफ्रेंड ...

को डेट कर रहे थे। वाड्रा परिवार ने भी इस रिश्ते को मंजूरी दे दी थी। वहीं, अब दोनों की सगाई हो चुकी है। अवीवा बेग की बात करें, तो वो दिल्ली की रहने वाली हैं। उनका परिवार वाड्रा परिवार का करीबी माना जाता है। दोनों परिवारों ने रेहान और अवीवा के रिश्ते को स्वीकार कर लिया है। रेहान वाड्रा पेशे से वर्चुअल आर्टिस्ट हैं, जो 10 साल की उम्र से दुनिया के अलग-अलग कोनों की खूबसूरत तस्वीरें खींचते रहे हैं। रेहान कमर्शियल फोटोग्राफी के साथ-साथ वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी भी करते हैं। 2017 में स्कूल क्रिकेट मैच के दौरान रेहान की आंख में चोट लग गई थी। मगर, इसके बाद भी उन्होंने अपना पैशन नहीं छोड़ा। वो कई प्रदर्शनियों में हिस्सा ले चुके हैं। 2021 में उन्होंने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित 'डार्क परसेप्शन' से सोलो प्रदर्शनी में डेब्यू किया था।

### हिंदुओं को ...

नरसिंहानंद ने अपने बयान में हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी व उनके संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से तलवार के वितरण को उचित ठहराया। हालांकि इसे अपर्याप्त बताते हुए उनसे इस्लामिक जिहादियों से बेहतर हथियार बांटने का आह्वान किया। बांग्लादेश में बढ़ी धार्मिक हिंसा का हवाला देते हुए यति नरसिंहानंद ने कहा कि हिंदुओं का कत्ले आम हो रहा है। इस कारण पूरे हिंदू समाज अवसाद में है। यति नरसिंहानंद ने आगे कहा कि हिंदू युवाओं से बजरंग दल, ये दल, वो दल छोड़कर आईएसआईएस जैसा संगठन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अब राजनीति से प्रेरित संगठनों की कोई जरूरत नहीं है। बल्कि ऐसे संगठनों की जरूरत है जैसा इराक में आईएसआईएस है। अब इसी तरह के हिंदू संगठन बनने चाहिए। ऐसे संगठन ही अब हिंदुओं को बचा सकते हैं, वरना तो हिन्दू बिल्कुल मरने को तैयार हो गया है।

### सात यात्रियों की ...

पता किया जा रहा है। अनुमान है कि चालक का नियंत्रण खो जाने की वजह से यह हादसा हुआ। मृतकों में पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

### कश्मीर-शिमला नहीं,...

में प्रदेश के कल्याणपुर(शहडोल) और नौगांव के मुकाबले कम सर्दी रही है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश में मंगलवार को सबसे कम रात का पारा 1.7 डिग्री कल्याणपुर में रहा, जो कश्मीर, शिमला सहित अन्य पहाड़ी इलाकों से भी कम है। प्रदेश के उज्जैन में पिछले साल पारा डेढ़ डिग्री के करीब तक रहा है। इस सीजन में सबसे कम पारा कल्याणपुर, नौगांव में दर्ज होने से यहां ओस जम गई है। कई जिलों में अति घना कोहरा रहा, जिससे यातायात बाधित रहा है।

### दोपहर 1 बजे ....

अनुसार बुधवार को भी भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, टीकमगढ़, मैहर, छतरपुर, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, उमरिया, नौगांव जिलों में शीतलहर, कल्याणपुर (शहडोल) जिले में तीव्र शीतलहर का प्रभाव रहा।

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड / भवन क्रमांक 941 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री तेजपाल सोनी आत्मज स्व. श्री डी.पी. सोनी के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 4229-33 दिनांक 07/05/1993 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/10/1991 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री तेजपाल सोनी आत्मज स्व. श्री डी.पी. सोनी की दिनांक 06/04/2006 एवं श्री राज कुमार सोनी आत्मज स्व. श्री तेजपाल सोनी (पुत्र) की दिनांक 15/10/2020 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी/पुत्र/बहू 1) श्रीमती किरण सोनी पत्नी स्व. श्री तेजपाल सोनी 2) श्री नरेश सोनी आत्मज स्व. श्री तेजपाल सोनी 3) श्रीमती संगीता सोनी पत्नी स्व. श्री राज कुमार सोनी के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1) श्रीमती किरण सोनी पत्नी स्व. श्री तेजपाल सोनी 2) श्री नरेश सोनी आत्मज स्व. श्री तेजपाल सोनी 3) श्रीमती संगीता सोनी पत्नी स्व. श्री राज कुमार सोनी के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2, लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**
**दूरभाष 0755 2465467**

क्रमांक 11/व.ले.लि./सी.2/2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** भोपाल, दिनांक 24.12.2025

निम्न लिखित कार्यो हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | एन.आई टी.क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाखों में) | अमानत राश | निविदा प्रपत्र का मूल्य | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 48/SAC dt 23.12.2025 | 2025_ CPA_ 470737_1 | वल्लभ भवन भोपाल में मंत्रालय वल्लभ भवन 2, 3 एम.एल.सी.पी., पुलिस बैरक, रिकार्ड रूम, का फायर फाईटिंग सिस्टम का ऑपरेशन एवं मेन्टेनन्स संबंधी कॉम्प्रेहेन्सीव कॉन्ट्राक्ट का कार्य. | रू. 230.75 लाख (रू. दो करोड़ पिचहत्तर हजार) तीस लाख | रू. 2,30,750/- | रू. 15,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है |
| 2. | 49/SAC dt 23.12.2025 | 2025_ CPA_ 470738_1 | शासकीय आट्र्स एवं कॉमर्स (नवीन) महाविद्यालय, भोपाल में नवीन भवन निर्माण, रिनोवेशन का कार्य | रू. 357.63 लाख (रू.तीन करोड़ सत्तावन लाख त्रियसठ हजार) | रू. 3,57,630/- | रू. 15,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है |
| 3. | 50/SAC dt 23.12.2025 | 2025_ CPA_ 470739_1 | सतपुड़ा भवन स्थित उच्च शिक्षा विभाग (रूसा) में इंटीरियर रिनोवेशन एवं अन्य कार्य | रू. 282.79 लाख (रू.दो करोड़ बयासी लाख उन्यासी हजार) | रू. 2,82,790/- | रू. 15,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है |
| 4. | 51/SAC dt 23.12.2025 | 2025_ CPA_ 470740_1 | राजधानी उपसंभाग क्र.4, लो. नि.वि. के अर्न्तगत मंत्रालय वल्लभ भवन क्र. 1 में वार्षिक मरममत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण कार्य | रू. 50.00 लाख (रू. पचासलाख) | रू. 50,000/- | रू.5,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है |
| 5. | 52/SAC dt 23.12.2025 | 2025_ CPA_ 470741_1 | राजधानी उपसंभाग क्र.4, लो. नि.वि. के अर्न्तगत मंत्रालय वल्लभ भवन क्र. 1 में आंतरिक एवं बाहरी पुताई, पेन्टिंग कार्य | रू. 50.00 लाख (रू. पचास लाख) | रू. 50,000/- | रू.5,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09/01/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है ।

**कार्यमलन यंत्री,**
**राजधानी संभाग क्रमांक-2 लोक निर्माण विभाग,**
**5. अरेरा कालोनी, भोपाल दूरभाष - 0755 2465467**

जी- 23584/25 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
**हरिभूमि क्लासीफाइड**
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6094



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -6093 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | ■ | ■ | कु | रा | न | ■ |
| था | न | ■ | र | ■ | कै | ला | श | ■ | भ | ला |
| वा | ■ | ■ | खा | विं | द | ■ | ल | ■ | ■ | य |
| च | म | क | ना | ■ | ■ | त | ■ | क | स | क |
| क | ■ | या | ■ | क | ल | क | ल | ■ | ली | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | ल | ■ | रा | ■ | शा | म | ■ |
| ■ | रा | ■ | क | र | ता | र | ■ | म | ■ | ख |
| श | म | न | ■ | व | ■ | ■ | म | त | ल | ब |
| ह | ■ | ■ | म | ■ | दा | म | न | ■ | ■ | र |
| र | थ | ■ | ग | र | म | ■ | च | ■ | दा | दा |
| ■ | ल | की | र | ■ | ■ | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल - 6104

★★★✫✫ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6103 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी ।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## खबर संक्षेप




### पीएंडजी होम प्रोडक्ट्स का लाभ 19.1 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** एरियल व टाइड जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड का प्रबंधन करने वाली प्रॉक्टर एंड गैम्बल (पीएंडजी) होम प्रोडक्ट्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध लाभ 19.1 प्रतिशत बढ़कर 683.29 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय भी 3.4 प्रतिशत बढ़कर 9,054.11 करोड़ रुपये हो गई। बिजनेस इंटेलिजेंस मंच 'टोफ्लर' से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए इसकी कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) करीब दो प्रतिशत घटकर 9,228.83 करोड़ रुपये रह गई।


### गुजरात किडनी का शेयर 5.92 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा कंपनी गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशलिटी लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 114 रुपये के मुकाबले आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 5.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 120.75 रुपये के भाव पर शुरुआत की। कारोबार के दौरान 123.25 रुपये के उच्च तथा 103 रुपये के निम्न स्तर तक पहुंचा। अंत में 8.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.65 रुपये पर बंद हुआ।




### एस्कॉर्ट्स कुबोटा को मिला 3.4 करोड़ का कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** कृषि एवं निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को महाराष्ट्र के कर अधिकारियों ने 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' की पात्रता से जुड़े एक मामले में 3.4 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि महाराष्ट्र के पुणे साउथ के सहायक राज्य कर आयुक्त ने इस मामले में 1,76,29,853 रुपये का कर मांग नोटिस जारी किया है।




### हुंडई मोटर का वाणिज्यिक परिवहन खंड में प्रवेश

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने 'प्राइम टैक्सी' श्रृंखला के साथ वाणिज्यिक परिवहन खंड में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, 'फ्लीट' संचालकों एवं टैक्सी उद्यमियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई इस श्रृंखला में 'प्राइम एचबी' (हैचबैक) और 'प्राइम एसडी' (सेडान) मॉडल शामिल हैं।




# जापान को पीछे छोड़ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। एक सरकारी बयान में यह कहा गया। भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है।

**अमेरिका के बाद चीन दूसरे स्थान पर**

एक सरकारी बयान के अनुसार, ''भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है।'' दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन दूसरे स्थान पर है।

### एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई

**घरेलू कारकों ने विस्तार को दिया सहारा**

बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई।

**अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने की पुष्टि**

बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।




**भारत जी-20 में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा**

वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

### गवर्नर ने 2025 को दुर्लभ रूप से संतुलित आर्थिक दौर करार दिया

# आरबीआई से 2026 में और प्रोत्साहन की उम्मीद, रुपए के प्रबंधन पर रहेंगी निगाहें

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची महंगाई के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025 में छह मौद्रिक नीति समीक्षाओं में चार में अपनी प्रमुख नीतिगत दरों में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसे अर्थव्यवस्था के लिए एक 'दुर्लभ रूप से संतुलित आर्थिक दौर' करार दिया। मल्होत्रा ने फरवरी में अपने पहले नीति बयान से ही वृद्धि को समर्थन देने के लिए दरों में कटौती की शुरुआत की थी।

> ■ छह मौद्रिक समीक्षाओं में चार में नीतिगत दर में कटौती की

इसके बाद जून में भी उन्होंने 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की, क्योंकि कम महंगाई से नीति में ढील देने की गुंजाइश बनी। नौकरशाह से केंद्रीय बैंक के गवर्नर बने मल्होत्रा ने पद संभालने के एक वर्ष पूरे होने पर मौजूदा स्थिति को भारत के लिए 'दुर्लभ रूप से संतुलित आर्थिक दौर' करार दिया, जिसमें अमेरिका के शुल्क और भू-राजनीतिक बदलाव जैसे प्रतिकूल कारकों के बावजूद वृद्धि दर आठ प्रतिशत से ऊपर रही और महंगाई एक प्रतिशत से नीचे रही।




**आगे वृद्धि का रफ्तार कुछ नरम पड़ेगीः** गवर्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार कुछ नरम पड़ेगी और महंगाई बढ़कर आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के करीब पहुंचेगी। चालू कीमतों पर जीडीपी वृद्धि कम रहने को लेकर चिंताओं के बीच मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के कदम वास्तविक जीडीपी के आधार पर तय होते हैं, जो महंगाई घटाने के बाद सामने आती है।

**महंगाई के आंकड़े आरबीआई के अनुमान से कम**

वास्तविक महंगाई के आंकड़े आरबीआई के अनुमानों से काफी कम रहे, जिससे केंद्रीय बैंक की पूर्वानुमान क्षमता को लेकर कुछ सवाल उठे। इस पर डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि आकलन में किसी तरह का प्रणालीगत पक्षपात नहीं है। दर कटौती और उधारी लागत में गिरावट की स्पष्ट अपेक्षाओं के चलते आरबीआई के कदम से बैंकों को झटका लगा।

**नौ माह में 38 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार बेचा**

केंद्रीय बैंक का कहना है कि उसका बाजार में हस्तक्षेप किसी स्तर को बचाने के लिए नहीं, बल्कि उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए होता है। इसके बावजूद घरेलू मुद्रा के कमजोर होने के बीच आरबीआई ने वर्ष के पहले नौ महीनों में 38 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार बेचा। विशेषज्ञों का मानना है कि रुपये का प्रबंधन आगे भी केंद्रीय बैंक के लिए चुनौतीपूर्ण बना रहेगा।

**मुख्य आय में गिरावट से बैंक हुए प्रभावित**

शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में कमी और मुख्य आय में गिरावट से बैंक प्रभावित हुए। हालांकि, अर्थव्यवस्था में पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करने और खास तौर पर नियामकीय ढील जैसे कदमों ने असर को कुछ हद तक कम किया। पूरे साल नियामकीय ढील के लिए कई उपाए किए गए। अक्टूबर की मौद्रिक नीति घोषणा इसका चरम रही, जिसमें 22 नियामकीय उपाय शामिल थे, जिनमें कुछ उपाए आमतौर पर सतर्क माने जाने वाले आरबीआई जैसे संस्थान के लिए असामान्य थीं।

**सबसे बड़ी चुनौती रुपए का डॉलर के मुकाबले फिसलना रहा**

इनमें बैंकों को भारतीय कंपनियों द्वारा वैश्विक अधिग्रहणों के लिए वित्तपोषण की अनुमति देना शामिल है। मल्होत्रा का जोर ग्राहकों के प्रति संवेदनशीलता और शिकायतों का तेजी से समाधान करने पर रहा है, जो उनके कई भाषणों और टिप्पणियों में झलकता है। आरबीआई ने 2025 में अपने 90 वर्ष पूरे किए और इस साल उसके लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक रुपया का डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे फिसलना रहा।

# गूगल उपयोगकर्ता मौजूदा डेटा खोए बिना जीमेल आईडी बदल सकेंगे

### फीचर को चरणबद्ध तरीके से जारी करना शुरू किया

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

गूगल खाताधारक अब अपनी प्राथमिक 'एट जीमेल डॉट कॉम' ईमेल आईडी को नई आईडी में बदल सकेंगे और उनके मौजूदा खाते का सारा डेटा सुरक्षित रहेगा। प्रौद्योगिकी दिग्गज गूगल ने इस फीचर को चरणबद्ध तरीके से जारी करना शुरू कर दिया है। यह अपडेट फिलहाल गूगल के आधिकारिक सपोर्ट पेज के कुछ भाषा संस्करणों पर दिखाई दे रहा है। इसके अनुसार, खाते में सेव किया गया डेटा - जिसमें फोटो, संदेश और ईमेल शामिल हैं - नई जीमेल आईडी पर जाने के बाद भी पूरी तरह अप्रभावित रहेगा। गूगल की वेबसाइट के मुताबिक, ''गूगल खाते से जुड़े ईमेल पता का उपयोग आप गूगल की सेवाओं में साइन इन करने के लिए करते हैं। यह ईमेल पता आपको और दूसरों को आपके खाते की पहचान करने में मदद करता है।

> ■ अपडेट फिलहाल गूगल के आधिकारिक सपोर्ट पेज पर




**जीमेल, मैप्स और यूट्यूब में साइन कर सकेंगे**

उपयोगकर्ता पुराने या नए, दोनों ईमेल पतों का उपयोग करके जीमेल, मैप्स, यूट्यूब और ड्राइव जैसी गूगल सेवाओं में साइन इन कर सकेंगे। यह फीचर खाते के प्रबंधन को आसान बनाता है, लेकिन गूगल ने कहा कि इसे चरणों में लागू किया जा रहा है और यह तुरंत सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध नहीं हो सकता।

**नए जीमेल पता के बाद 12 महीने नया पता नहीं बना सकेंगे**

कंपनी ने यह भी बताया कि नया जीमेल पता बनाने के बाद अगले 12 महीनों तक कोई और नया पता नहीं बनाया जा सकेगा, हालांकि पुराने पते का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है। यह जानने के लिए कि फीचर आपके खाते में सक्रिय है या नहीं, इसके लिए उपयोगकर्ता गूगल अकाउंट की 'पर्सनल इन्फॉर्मेशन' श्रेणी में 'ईमेल' खंड देख सकते हैं।

# शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स में मामूली नुकसान

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

शेयर बाजार में साल की समाप्ति से पहले हुए हल्के कारोबार में मंगलवार को मामूली गिरावट आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और वैश्विक शेयर बाजारों में नरम रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन गिरावट आई और यह 20.46 अंक गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 84,806.99 के ऊपरी और 84,470.94 के निचले स्तर तक गया। इसमें कुल 336.05 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी 3.25 अंक की नाममात्र की गिरावट के साथ 25,938.85 अंक पर स्थिर बंद हुआ।

> ■ विदेशी संस्थागत निवेशक की लगातार पूंजी निकासी जारी रही



**एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख**

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में मामूली बढ़त थी। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

**इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान**

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

# चांदी 2.41 लाख रुपए प्रति किलो के नए रिकॉर्ड पर

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

मजबूत वैश्विक संकेतों के अनुरूप मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये उछलकर 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 2,800 रुपये टूटकर 1,39,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रही। सोमवार को यह 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर चांदी 3.72 डॉलर यानी 5.15 प्रतिशत बढ़कर 75.85 डॉलर प्रति औंस पर रही, जबकि सोना 69.61 डॉलर यानी 1.61 प्रतिशत बढ़कर 4,401.59 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। बाजार सूत्रों ने कहा कि मजबूत औद्योगिक मांग और वैश्विक कीमतों में तेजी से स्थानीय बाजार में चांदी को बढ़ावा मिला।



# दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटा

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात तेजी से घट सकता है, लेकिन यह गिरावट आपूर्ति स्रोतों में किसी संरचनात्मक बदलाव के बजाय अल्पकालिक बाधाओं को दर्शाती है। ताजा आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रहने का अनुमान है, जो नवंबर में 18.4 लाख बीपीडी था। यह स्तर दिसंबर 2022 के बाद सबसे निचला होगा। भारतीय रिफाइनरी गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखे हुए हैं। विश्लेषकों ने अक्टूबर में ही इस गिरावट की ओर इशारा किया था। ऐसा रूस के शीर्ष निर्यातकों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी कार्रवाई तथा रूस से जुड़े उत्पाद प्रवाह पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के चलते हुआ।



**भारत दुनिया का तीसरा बड़ा तेल आयातक**

यह एक अल्पावधि का समायोजन लगता है, और जनवरी से नए बिचौलियों के आने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं के दोबारा स्थापित होने के साथ आयात में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है।'' भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और वह फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था।

# ब्लिंकिट के सीएफओ विपिन कपूरिया ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इटर्नल के स्वामित्व वाली त्वरित वाणिज्य कंपनी ब्लिंकइट के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) विपिन कपूरिया ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटनाक्रम से परिचित लोगों ने बताया कि कपूरिया ब्लिंकइट से ''अलग हो गए हैं।'' हालांकि, इस संबंध में ब्लिंकइट या उसकी मूल कंपनी इटर्नल की ओर से कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया। कपूरिया फ्लिपकार्ट के पूर्व कार्यकारी रह चुके हैं और एक साल पहले की ब्लिंकइट के साथ जुड़े थे। कपूरिया ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है और कंपनी की प्रतिद्वंद्वी जेप्टो ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 11,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं।

blinkit

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग
क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/1694/प.यं/भोपाल-02/तशा/2025
भोपाल, दिनांक 29.12.2025

प्रेस विज्ञप्ति

बाह्य विद्युतीकरण कार्य सीएम राइज़ सांदीपनि उ.मा.वि. महात्मा गांधी बी.एच.ई.एल. भोपाल के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-26/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. - 2025_MPPHC_471665_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.01.2026 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123723/2025 — परियोजना यंत्री

### सेंसेक्स ने वर्ष में आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की

# निवेशकों की संपत्ति 30.20 लाख करोड़ बढ़ी

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

विदेशी निवेशकों की निकासी, शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं, ऊंचे मूल्यांकन और रुपये की कमजोरी जैसी कई चुनौतियों के बावजूद बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त से इस साल दलाल स्ट्रीट के निवेशकों की संपत्ति 30.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विश्लेषकों ने कहा कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन और सुदृढ़ व्यापक आर्थिक स्थिति, खासकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में तेज से शेयर बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया।

> ■ सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण बढ़कर 4,72,15,483 .12 करोड़ रुपए हुआ

**बाजार को मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन मिला**

इनक्रेड वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नितिन राव ने कहा, '' विदेशी निवेशकों की निकासी एक चुनौती बनी रही, इसके बावजूद बाजार की मजबूती स्पष्ट दिखी। 2025 में भारतीय बाजार के प्रमुख कारकों में मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन शामिल रहा।''



**सेंसेक्स ने 86,159.02 का उच्च स्तर छुआ :** बीएसई का 30 शेयर आधारित सेंसेक्स 29 दिसंबर तक 6,556.53 अंक यानी 8.39 प्रतिशत चढ़ा। एक दिसंबर को इसने 86,159.02 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। इस साल अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 30,20,376.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,72,15,483.12 करोड़ रुपये (करीब 5250 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया।

**टाटा कैपिटल का निर्गम सबसे बड़ा रहा**

इस साल आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) की रिकॉर्ड संख्या ने भी बाजार को मजबूती दी। प्रमुख आईपीओ में टाटा कैपिटल का 15,512 करोड़ रुपये का निर्गम सबसे आगे रहा। इसके बाद एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज (12,500 करोड़ रुपये), एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (11,607 करोड़ रुपये), हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज (8,750 करोड़ रुपये), लेंसकार्ट सॉल्यूशंस (7,278 करोड़ रुपये) और बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स (6,632 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

**सूचकांकों में सीमित बढ़त**

'' कई वर्षों तक दोहरे अंक के मजबूत 'रिटर्न' के बाद इस साल मानक सूचकांकों में अपेक्षाकृत सीमित बढ़त रही। सेंसेक्स और निफ्टी में साल भर में करीब 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वैश्विक प्रतिकूलताओं, विदेशी पूंजी की निकासी और मूल्यांकन में सुधार के बीच यह प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।''

**बाजार में धारणा सतर्क बनी रही**

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि घरेलू स्तर पर बाजारों को कमजोर कॉरपोरेट आय वृद्धि, ऊंचे मूल्यांकन, रुपये की कमजोरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी का सामना करना पड़ा जिससे स्थिर व्यापक आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद धारणा सतर्क बनी रही।

कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
Fax NO.-07786-242230 Email- cmokondagaon.2010@rediffmail.com

-:: ई-प्रोक्युरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-
Main Portal: (https://eproc.cgstate.gov.in)

क्रमांक/ 4766/ न.पं./ लो.नि.वि./ 2025 — कोण्डागांव, दिनांक 30.12.2025

नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | ई-टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | 182615 | CONSTRUCTION OF SAMUDAIK BHAVAN NEAR KRISHNA KUNJ AT KOPABEDA WARD-15, KONDAGAON. (1st Call) | 25.00 | 22.01.2026 | 0.19 |
| 2 | 182617 | CONSTRUCTION OF MINI STADIUM AT NAGAR PALIKA PARISHAD, KONDAGAON. (1st Call) | 195.55 | 22.01.2026 | 01.47 |
| 3 | 182618 | REVAMPING OF MATERIAL RECOVERY FACILITY (MRF) INCLUDING INSTALLATION OF MACHINERY AND CONSTRUCTION OF COMPOST PLANT IN MUNICIPAL AREA OF KONDAGAON, CHHATTISGARH (1st Call) | 107.87 | 22.01.2026 | 0.81 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

## चिंतन

# चीन के नियम '50' से सीख ले भारत

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच चीन अब लगातार अपने देश में बने सामान को ही बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए ड्रैगन 50 फीसदी का नया नियम लेकर आया है। यह नियम सभी चिप कंपनियों पर लागू होगा। इसके तहत अब चीन में लगने वाली नई या पुरानी फैक्ट्रियों का विस्तार करने के लिए कम से कम 50% उपकरण चीन में ही बने हुए इस्तेमाल करने होंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकार चाहती है कि देश में ही चिप बनाने का पूरा सामान तैयार हो जाए, ताकि उसे दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। इस नियम का उद्देश्य खुद की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को मजबूत करना है। इससे चीन में चिप बनाने वाली कंपनियों को अपने उपकरणों के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहना होगा, जिससे चीनी कंपनियों को बड़ा फायदा होगा। इस नए नियम का अमेरिकी कंपनियों पर भी काफी प्रभाव पड़ सकता है। चीन ने अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन, एल3 हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज और बोइंग जैसी बड़ी रक्षा कंपनियां शामिल हैं। वहीं, चीन के नियम-50 से भारत को भी सीख लेनी चाहिए, ताकि भारत का वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का मिशन सफल हो सके। बता दें कि यह एक बहुत बड़ा कदम है जो चीन ने उठाया है। चीन अब विदेशी तकनीक पर अपनी निर्भरता कम करता जा रहा है। यह कोशिश तब और तेज हो गई, जब साल वर्ष 2023 में अमेरिका ने एक्सपोर्ट पर और सख्त नियम बना दिए थे। अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड एआई चिप्स और चिप बनाने वाले उपकरण बेचने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, अमेरिका के इन नियमों ने कुछ सबसे एडवांस्ड मशीनों की बिक्री रोक दी, लेकिन 50% वाले इस नियम की वजह से चीनी कंपनियां अब उन जगहों पर भी अपने देश के सप्लायर्स को चुन रही हैं, जहां अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के विदेशी उपकरण उपलब्ध हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग लगातार यह कहते रहे हैं कि देश को चिप बनाने के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'पूरे देश' को मिलकर प्रयास करना होगा। भारत भी चीन से इस मामले में कुछ सबक ले सकता है। चिप निर्माण में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत अभी सेमीकंडक्टर बनाने के लिए जरूरी मशीनें, केमिकल और वेफर्स जैसे सामान दूसरे देशों से खरीदता है। ये सामान ताइवान, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से आते हैं, लेकिन अब भारत सरकार 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आईएसएम) के तहत खुद सेमीकंडक्टर बनाने की क्षमता बढ़ा रहा है। भारत भी इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है, ताकि दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो। भारत को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए चीन जैसे नियम को अपनाना चाहिए। भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी। अपने व्यापारिक संबंधों को विविध बनाने और चीन के अलावा अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। भारत को अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने और वैश्विक व्यापारिक संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके अलावा, भारत को विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास करने चाहिए, अपनी प्रौद्योगिकी विकसित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए, ताकि भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सके और देश का आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके।

# भारत का साथ जरूरी या केवल दिखावा



सुरक्षा रणनीति
डॉ. एन.के. सोमानी

**संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है।**

चीन और यूरोप के साथ संबंधों में तनातनी के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त (20 पेज) होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है।

ड्राफ्ट में अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक, रणनीतिक और अन्य द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने की बात कही गई है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि भारत के साथ मजबूत सहयोग से न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि भारत को क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। ड्राफ्ट की दिलचस्प बात यह है कि एक तो ट्रंप प्रशासन इसमें रूस के साथ कदम-ताल करते दिख रहा है और दूसरा सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट से पाकिस्तान को लगभग गायब कर दिया गया है। यह पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है खासतौर से फील्ड मार्शल असीम मुनीर के लिए।राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अमेरिका की कार्यकारी शाखा द्वार समय-समय पर तैयार किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें देश की सुरक्षा संबंधी चिंताओं और प्रशासन द्वारा उनसे निपटने की योजनाओं का विवरण दिया जाता है।

गोल्डवाटर-निकोलस अधिनियम के आधार पर निर्मित सुरक्षा रणनीति का कार्यन्वयन राष्ट्रीय सैन्य रणनीति जैसे सहायक दस्तावेज में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाता है। साल 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार व्हाइट हाउस में आए उस वक्त उन्होंने अपने पूर्ववर्ती शासनाध्यक्षों द्वारा निर्मित विदेश नीति के सिद्वांतों से अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। नई सुरक्षा रणनीति में वह एक कदम ओर आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं। 2025 की रणनीति में मुख्य फोकस अमेरिकी पहचान तथा संस्कृति को स्थापित करने के लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) के आर्दश पर रखा गया है। अमेरिका ने हाल के वर्षों में असाधारण प्रगति हासिल की है और आने वाले समय में वह अपनी राष्ट्रीय-शक्ति के सभी पहलुओं को और सुदृढ करेगा। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि नई रणनीति सुनिश्चित करेगी कि अमेरिका विश्व इतिहास का सबसे महान और सबसे सफल राष्ट्र रहे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि नई सुरक्षा रणनीति का दस्तावेज 'अमेरिका फर्स्ट' की भावना से भरा हुआ हैं। लेकिन अहम सवाल यह है कि न्यू सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत के उल्लेख का निहितार्थ क्या है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रणनीतिक जरूरतों को छोड़ कर शेष वैश्विक संदर्भ में अमेरिका भारत को किस नजरिए देखता है, खासकर पाकिस्तान और भारत-रूस मैत्री संबंधों के संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। दरअसल जिस तरह से ट्रंप ने सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में यूरोप के प्रति खीज का प्रदर्शन किया है और भारत को 'जरूरत के साथी' के तौर पर दिखाया है, उससे साफ है कि पूरा दस्तावेज भ्रम और उलझन का गड़बड़ झाला बन गया है। दस्तावेज कुछ



निश्चित और कुछ अनिश्चित तत्वों की ओर भी संकेत कर रहा है। जहां तक अनिश्चितंता का सवाल है तो यह उनकी स्वभावगत विशेषता है और इसकी नींव ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन रख दी गई थी। ग्यारह माह की अपनी राजनीतिक यात्रा में वह इससे इंच भी इधर-उधर नहीं हुए। हां, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत को महत्पूर्ण रणनीतिक साझेदार मानना उनके प्रशासन में कुछ हद तक निश्चिता का संकेत है।

सुरक्षा रणनीति किसी देश या संगठन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, खतरों का सामना करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली एक व्यापक योजना होती है। चूंकी सुरक्षा रणनीति में चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इसलिए सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रमुख क्षेत्र बताया गया है। अमेरिका मानता है कि तकनीक के मोर्चे पर भारत के साथ जुड़ाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। यह सहयोग न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद होगा बल्कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी मददगार होगा। इसके अलावा साउथ चाइना सी (दक्षिण चीन सागर) में चीन द्वारा उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के साथ तालमेल को महत्वपूर्ण बताया गया है। नई सुरक्षा रणनीति के दस्तावेज में इस बात का दावा भी किया गया है कि अमेरिका एक स्वतंत्र और संप्रभु गणराज्य रहेगा। अमेरिका का दायित्व अपने नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। इसमें मजबूत सीमाएं, आव्रजन पर नियंत्रण और देशों के बीच सहयोग से अवैध जनसंख्या प्रवाह रोकने की बात शामिल है। समुद्री मार्गों के स्वतंत्र परिचालन के मामले में भारत और अमेरिका का समान दृष्टिकोण रहा है।

दोनों देश एक मुक्त एवं खुले और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की वकालत करते है। कोई दो राय नहीं कि इंडो-पैसिफिक दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी और लगभग आधी जीडीपी का स्रोत होने के कारण वैश्विक रणनीति, आर्थिक शक्ति-संतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को अहम घटक बन चुका है। चीन इस क्षेत्र में प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। सैन्य शक्ति और आर्थिक बल के जरिए चीन इसकी क्षेत्रीय व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत को एक जरूरी पक्षकार मानता है। हो सकता है यह चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा हो, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका की सुरक्षा रणनीति में भारत के साथ के लिए लालायित दिखने की अमेरिकी इच्छा भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को तो मजबूत बनाती ही है। दूसरी ओर, सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली से साफ है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। अब ट्रंप प्रशासन भारत को अहम रणनीतिक सहयोगी के तौर पर साथ लेकर चलने के बजाए उसे केवल लेन-देन वाले राष्ट्र के तौर पर देखने लगा है। कहना गलत नहीं होगा कि सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली में अमेरिकी आदर्शवाद को रेखांकित करने के लिए सुंदर शब्दों का तो भरपूर इस्तेमाल किया गया है लेकिन यह यथार्थ के कितने करीब है, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा कि भारत का मौजूदा नेतृत्व डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक समीकरणों को साधकर भारत-अमेरिकी संबंधों को पुनः बाइडेन युग की ओर लौटा पाने में कितना सफल रहता है।

*( लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला



# सतत विकास : समृद्धि और संरक्षण का साझा मार्ग !

अरावली पहाड़ियों की जिस परिभाषा को पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उसी पर अब रोक लगाकर नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश देना स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में, यह संकेत देता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जो आम लोगों द्वारा जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे निराधार नहीं थीं। अरावली को केवल पहाड़ियों की एक भौगोलिक श्रृंखला मानना भूल होगी, क्योंकि यह उत्तर भारत के उपजाऊ मैदानों को मरुस्थलीकरण से बचाने वाली एक जीवन रेखा है। सरकारी समिति की सिफारिश पर तय की गई परिभाषा से यह आशंका पैदा हुई थी कि अरावली का बड़ा हिस्सा संरक्षण से बाहर हो सकता है, जिससे खनन और निर्माण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता। केवल यह कह देने से कि रिपोर्ट को गलत समझा जा रहा है, आम लोगों की चिंताएं दूर नहीं होतीं। आज जब देश गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब नीति निर्धारण में स्पष्टता, पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेना यह दर्शाता है कि उसने जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चिंताओं को गंभीरता से समझा है। जानकारी के अनुसार अब विशेषज्ञों की समिति अलग-अलग समय की जानकारियों का अध्ययन करेगी। यानी पुरानी तस्वीरें, पुराने नक्शे और सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों की आपसी तुलना की जाएगी। इससे यह साफ होगा कि पिछले कुछ दशकों में अरावली पहाड़ियों में क्या-क्या बदलाव हुए हैं। उम्मीद है कि इस जांच से यह सच्चाई सामने आएगी कि अवैध खनन, बिना योजना के निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस बहुमूल्य प्राकृतिक धरोहर को कितना नुकसान पहुंचाया है। विवाद केवल 100 मीटर ऊंचाई तय करने को लेकर नहीं है। असल बात यह है कि पर्यावरण में छोटी-सी बात भी बहुत असर डालती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के जंगल, पानी, मिट्टी और जीव-जंतुओं से अलग करके नहीं समझा जा सकता। अरावली को लेकर आम लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया इसलिए आई, क्योंकि अब वहां पर्यावरण का बिगड़ना साफ दिखाई देने लगा है और उसका नुकसान सीधे लोगों को महसूस हो रहा है। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2025 में देश के पहाड़ी राज्यों में आई विनाशकारी आपदाएं, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे महानगरों में लगातार जहरीली होती हवा कोई अचानक घटित घटनाएं नहीं हैं, बल्कि यह वर्षों से पर्यावरण के प्रति बरती गई लापरवाही और अदूरदर्शी नीतियों का सीधा परिणाम हैं।

वास्तव में यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी गंभीर चेतावनियों के बाद भी शासन और समाज के स्तर पर पर्यावरण को लेकर अपेक्षित संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। एक ओर अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर जनआंदोलन और विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जों का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें राज्य में बड़े पैमाने पर वन भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि राज्य सरकार वन भूमि की रक्षा करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। कोर्ट के समक्ष आए तथ्यों के अनुसार हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र पर अवैध निर्माण और कब्जे हो चुके हैं, जो पर्यावरण, जैव विविधता और हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए गंभीर खतरा हैं। अदालत ने राज्य सरकार को अतिक्रमण हटाने, नई गतिविधियों पर रोक लगाने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और मामले की आगे भी निगरानी की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली से जुड़े मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर वास्तव में यह साफ व स्पष्ट संकेत दिया है कि इस विषय में गहन तथ्यान्वेषण जरूरी है। वहीं पर सरकार ने भी पूर्व आदेश की कमियों को स्वीकार किया है। केंद्र सरकार की ओर से यह सहमति जताई गई है कि अब अरावली क्षेत्र में खनन या नियमों में कोई भी बदलाव सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से ही होगा। यहां तक कि यह भी माना गया है कि नवंबर के फैसले को लेकर कई गलतफहमियां थीं। माननीय न्यायालय का उद्देश्य विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना है। यह बात ठीक है कि आज के समय में खनन को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, फिर भी यह सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है कि इससे प्रकृति और मानव जीवन को खतरा न हो। अंततः, अरावली की रक्षा केवल न्यायालय या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की अनियंत्रित लूट को रोका जा सके।

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
## दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
## प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## परंपरा



हैदराबाद में चारमीनार के पास बैकुंठ एकादशी उत्सव के दौरान पुजारी ने लक्ष्मीनारायण की आरती की

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है। - *विवेक शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सुधारों की रफ्तार



भारत ने सुधारों की रफ्तार पकड़ ली है! 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी विकास यात्रा को गति प्रदान की है। ये सुधार एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को भी बल देंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मूल भावना के विपरीत



यह आश्चर्य है कि पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया और उसके एजेंडे में संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत-जी राम जी' कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने की बात शामिल है। संसद में बने कानून के खिलाफ विस में प्रस्ताव पारित करना संसदीय मूल भावना के विपरीत है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### गरीब परिवारों को फ्लैट



हमारी सरकार 2026 में 6000 से ज्यादा गरीब परिवारों को दिल्ली में अपना फ्लैट देने जा रही है। पहले चरण में सावदा घेवरा में बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ 2,500 गरीब परिवारों को फ्लैट की चाबी सौंपी जाएगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हार्दिक संवेदनाएं




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। उनके परिवार, समर्थकों और बांग्लादेश की जनता के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# चीन की सेना का ताइवान के पास सैन्य अभ्यास जारी



चीन की सेना ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास किया। बीजिंग ने इसे अलगाववादी और 'बाहरी हस्तक्षेप' वाली ताकतों के खिलाफ 'कड़ी चेतावनी' बताया वहीं ताइवान ने कहा कि उसने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ताइवान ने चीन की सरकार को 'शांति का सबसे बड़ा दुश्मन' करार दिया। दो दिनों तक जारी रहने वाले इन सैन्य अभ्यासों को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीन के ये अभ्यास ताइवान को संभावित रूप से अब तक की सबसे बड़ी अमेरिकी हथियार बिक्री पर आक्रोश व्यक्त करने और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के उस बयान के बाद किए जा रहे हैं कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उनकी सेना हस्तक्षेप कर सकती है। चीन का कहना है कि ताइवान को उसके शासन के अधीन आना होगा। चीन की सेना ने सोमवार को अपने बयान में अमेरिका और जापान का नाम नहीं लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी पर अमेरिका से समर्थन मांगकर स्वतंत्रता हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मंगलवार सुबह, आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सरकारी प्रवक्ता के हवाले से कहा कि इस दिशा में किए गए किसी भी प्रयास का 'निष्फल होना तय है'।

## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

# भक्ति व उल्लास में अयोध्या, अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण आज, अनुष्ठान में शामिल होंगे राजनाथ और सीएम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को राम मंदिर परिसर में राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में 11 बजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचेंगे। ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रक्षा मंत्री राजनाथ का स्वागत करेंगे। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होगा। पौष शुक्ल की द्वादशी पर 2024 में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।



### जनता को संबोधित भी करेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ लगभग 3 घंटे से ज्यादा रामनगरी में रहेंगे। राम मंदिर के प्रतिष्ठा द्वादशी के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करेंगे। इस दौरान वे मां अन्नपूर्णा के मंदिर पर ध्वजारोहण भी करेंगे। वहीं राम मंदिर के निकास द्वार अंगद टीला पर रक्षा मंत्री राजनाथ और मुख्यमंत्री योगी जनता को संबोधित करेंगे।



### भव्य पंडाल बनकर तैयार

मुख्य समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। भव्य पंडाल बनकर तैयार है। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से लगातार चौकसी बरती जा रही है। रक्षामंत्री रामलला की आरती उतारेंगे। राम जन्मभूमि परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

आयोजन को लेकर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।महोत्सव को लेकर अधिकारियों ने कमर कस ली है। अयोध्या धाम को 5 जोन और 10 सेक्टरों में बांटा गया है। पूरी अयोध्या नगरी में हाई अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से अयोध्या धाम की सुरक्षा में 3000 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### संभागीय आयुक्त ने सभी व्यवस्थाओं को परखा

संभागीय आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी और राम मंदिर जाएंगे। पूरा कार्यक्रम फाइनल हो गया है, सभी इंतजाम कर लिए गए हैं और सारी व्यवस्थाओं को देखा गया है। हमें 31 तारीख और 1 तारीख को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है और हमने उसी हिसाब से सभी तैयारियां की हैं। अलग-अलग जगहों पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। और हम वाराणसी के भी संपर्क में हैं।

## खबर संक्षेप

### लुलु मॉल पर कार्रवाई टैक्स न देने पर खाता फ्रीज

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने लुलु मॉल का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है। 27 करोड़ के आयकर का भुगतान न किए जाने पर यह कदम उठाया गया। देनदारी और लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेजों की समीक्षा की गई, जिसमें कर चोरी के संकेत मिले। विभाग का कहना है कि बकाया कर राशि को लेकर कंपनी को पहले नोटिस जारी किए गए थे।



### मथुरा में सनी लियोनी का कार्यक्रम रद्द

**मथुरा।** फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी का मथुरा दौरा रद्द हो गया है। अभिनेत्री का एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन साधु-संतों के विरोध के बाद होटल संचालक ने कार्यक्रम रद्द कर दिया। दिनेश फलाहरी महाराज ने डीएम को पत्र भी लिखा था। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की की थी। कहा कि धर्म नगरी को हम कलंकित नहीं होने देंगे।



### आप का जनरल सेक्रेटरी जोशी गिरफ्तार

**सूरत।** सूरत में आप के नेता श्रवण जोशी को गिरफ्तार किया गया है। सूरत एसओजी की टीम जोशी को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। सूरत शहर के लिंबायत इलाके में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सस्ती अनाज की दुकान के मालिक ने आप से जुड़े महामंत्री और कार्यकर्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।



### इंडिगो पर लगा 458 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पिछले दिनों देश के लाखों यात्रियों को नाको चने चबाने वाली सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन इंडिगो पर सरकार ने 458 करोड़ का जीएसटी जुर्माना ठोक दिया है। अब कंपनी ने कहा है कि जीएसटी जुर्माना लगाया है और वह इस फैसले को चुनौती देगी। कंपनी ने यह भी कहा कि जीएसटी विभाग का यह आदेश गलत है और कानून के अनुरूप नहीं है।



### आज से डिलीवर नहीं होगा खाने का सामान

**नई दिल्ली।** अमेजन, जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट, फ्लिपकार्ट और जैप्टो जैसे प्रमुख ऑनलाइन शॉपिंग और डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स से जुड़े गिग वर्कर्स ने आज यानी 31 दिसंबर 2025 से राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। इसके साथ ही 25 दिसंबर से पहले से हड़ताल पर बैठे गिग वर्कर्स भी इन्हीं मांगों को लेकर अपना आंदोलन जारी रखे हुए हैं।



## शाह का 'मिशन बंगाल' : बंगाल में आगामी चुनाव की गरमाहट बढ़ी, सियासत पर बोले गृहमंत्री शाह

*गृह मंत्री शाह ने कोलकाता में की प्रेस वार्ता*

# चुनावी लाभ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही ममता सरकार, इसी मुद्दे पर होगा आगामी चुनाव

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा के चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गररमाहट तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। इसी के कारण आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस वार्ता की।

उन्होंने राज्य की टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। घुसपैठ, भ्रष्टाचार, प्रशासन समेत कई मुद्दों को लेकर शाह ने ममता सरकार को आड़े हाथ लिया। शाह ने कहा कि ममता चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं। बंगाल सरकार द्वारा हमें जमीन न दिए जाने के कारण हम बांग्लादेश सीमा की बाड़बंदी पूरी नहीं कर पाए हैं। 2026 में बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव घुसपैठ रोकने और घुसपैठियों को बाहर निकालने इन्हीं मुद्दों पर लड़े जाएंगे।

- *राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी*
- *राज्य की ममता सरकार को लिया आड़े हाथ*
- *टीएमसी के शासन में यहां भय और भ्रष्टाचार बढ़ा*



### बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही राज्य सरकार

अमित शाह ने बंगाल सरकार पर बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार जमीन नहीं दे रही, जिसकी वजह से घुसपैठ की समस्या बनी हुई है। त्रिपुरा, असम, राजस्थान, पंजाब, कश्मीर और गुजरात की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों रुक गई, लेकिन पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि बंगाल में राज्य सरकार की जानकारी में घुसपैठ हो रही है और इसका मकसद जनसंख्या में बदलाव कर वोट बैंक मजबूत करना है। शाह ने साफ कहा कि बंगाल सीमा से हो रही घुसपैठ देश की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

### ममता का शाह पर बड़ा हमला

#### शकुनि का चेला दुःशासन...



केंद्रीय गृह मंत्री शाह के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर टीएमसी चीफ ममता बेनर्जी करारा हमला बोला है। ममता ने कहा कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी इकट्ठा करने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखने लगते हैं। आज वे कह रहे हैं कि ममता बेनर्जी ने जमीन नहीं दी। पेट्रापोल और अंडाल में ज़मीन किसने दी? घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है, तो क्या आपने पहलगाम में हमला किया था? दिल्ली में हुई घटना के पीछे कौन था?

#### इस बार खेला का नाम फाटाफटी होगा

ममता ने कहा कि हम बंगाल जीतेंगे और उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से देश से बाहर निकाल देंगे। चुनाव आयोग भाजपा का बड़ा दलाल है। भाजपा हमेशा नहीं रहेगी। एसआईआर की वजह से 57 लोगों की मौत हुई है, उनके नाम पर स्मृति बेदी बनाई जाएगी। मुझे गोली मार के हत्या कर दो, सारी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन वह भी नहीं कर पाओगे। इस बार के खेला का नाम फाटाफटी होगा।

### बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार से हो रही

शाह ने कहा कि बंगाल के लिए आज से अप्रैल तक का समय बेहद अहम है, क्योंकि इस दौरान राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 साल में टीएमसी सरकार के शासन में राज्य में भय, भ्रष्टाचार और गलत प्रशासन फैला है, जिसके कारण बंगाल में आम नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है। शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण बंगाल का विकास रुक गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याण योजनाएं यहां टोल सिंडिकेट की भेंट चढ़ गई हैं। बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार बन गई है।

### मैंने सीएम ममता को 7 बार किया आगाह, पत्र भी लिखा


शाह ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने खुद ममता को सात पत्र लिखे हैं, लेकिन राज्य सरकार अब तक जमीन नहीं दे रही है। अमित शाह ने बताया कि पिछले छह साल में गृह सचिव तीन बार बंगाल गए और राज्य के मुख्य सचिव के साथ बैठकें भी हुईं, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सवाल किया कि टीएमसी सरकार को जमीन देने में किस बात का डर है और क्या राज्य सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। शाह ने आरोप लगाया कि बंगाल सरकार घुसपैठियों के दस्तावेज बना रही है, जिससे घुसपैठ लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार घुसपैठ रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है और इससे बंगाल की जनसंख्या संरचना तेजी से बदल रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

### अगले साल बंगाल में भाजपा बनाएगी सरकार, आंकड़े भी किए पेश

शाह ने जोर दिया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजापा बंगाल में दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 17% वोट और तीन सीटें मिलीं। 2019 लोकसभा चुनाव में वोट बढ़कर 41% और सीटें 18 हो गईं। 2021 विधानसभा चुनाव में भाजपा को 21% वोट और 77 सीटें मिलीं और 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी को 39% वोट और 12 सीटें मिलीं। जो पार्टी 2016 में सिर्फ 3 सीटों पर थी, वह 5साल में 77 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस शून्य पर पहुंच गई और वाम दलों को एक भी सीट नहीं मिली।

### अधीर रंजन ने पीएम से की कई मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस समय में यह बैठक खास अहमियत रखती है क्योंकि बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होने हैं। इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें बंगाल में एसआईआर को लेकर चिंताएं शामिल थीं। इसके अलावा कई राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा की अलग-अलग घटनाओं पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कांग्रेस सांसद ने देश के अलग-अलग हिस्सों, खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषा बोलने वाले लोगों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। चौधरी ने प्रधानमंत्री से मांग की कि वे इस मामले में तुरंत दखल दें, क्योंकि ऐसे हमलों से पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा फैल सकती है।



## 'सर्व धर्म पूजा' के साथ एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप शुरू



**नई दिल्ली।** एनसीसी का प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस कैंप प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरुआत मंगलवार को दिल्ली कैंट स्थित करिअप्पा परेड ग्राउंड में हुई। यहां पारंपरिक 'सर्व धर्म पूजा' के साथ एनसीसी का कैंप शुरू किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह करीब 1 माह तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न इंटर-डायरेक्टरेट प्रतियोगिताएं होंगी। कैंप में कई अन्य प्रमुख आयोजन भी होंगे।

### साणंद में पथराव के बाद तनाव

## हालात काबू में, पुलिस ने 42 को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ साणंद

गुजरात के साणंद में 2 गुटों के बीच टकराव बढ़ने पर पथराव किए जाने की खबर है। तनाव बढ़ने पर मौके पर पहुंची गुजरात पुलिस की टीम ने कई लोगों को अपनी गिरफ्त में भी लिया। पुलिस ने स्थिति को काबू में कर लिया है। कई लोगों को एहतियातन हिरासत में भी लिया गया है। साणंद तालुका में सोमवार को पथराव हुआ। मंगलवार को हालात और खराब हो गए, जब गांव में एक जगह पर आगजनी की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने ड्रोन की मदद से खेतों में छिपे असामाजिक तत्वों को ढूंढ निकाला। अब तक इस मामले में कुल 42 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।



### देशभर के 2 मनरेगा कर्मियों से वीबी-जी राम जी अधिनियम पर की चर्चा

## नए अधिनियम से वर्तमान में कार्यरत किसी भी कर्मी की सेवा प्रभावित नहीं होगी, अब पहले से ज्यादा काम मिलेंगे

केंद्रीय मंत्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों से बात की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की वार्ता की अध्यक्षता की। इस वार्ता में विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 पर विचार-विमर्श किया गया।



वार्ता में देशभर के लगभग 45 हजार स्थानों से 2 लाख से अधिक मनरेगा कर्मियों ने भाग लिया। वार्ता का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में मनरेगा में कार्यरत कर्मियों को यह आश्वस्त करना था कि नए अधिनियम से उनकी सेवा में कोई बाधा नहीं आएगी और वह पहले की तरह ही अपनी सेवा में निरंतर बनें रहेंगे ऐसा राज्य सरकार के माध्यम से सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 का स्वागत किया।

चौहान ने मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मनरेगा में कार्यरत कर्मियों का रोजगार पूरी तरह सुरक्षित है एवं जो कर्मी मनरेगा कार्यान्वित कर रहे थे, वही कार्यान्वित करेंगे। उनकी सेवा जारी रखने से संबंधित प्रावधान का राज्यों के माध्यम से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। नए अधिनियम में प्रशासनिक मद में खर्च की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है।

### इस्तीफा देने के करीब 5 महीने बाद भी नई मिला स्थाई आवास

# धनखड़ अभी भी एक अदद सरकारी आवास की जोह रहे बाट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के लगभग पांच महीने बाद भी जगदीप धनखड़ को अब तक पूर्व उपराष्ट्रपति के रूप में मिलने वाला सरकारी आवास आवंटित नहीं किया गया है। इसको लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। धनखड़ के करीबी सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने समय रहते औपचारिक अनुरोध किया था। इसके बावजूद अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि धनखड़ ने 22 अगस्त को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर पूर्व उपराष्ट्रपतियों को नियमानुसार मिलने वाले आधिकारिक आवास की मांग की थी। हालांकि, पत्र लिखे जाने के कई महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें न तो कोई बंगला आवंटित किया गया है और न ही इस बारे में कोई स्पष्ट जवाब मिला है।

### स्वास्थ्य कारणों से दिया था इस्तीफा



गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ ने इस वर्ष संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन, 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के कुछ सप्ताह बाद सितंबर महीने में, उन्होंने अपना आधिकारिक आवास 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' भी खाली कर दिया था। इसके बाद वे दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में एक निजी फार्म हाउस में रहने लगे। बताया जाता है कि यह फार्म हाउस इनेलो नेता अभय चौटाला का है।

#### मामले पर उठ रहे कई सवाल

पूर्व उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्ति को उनके अधिकारों और सुविधाओं के लिए इस तरह इंतजार करना पड़ना, कई सवाल खड़े करता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह मामला केवल आवास का नहीं, बल्कि संवैधानिक पदों की गरिमा और उनसे जुड़े प्रावधानों के पालन से भी संबंधित मामला है।

#### हक के बावजूद नहीं मिला आवास

धनखड़ के एक करीबी व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते उन्हें जो सुविधाएं और आवास मिलना चाहिए, वह अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने नियमों के तहत आवेदन भी किया, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं दिखी है। नियमों के अनुसार पूर्व उपराष्ट्रपति को लगभग दो लाख रुपए प्रतिमाह की पेंशन के साथ-साथ दिल्ली में टाइप-8 का सरकारी बंगला दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा उन्हें एक निजी सचिव, एक अतिरिक्त निजी सचिव, एक निजी सहायक, एक चिकित्सक, एक नर्सिंग अधिकारी और चार निजी परिचारकों की सुविधा भी मिलती है। वहीं, पूर्व उपराष्ट्रपति के निधन के बाद उनके जीवनसाथी को टाइप-7 श्रेणी का आवास देने का नियम है।

### 'कार्तिक जतरा' में बोलीं राष्ट्रपति

## जनजातीय समाज आधुनिक शिक्षा, तकनीक को अपनाए

एजेंसी ▶▶ गुमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में अंतरराज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज की अस्मिता और विरासत को संरक्षित रखने की जरूरत पर जोर दिया।

राष्ट्रपति ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ें। शिक्षा विकास की सबसे बड़ी पूंजी है और इसके विस्तार-प्रसार से ही समाज तथा राज्य का



समग्र विकास संभव है। गुमला निवासी महान जनजातीय नायक पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की स्मृति को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने अपनी माटी और अपने लोगों के लिए समर्पित रखा । उसी भावना के साथ 'कार्तिक जतरा' के से लोग उन्हें याद कर रहे हैं, जो अपने आप में एक सार्थक पहल है।

**श्रीलंकाई राजदूत ने जताया आभार**

# दितवाह से निपटने में भारत ने की बहुत मदद, पीएम मोदी का नेतृत्व शानदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के शानदार नेतृत्व की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जब कभी श्रीलंका पर संकट आया तब भारत ने सबसे पहले हमारी मदद की। उन्होंने हाल ही में आए चक्रवात दितवाह के दौरान भारत की मदद के लिए भी आभार जताया। कोलोन ने कहा कि पीएम मोदी का नेतृत्व शानदार है। हम उन्हें ग्लोबल साउथ और अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक अहम आवाज के तौर पर देखते हैं।

*श्रीलंका के साथ भारत की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी के बारे में कोलोन ने कहा कि भारत निश्चित रूप से बार-बार श्रीलंका के भरोसेमंद और अच्छे साझेदार के तौर पर उभरा है। श्रीलंका के लोग भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखते हैं, ऐसा जो हमारे लिए खड़ा है और पहले भी लगातार खड़ा रहा है*

*पीएम मोदी ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज*

*भारत हमारे पुनर्निर्माण और रिकवरी के अगले फेज में साथ*

### भारत मुश्किल समय में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा



भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन

श्रीलंकाई राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी न सिर्फ श्रीलंका या एशिया में बल्कि वैश्विक रूप से एक बहुत सम्मानित नेता हैं। श्रीलंका के लोग उन्हें अपना प्यारा दोस्त मानते हैं, एक ऐसा दोस्त जो मुश्किल समय में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है। पुरानी बुरी घटनाओं को याद करते हुए कोलोन ने कहा कि अप्रैल 2019 में ईस्टर संडे हमलों के दौरान जब श्रीलंका बिखर गया था और यात्रा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई थी, तब भी पीएम मोदी ने छह हफ्तों के अंदर श्रीलंका का दौरा किया। उससे हमारे पर्यटन को फिर से शुरू करने और हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में बहुत मदद मिली थी।

### भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया

श्रीलंकाई राजदूत कोलोन ने चक्रवात दितवाह के दौरान भारत की भूमिका के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब श्रीलंका भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा था तब भी भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया। बचाव ऑपरेशन, राहत और मेडिकल मदद के दौरान, भारत ने हेलीकॉप्टर तैनात किए, राहत सप्लाई भेजी और डॉक्टरों को भेजा, जिससे हमें कई तरह से मदद मिली। भारत हमारे पुनर्निर्माण और रिकवरी के अगले फेज में साथ खड़ा रहा है और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

### बेसिक सर्विस और कनेक्टिविटी शुरू की

उन्होंने कहा कि अब साइक्लोन गुजर चुका है। राहत और बचाव का काम अब बंद हो गया है। भारत के प्रयासों से बेसिक सर्विस और कनेक्टिविटी फिर से शुरू हो गई है और जैसा कि आप शायद जानते हैं भारत ने श्रीलंका को काफी मदद दी है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सागर बंधु तब शुरू हुआ जब साइक्लोन का असर खत्म नहीं हुआ था; अब हम अगले फेज में चले गए हैं। श्रीलंका सरकार ने इमरजेंसी फंडिंग जारी कर दी है।

### भारत श्रीलंका का भरोसेमंद साझेदार

श्रीलंका के साथ भारत की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी के बारे में कोलोन ने कहा कि भारत निश्चित रूप से बार-बार श्रीलंका के भरोसेमंद और अच्छे साझेदार के तौर पर उभरा है। श्रीलंका के लोग भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखते हैं, ऐसा जो हमारे लिए खड़ा है और पहले भी लगातार खड़ा रहा है।


### जल्द शुरू होगी एफटीए पर बात

उन्होंने ट्रेड रिलेशन पर भी बात की। कोलोन ने कहा कि भारत और श्रीलंका ने 1998 में एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया था। यह दोनों देशों के बीच पहला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट था। तब से, हमारी ट्रेड पार्टनरशिप बढ़ी है। अब, श्रीलंका के लिए भारत सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है, लेकिन एफटीए को अपग्रेड करने की जरूरत है। हमें उम्मीद है कि इस पर जल्द ही बातचीत शुरू होगी।

---

**खबर संक्षेप**

### जयपुर के मोदी स्कूल की सीबीएसई मान्यता रद



**जयपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने जयपुर के नीरजा मोदी स्कूल की सीनियर सेकेंडरी स्तर तक की मान्यता रद्द कर दी। यह कार्रवाई स्कूल की एक छात्रा के सुसाइड के बाद की गई है। क्लास 4 में पढ़ने वाली 9 साल की अमायरा ने 1 नवंबर को स्कूल के चौथे फ्लोर से कूदकर जान दे दी थी। सीबीएसई ने कहा कि स्कूल में छात्र सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हुआ है ऐसे में बच्चों को पढ़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

### मीरा स्याल ब्रिटेन में 'डेमहुड' से सम्मानित



**लंदन।** प्रसिद्ध ब्रिटिश-भारतीय कलाकार मीरा स्याल लंदन में मंगलवार को जारी उन ब्रिटिश-भारतीयों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें महाराजा चार्ल्स तृतीय ने नव वर्ष पर विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया है। स्याल को 'डेमहुड' की उपाधि से नवाजा गया है। लंदन में रहने वाली हास्य कलाकार, लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्माता को साहित्य, नाटक और परोपकार के क्षेत्र में सेवाओं के लिए 'डेम मीरा' की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

---

### कट्टरपंथियों के दबाव में यूनुस सरकार, बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

# कारखाने में साथी ने ही मारी गोली आरोपी बोला: मैं मजाक कर रहा था

**2 हफ्ते में तीसरी घटना**

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस कथित तौर पर कट्टर इस्लामी एजेंडों को बढ़ावा दे रहे हैं या उन्हें सक्षम बना रहे हैं। अधिकारी ऐसे चरमपंथी समूहों जैसे जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर के प्रभाव में काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक फैक्ट्री के अंदर सिक्योरिटी ड्यूटी पर तैनात एक हिंदू गारमेंट वर्कर को उसके साथ काम करने वाले मजदूर ने गोली मार दी। इससे हिंदू वर्कर की मौके पर ही मौत हो गई।

यह पिछले दो हफ्तों में तीसरी ऐसी घटना है, जब किसी हिंदू की हत्या हुई है। यह घटना सोमवार को शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला इलाके में लबीब ग्रुप की गारमेंट यूनिट सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड में हुई। पीड़ित की पहचान 42 साल के बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। वहीं, गोली मारने वाला आरोपी 29 साल का नोमान मिया है। पुलिस ने आरोपी नोमान मिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

*पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन ज़ब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल*

बातचीत के दौरान चला दी गोली, फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे

गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी स्थानीय अस्पताल में मृत घोषित

### अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था बिस्वास



अस्पताल में मृतक के परिजन



*पुलिस के मुताबिक, दोनों आदमी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। ये दोनों फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे। बातचीत के दौरान, नोमान मिया ने कथित तौर पर मजाक में या हल्के-फुल्के अंदाज में बिस्वास पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर बाद हथियार से गोली चल गई, और गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी। बिस्वास को तुरंत भालुका उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, इस मामले को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या मजाक में गोली चली या इसके पीछे कोई साजिश थी? मृतक बजेंद्र बिस्वास सिलहट सदर के कादिरपुर गांव के रहने वाले थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य बताए जा रहे हैं।*

### इस्लामी एजेंडों का बढ़ावा दिया जा रहा

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस कथित तौर पर कट्टर इस्लामी एजेंडों को बढ़ावा दे रहे हैं या उन्हें सक्षम बना रहे हैं। सरकार में मंत्री और अधिकारी ऐसे चरमपंथी समूहों जैसे जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर के प्रभाव में काम कर रहे हैं, यह सोमवार को प्रकाशित एक मानवाधिकार रिपोर्ट में कहा गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कट्टरपंथी मंच 'इंक़िलाब मंच' के प्रवक्ता शरिफ उस्मान हादी की हत्या ने यूनुस नेतृत्व वाली सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार को इस घटना से लाभ होने की आशंका जताई जा रही है।

### कानूनी कार्रवाई जारी

संबंधित पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन जब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कानूनी कार्रवाई चल रही है। इस हत्या से भालुका इलाके में तनाव बढ़ गया है।


### 18 दिसंबर को दीपू दास की भी हुई थी हत्या

यह घटना अकेली नहीं है। इससे महज 11 दिन पहले, 18 दिसंबर को इसी भालुका इलाके में दीपू चंद्र दास नामक हिंदू युवक को कथित तौर पर पीट-पीटकर, निर्वस्त्र कर और जिंदा जलाकर मार डालने की घटना सामने आई थी। इन लगातार घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश के औद्योगिक और ग्रामीण इलाकों में हिंदू अब सुरक्षित हैं?

---

### पुतिन के घर पर यूक्रेन का हमला

## पीएम मोदी ने जताई चिंता, कई देशों को सताया युद्ध का डर, गुस्से में ट्रंप



डोनाल्ड ट्रंप, व्लादिमीर पुतिन, नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले चार वर्षों से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। शांति वार्ता और सीजफायर की कोशिशों के बीच रूस ने सनसनीखेज दावा किया है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास को निशाना बनाया गया। रूस का आरोप है कि यह हमला यूक्रेन की ओर से जानबूझकर किया गया। इस दावे के सामने आते ही वैश्विक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। कई देशों को डर है कि यह घटना युद्ध को और भड़का सकती है। पुतिन के आवास पर कथित हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय तनाव साफ महसूस किया जा रहा है। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। आशंका जताई जा रही है कि रूस इस हमले का जोरदार जवाब दे सकता है।

### पीएम मोदी की शांति की अपील

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने लिखा कि रूसी संघ के राष्ट्रपति के आवास पर हमले की खबर से अत्यंत चिंतित हूं। युद्ध समाप्त करने और शांति बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। सभी पक्षों से अपील है कि ऐसे किसी भी कदम से बचें जिससे शांति की कोशिशें नाकाम हों। शांति समझौते की कोशिशों में लगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे पर पुतिन से फोन पर बात की। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई जवाबी कार्रवाई हो रही है, तो वह एक बात है। लेकिन किसी राष्ट्रपति के घर पर हमला करना बिल्कुल अलग मामला है। यह सही समय नहीं था। यह सुनकर मुझे गुस्सा आया।

### रूस का दावा: 91 ड्रोन, लेकिन नाकाम हमला

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि 28-29 दिसंबर की रात यूक्रेन ने पुतिन के आवास को निशाना बनाकर लंबी दूरी के 91 ड्रोन दागे। हालांकि, रूसी सुरक्षा एजेंसियों ने सभी ड्रोन को हवा में ही मार गिराने का दावा किया है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उस समय पुतिन अपने आवास में मौजूद थे या नहीं। इन आरोपों पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। फ्लोरिडा में ट्रंप से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने ऐसा कोई हमला नहीं किया। जेलेंस्की का आरोप है कि रूस शांति वार्ता से बचना चाहता है और इसी वजह से यूक्रेन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।


---

### 3 साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन, सेंट्रल बैंक के प्रमुख ने दिया इस्तीफा

## ईरान में महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग, बड़े शहरों में भी विरोध प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में बढ़ती महंगाई और मुद्रा संकट के खिलाफ सोमवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। यह पिछले तीन साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। इस बीच सेंट्रल बैंक के प्रमुख मोहम्मद रजा फरजिन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजधानी तेहरान के सादी स्ट्रीट और ग्रैंड बाजार इलाके में व्यापारियों और दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। कई जगहों पर दुकानें बंद रहीं, जिससे कारोबार ठप हो गया। चश्मदीदों के मुताबिक, इस्फहान, शिराज और मशहद जैसे बड़े शहरों में भी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन उस वक्त तेज हुए जब ईरान की मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इससे खाने-पीने की चीजों और रोजमर्रा के सामान की कीमतें और बढ़ गईं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में महंगाई दर 42 फीसदी से ज्यादा रही, जबकि खाने की चीजों की कीमतें 70 फीसदी से अधिक बढ़ चुकी हैं।



### पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। ये प्रदर्शन 2022 के बाद सबसे बड़े माने जा रहे हैं। उस समय 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद पूरे देश में आंदोलन भड़क गया था। उन्हें हिजाब ठीक से न पहनने के आरोप में मोरैलिटी पुलिस ने पकड़ा था। सोमवार को तेहरान के कुछ इलाकों में हालात काबू से बाहर होने पर पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

---

### पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा फैसला

## सोमालिया के एक हिस्से सोमालीलैंड को अलग मुल्क के तौर पर दी मान्यता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले दिनों एक बड़ा फैसला लेते हुए सोमालिया के एक स्वायत्त हिस्से सोमालीलैंड को एक अलग मुल्क के तौर पर मान्यता दी थी। इसे लेकर बवाल मच गया है। इजराइल दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने सोमालीलैंड को एक अलग देश के तौर पर मान्यता दी है। लेकिन इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मीटिंग में कई देशों ने सवाल उठाया है। इन देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि इजराइल के इस फैसले के पीछे खतरनाक इरादे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल चाहता है कि पहले सोमालीलैंड को एक अलग मुल्क



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

की मान्यता दी जाए और फिर गाजा से फिलिस्तीन के लोगों को हटाकर वहां बसा दिया जाए। इस तरह गाजा पर कब्जा जमाया जा सके। मुस्लिम देशों ने कहा कि इजराइल का यह फैसला सीधे तौर पर गाजा को लेकर एक प्लान का हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र में सोमालिया के राजदूत अबू बकर दाहिर उस्मान ने कहा कि इजराइल का यह फैसला गलत है और सीधे तौर पर उकसाने वाला कदम है।

---

### 'ध्रुव-एनजी' हेलिकॉप्टर को पहली सलामी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में अगली पीढ़ी के नागरिक हेलीकॉप्टर ध्रुव-एनजी का उद्घाटन किया। नायडू ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव-एनजी की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'ध्रुव-एनजी' हेलिकॉप्टर की पहली उड़ान पर इसे वॉटर कैनन सलामी दी गई। इससे पहले एविएशन मिनिस्टर ने बेंगलुरु में ध्रुव एनजी की आरती उतारी, भगवान की पूजा की और नारियल फोड़कर एचएएल के हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। ध्रुव-एनजी 5 .5 टन का हल्का, दो इंजन वाला, मल्टि-रोल वाला हेलीकॉप्टर है। इसमें दो शक्ति 1एच1सी इंजन लगे हैं। इसका अधिकतम टेक-ऑफ भार 5,500 किलो है और यह 285 किमी/घंटा की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है। इसकी अधिकतम क्षमता 14 यात्रियों को ले जाने की है।



---

## 'बैटल ऑफ गलवान' के टीजर से आगबबूला चीन को भारत की दो टूक


यह फिल्म एलएसी विवाद में भारत और चीन की सेनाओं के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प के दौरान भारतीय कर्नल संतोष बाबू की चीन की सेना से लोहा लेने की कहानी बयां करती है

# देश में कलात्मक स्वतंत्रता, निर्माताओं को फिल्में बनाने का पूरा 'अधिकार'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद के दौरान गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प को लेकर बनाई गई सलमान खान स्टारर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के महज टीजर लांच से बौखलाए चीन को मंगलवार को भारत ने बेहद कड़े अंदाज में जवाब दिया है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि हमारे देश में कलात्मक स्वतंत्रता मौजूद है। इसी का इस्तेमाल करते हुए फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्मों का निर्माण करने का पूरा अधिकार और स्वतंत्रता दोनों मिले हुए हैं। दरअसल, ये फिल्म इस साल अप्रैल महीने में आधिकारिक रूप से लांच की जाएगी। लेकिन उससे पहले बॉलीवुड फिल्म अभिनेता सलमान खान ने इसका टीजर बीते 27 दिसंबर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी किया था। जिसका चीन के सरकारी मुखपत्र के अलावा चीन के बाकी मीडिया ने विरोध करते हुए कहा कि इसमें घटना से जुड़े तथ्यों को सही ढंग से नहीं। बल्कि तोड़-मरोड़कर गलत ढंग से पेश किया गया है।

### गलवान में शहीद हुए भारत के 20 रणबांकुरे




यह फिल्म एलएसी विवाद में भारत और चीन की सेनाओं के बीच गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प के दौरान भारतीय सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे कर्नल संतोष बाबू द्वारा चीन की सेना से लोहा लेते वक्त प्रदर्शित की गई वीरता और साहस की कहानी बयां करती है। झड़प के दौरान भारत के कुल 20 सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। जबकि चीन के भी दो दर्जन से अधिक पीएलए सैनिक मारे गए थे। यहां एक चौंकाने वाला तथ्य ये भी है कि भारत ने झड़प के तुरंत बाद न केवल अपने शहीद सैनिकों के आंकड़े को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया था। बल्कि हालिया समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में गलवान के शहीदों की याद में एक भव्य स्मारक का उद्घाटन कर उसे राष्ट्र को समर्पित भी किया है। वहीं, चीन ने इस सैन्य झड़प में जान गंवाने वाले अपने सैनिकों के बारे में आधिकारिक पुष्टि करने में ही लगभग साल भर का समय लगा दिया था।

### अक्टूबर-2024 में खत्म हुआ विवाद

गौरतलब है कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पिछले साल अक्टूबर महीने में भारत और चीन के बीच हुए एलएसी विवाद से जुड़े दो अंतिम बिंदुओं जैसे डेमचौक और देपसांग से तनाव के खत्म होने के साथ ही इस विवाद के पूरी तरह से समाप्त होने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि तनाव को खत्म करने में दोनों देशों के बीच बीते वक्त में हुई सैन्य-कूटनीतिक बैठकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में हुई उच्च-स्तरीय बैठक इस मामले में मील का पत्थर साबित हुई। अब दोनों देश अपने शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन में ही द्विपक्षीय संबंधों को अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में फिर से सामान्य बनाने की प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रहे हैं।

---

### विशेष कार्य बल को मिली बड़ी कामयाबी

## पूर्वोत्तर को दहलाने की साजिश नाकाम चौपट हुआ प्लान, हत्थे चढ़े 11 जिहादी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

विशेष कार्य बल ने केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर ये गिरफ्तारियां कीं। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थसारथी महंत ने बताया कि सोमवार रात असम के बारपेटा, चिरांग और दरांग जिलों के साथ-साथ त्रिपुरा में भी एक अभियान चलाया गया। हमने कुल 11 जिहादी तत्वों को गिरफ्तार किया है जो बांग्लादेश स्थित संगठनों के सीधे आदेशों पर काम कर रहे थे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग इमाम महमूदर काफिला (आईएमके) मॉड्यूल के सदस्य थे। उन्होंने दावा किया, इनमें से 10 को असम से और



एक को त्रिपुरा से पकड़ा गया। इनका मुख्य उद्देश्य असम और पूर्वोत्तर के बाकी हिस्सों में अस्थिरता फैलाना था। वे देश के इस हिस्से में 'मुस्लिम वर्चस्व' स्थापित करना चाहते थे।

महंत ने बताया कि पुलिस दलों ने एक साथ की गयी छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में सामान जब्त किया लेकिन उनमें हथियार और गोला-बारूद शामिल नहीं है। भारतीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां पूर्वोत्तर, विशेषकर असम में जिहादी गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही हैं।

# सुशासन, संवेदना और महिला सशक्तिकरण मध्यप्रदेश में 'मोहन मॉडल' का सजीव अनुभव



भोपाल

जब आज से दो वर्ष पूर्व डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी, तभी यह आभास होने लगा था कि उनका नेतृत्व केवल प्रशासनिक स्थिरता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह शासन को एक 'नैतिक, सामाजिक और मानवीय दिशा' देने का प्रयास करेगा। सत्ता की बागडोर संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर यह स्पष्ट संकेत मिलने लगे थे कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विश्वासपात्र मुख्यमंत्रियों की सूची में शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान सुनिश्चित करेंगे। इसका कारण केवल राजनीतिक सामंजस्य नहीं, बल्कि नीति, नीयत और क्रियान्वयन का संतुलन था। मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान सब एक। यह केवल कहावत नहीं, बल्कि उनके शासन का स्वभाव बन चुका है। आज डॉ. मोहन यादव की पहचान केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि सबके भैया के रूप में बन चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यकाल के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि महिला सशक्तिकरण उनकी सरकार के लिए केवल एक योजनागत प्राथमिकता नहीं, बल्कि नैतिक प्रतिबद्धता है। यही कारण है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं को न केवल निरंतरता दी गई, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यापक स्वरूप प्रदान किया गया।

## प्रदेश की पहचान बनी लाड़ली बहना योजना



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लिखे गए ब्लॉग में यह दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए यह भरोसा दिलाया कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनका यह कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जब महिलाएँ आर्थिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त होंगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होंगे। लाड़ली बहना योजना आज मध्यप्रदेश सरकार की पहचान बन चुकी है। लगभग 1.26 करोड़ महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि का नियमित अंतरण न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि राज्य और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु भी है। इस राशि को चरणबद्ध रूप से 3 हजार रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार इस योजना को अल्पकालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक निवेश के रूप में देख रही है।

### प्रदेश में 47% स्टार्टअप्स महिलाएं चला रहीं

इस योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इससे महिलाएँ डिजिटल लेन-देन से जुड़ रही हैं और वित्तीय निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में योजना की 31वीं किश्त जारी करते हुए मुख्यमंत्री का यह कहना कि बहनों का आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी ताकत है, उनके नेतृत्व की भावनात्मक गहराई को दर्शाता है। महिला सशक्तिकरण को केवल प्रत्यक्ष सहायता तक सीमित न रखते हुए सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने पर विशेष ध्यान दिया है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए प्रति वर्ष एक लाख रुपये की आय का लक्ष्य रखा गया है।

## सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बनी




भोपाल।

केन्द्र सरकार के सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बन गईं। इनको मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से वित्तीय सहायता, बाज़ार सहायता एवं तकनीकी सहायता दी गई है। इनके स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की पहुंच बड़े बाजारों तक बनाने के लिये डिजीटल प्लेटफार्म पर लाकर ऑनलाईन मार्केटिंग की जा रही है। प्रदेश में लगभग 46,000 परिवारों को गैर कृषि आधारित लघु उद्यम गतिविधियों से जोड़ा गया है और 20 नए दीदी कैफे की शुरुआत की गई है। इन कैफे के माध्यम से महिलाएं अपनी आजीविका चला रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में नई रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। यह गर्व का विषय है कि 25 अगस्त 2024 को जलगांव (महाराष्ट्र) में हुए लखपति दीदी सम्मेलन मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुना जिले की लखपति दीदी श्रीमती गंगा अहिरवार को सम्मानित किया गया ।

### लखपति दीदी और मिलेट आधारित आजीविका संवर्धन

लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम के तहत 13.69 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। लखपति दीदी संगीता मालवीय ने 25 अगस्त 2024 को जलगांव (महाराष्ट्र) में हुए लखपति दीदी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संवाद करने का अवसर मिला। इसके साथ ही मिलेट आधारित आजीविका संवर्धन के तहत 9,000 महिला समूहों को मिलेट उपार्जन और प्रसंस्करण गतिविधियों से जोड़ा गया है। जिले डिण्डौरी और सिंगरौली में आधुनिक मिलेट प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की गई हैं, जो इन महिलाओं के लिए नई आजीविका के अवसर पैदा कर रही हैं।

### सशक्तिकरण की ओर कदम

महिला समूह सदस्यों ने पात्रता अनुसार शासन की योजनाओं का आगे बढकर लाभ लिया है। स्वच्छता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, बचत, बैंकिंग, डिजीटल लेन-देन, सुरक्षा बीमा आदि क्षेत्रों में उनके द्वारा न केवल स्वयं लाभ लिया गया है अपितु दूसरे लाभार्थियों के लिए मददगार भी बनी है। घरेलू हिंसा में कमी, लिंग भेद में कमी लाने के प्रयास करना तथा अन्य शासकीय अभियानों, शासकीय योजनाओं तथा सामुदायिक विकास के मुद्दों तथा निगरानी में भागीदारी बढी है। विगत पंचायत निर्वाचन में प्रदेश में लगभग 17 हजार समूह सदस्य महिलायें पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य आदि पदों पर निर्वाचित हुई हैं यह आंकडा बताता है कि विकास की मुख्यधारा से जुडकर जागरूक हुई महिलायें अपने सामाजिक, आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ राजनैतिक सशक्तीकरण की ओर भी तेजी से अग्रसर है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह मिशन ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रहा है साथ ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। ग्रामीण महिलाएं अब न केवल अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार कर रही हैं, बल्कि समाज और राजनीति में भी अपनी सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

## महिलाओं के खातों में 44,917.92 करोड़ रुपये पारदर्शी डिजिटल अंतरण

# सीएम डॉ. यादव का लक्ष्यः हर महिला को सुरक्षित जीवन हर बालिका को प्रोत्साहन तथा हर बच्चे को बेहतर भविष्य

भोपाल

मध्यप्रदेश में बीते दो वर्ष महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा, सम्मान और समग्र विकास के अद्वितीय कालखंड के रूप में दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील दृष्टिकोण से प्रदेश में महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा स्पष्ट रही है-हर महिला को सुरक्षित जीवन, हर बालिका को प्रोत्साहन तथा हर बच्चे को बेहतर भविष्य का अधिकार मिले। इन्हीं लक्ष्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक पहलें की गईं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की व्यापक लहर उत्पन्न हुई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मैं यह बताते हुए गर्व का अनुभव करती हूँ कि मिशन वात्सल्य के माध्यम से प्रदेश में हजारों बच्चों को नए जीवन अवसर प्रदान किए गए हैं। स्पॉन्सरशिप योजना ने कमजोर परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य किया है, जिसके अंतर्गत प्रति माह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता ने परिवारों और संस्थाओं दोनों को सशक्त बनाया है। वर्ष 2024-25 में 20,243 बच्चों को इस सहायता का लाभ मिला और वर्ष 2025-26 के लिए 32,896 बच्चों के प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने चौबीसों घंटे त्वरित सेवा उपलब्ध कराते हुए दो वर्षों में लगभग 48,872 बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की है।



### निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सबसे क्रांतिकारी पहलों में से एक रही है। कई राज्यों ने इसका अनुसरण किया है। जून 2023 से अक्टूबर 2025 तक महिलाओं को नियमित रूप से 29 किस्तों के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। तीन बार विशेष सहायता राशि के रूप में प्रति बहन 250 रुपये अतिरिक्त प्रदान किए गए, जिससे लाखों परिवारों को सीधा आर्थिक संबल मिला। कुल 44,917.92 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में पारदर्शी डिजिटल अंतरण के माध्यम से प्रदान किए गए, जिसने मध्यप्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई दिशा दी है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पिंक ड्राइविंग लाइसेंस

मिशन शक्ति के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटरों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पिंक ड्राइविंग लाइसेंस, जेंडर चैंपियन पहल और सशक्त वाहिनी कार्यक्रमों ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तीकरण को और मजबूती प्रदान की है। वर्ष 2024-25 में वन स्टॉप सेंटरों ने 31,763 महिलाओं को सहायता प्रदान की और 2025-26 में अक्टूबर तक 20,332 महिलाओं को त्वरित राहत और परामर्श उपलब्ध कराया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत नवजात बालिकाओं का स्वागत, पूजा-अर्चना और व्यापक पौधारोपण ने समाज में बेटियों के सम्मान की संस्कृति को मजबूत किया है। पिंक ड्राइविंग लाइसेंस और जेंडर चैंपियंस जैसी पहलें बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को नई उड़ान दे रही हैं।

### 12,670 मिनी आंगनवाड़ियों को पूर्ण आंगनवाड़ी में उन्नत किया

आंगनवाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। 12,670 मिनी आंगनवाड़ियों को पूर्ण आंगनवाड़ी में उन्नत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप सेवाओं की गुणवत्ता और महिलाओं के लिए रोजगार दोनों में वृद्धि हुई है। 'चयन पोर्टल' की शुरुआत ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया है और हजारों कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को नई नियुक्ति मिली है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में पीएम-जनमन तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्थान अभियान के माध्यम से सैकड़ों नए आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन प्रारंभ किया गया है। इससे जनजातीय महिलाओं और बच्चों को पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ उनके गांवों तक उपलब्ध कराई गई हैं। हजारों भवनों के निर्माण और उन्नयन से आंगनवाड़ी व्यवस्था अधिक सशक्त और सुरक्षित बनी है।

## आजीविका फ्रैश से जैविक खेती को मिला बाजार

जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए 2,107 आजीविका फ्रेश आउटलेट्स की स्थापना की गई है, जहाँ स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित रसायन-मुक्त सब्जियों की बिक्री हो रही है। इन आउटलेट्स से 55.2 करोड़ रुपये का व्यापार किया जा चुका है।

**लखपति दीदीः गरीबी से समृद्धि की ओर यात्राः** लखपति दीदी इनिशिएटिव के माध्यम से 8.87 लाख एसएचजी परिवारों को दो या अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को महज लाभार्थी नहीं, बल्कि निर्माता और नीति-निर्धारक बनने की प्रेरणा देती है।

**मार्केटिंग और ब्रांडिंग को मजबूतीः रूरल व स्टेट मार्टः** राज्य स्तरीय भोपाल हाट में स्थापित एक स्टेट मार्ट और जिलों में संचालित 43 रूरल मार्ट्स के माध्यम से एसएचजी उत्पादों को व्यापक बाजार मिला है। स्टेट मार्ट से 24.54 लाख रुपये एवं रूरल मार्ट्स से 2.94 करोड़ रुपये के उत्पादों की बिक्री की गई है।

**दीदी कैफेः स्वाद के साथ स्वावलंबन की मिसालः** प्रदेश भर में 169 दीदी कैफे महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री आवास स्थित दीदी कैफे का टर्नओवर सर्वाधिक 1.27 करोड़ रुपये रहा है। इसके अलावा भोपाल हाट परिसर में एक विशेष 'मिलेट कैफे' भी संचालित है।

**आजीविका एक्सप्रेसः परिवहन के साथ सेवाओं की डोरः** 219 आजीविका एक्सप्रेस वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित की गई है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।



### सशक्तिकरण और सेवा प्रदाय

17,000 से अधिक एसएचजी सदस्य महिलाएं पंचायत प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होकर स्थानीय शासन में अपनी भूमिका निभा रही हैं। वहीं एसएचजी समूह 2,790 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 50.24 लाख टन अनाज का उपार्जन कर 80.38 करोड़ रुपये का कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

### और भी हैं कई अभिनव प्रयास

4,147 समूहों द्वारा जल कर वसूली से 8.43 करोड़ रुपये की आय। 5 जिलों में टोल टैक्स वसूली से मासिक 1-1.5 लाख रुपये तक की आय। 72 सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्रों पर 2.37 लाख प्रतिभागियों को प्रशिक्षण। 2,228 एसएचजी द्वारा 2,970 सदस्य सरकारी पीडीएस दुकानों का संचालन। 407 गौशालाओं का सफल संचालन।

## 15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक

# समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसायों से मुनाफा कमा रहीं मध्यप्रदेश की महिलाएं

भोपाल

प्रदेश सरकार का महिला मिशन महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है।

इस मिशन के तहत, महिलाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर दिये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवार के लगभग 62 लाख सदस्यों को, लगभग 5 लाख स्व-सहायता समूहों से जोडा गया है। इनमें से लगभग 15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक अथवा करीब 10-12 हजार रुपये महीने तक पहुंची है। यह आंकडे मध्यप्रदेश में आर्थिक उन्नयन के प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं। इस मिशन के तहत महिलाओं को स्व सहायता समूह बनाकर कई प्रकार के व्यवसायों की शुरुआत करने का अवसर मिला। इन व्यवसायों में स्कूली ड्रेस सिलाई, पोषण आहार का संचालन, टोल टैक्स बैरियर प्रबंधन, राशन की दुकानों का संचालन, जल प्रबंधन, पंचायतों में कर संग्रहण और सड़कों के रख-रखाव जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इससे महिला सशक्तिकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। मिशन के समूहों से जुड़े परिवारों को आजीविका के एक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शन के साथ-साथ वित्तीय सहयोग भी दिया जा रहा है।



### 48,655 | महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा

विगत एक वर्ष में मिशन के अंतर्गत 48,655 महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही 479 ग्राम संगठन (व्ही.ओ.) और 35 संकुल स्तरीय संगठन (सी.एल.एफ) स्थापित किए गए हैं, जो ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान दे रहे हैं। मिशन ने 21,860 स्व-सहायता समूहों को कुल 43.57 करोड़ रुपये परिक्रामी निधि (रिवाल्विंग फण्ड) और 14,657 समूहों को 129.92 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) प्रदान की है। इसके अलावा, विभिन्न बैंकों से 1,38,192 समूहों को 3,115 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है, जो इन समूहों के आर्थिक विकास में सहायक बन रहा है।

### उद्योग आधारित आजीविका से बढ़े अवसर

स्वयं सहायता समूहों को स्थायी व्यवसाय और आजीविका के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना प्रारम्भ की गयी। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि प्रयोजनों के लिए किसानों को ड्रोन किराए पर देने में सक्षम बनाती है नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के पत्तों पर छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग से कृषि में उन्नत तकनीक की शुरुआत करती है। D-16132/25

1980-1994 बैच के पूर्व छात्रों ने एलुमनाई मीट का किया आयोजन

# 45 वर्ष बाद एक मंच पर आए 100 से अधिक पूर्व विद्यार्थी, पुरानी यादें ताजा कर संघर्ष, उपलब्धियों और जीवन के अनुभव को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अनंदराम टी. शाहानी , किशनचंद टी. शाहानी, सिंधू माध्यमिक विद्यालय स्कूल के वर्ष 1980-1994 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा भव्य एलुमनाई मीट आयोजित किया गया। लगभग 45 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस मिलन समारोह में देश-विदेश से आए 100 से अधिक पूर्व छात्र व शिक्षक शामिल हुए।

इस अवसर पर स्कूल के दिनों की यादें, संघर्ष, उपलब्धियां और जीवन के अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में शामिल छात्रों ने बताया कि किस तरह स्कूल में मिले संस्कार, अनुशासन और शिक्षा ने न केवल उनके व्यक्तित्व को संवारा, बल्कि उन्हें अपने-अपने कॅरियर में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।


एलुमनाई मीट में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

एलुमनाई मीट के दौरान छात्रों ने पुराने किस्सों को याद किया, समूह फोटो लिए, गीत-संगीत का आनंद लिया और एक-दूसरे की जीवन यात्रा को जाना। कई छात्र आज डॉक्टर, इंजीनियर, उद्यमी, कॉर्पोरेट प्रोफेशनल के रूप में समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एलुमनाई मीट के आयोजक दिनेश वाधवानी, विजय टेकवानी, राजा इसरानी थे। अतिथि के रूप में डॉ. पवन मिश्रा, डॉ. बीके मिश्रा, डॉ. ए के सिंह, वासदेव वाधवानी, महेश दयारामानी, सुरेश राजपाल, विमला हिंगोरानी मंचासिन थे। इस अवसर पर नवयुवक सभा प्रबंध समिती के सदस्य धर्मप्रकाश मोटवानी, पुरुषोत्तम टिलवानी, कन्हैयाल रामनानी, कमल प्रेमचंदानी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## मिलन समारोह का उद्देश्य सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करना है


एलुमनाई मीट के दौरान मस्ती में थिरकते हुए पूर्व विद्यार्थी।

आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के मिलन समारोह का उद्देश्य केवल यादें ताज़ा करना नहीं, बल्कि भविष्य में भी एक-दूसरे से जुड़े रहना और सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करना है। छात्रों ने कहा कि स्कूल ने उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों से समृद्ध किया। स्कूल के शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का असर आज भी उनके जीवन और कॅरियर में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कार्यक्रम के दौरान कई भावुक और खुशहाल क्षण कैमरे में कैद किए गए। समूह फोटो और सेल्फी के साथ यह आयोजन सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

## खबर संक्षेप



### नगर में चल रही राम कथा का समापन

**औबेदुल्लागंज।** नगर में चल रही राम कथा का मंगलवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर माता-बहनों ने सहयोग किया। काशी बनारस से पधारे कथावाचक राजेश शास्त्री महाराज सभी श्रोतागणों को राम कथा का श्रवण कराया। इस मौके पर आरती यादव, अनिता पांडे, सुनीता सनी, राजबाई मल्होत्रा, कांता यादव, कविता यादव, माखन सेन, प्रियंका गुप्ता, पूजा लोधी, रेखा कपूर, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लैंस यादव, नंदलाल यादव आदि ने सहयोग किया।

### किसानों के लोकप्रिय बने कोठारी

**औबेदुल्लागंज।** राजनीति में तेजी से बढ़ने की कला पंकज कोठारी ने सिद्ध कर दी। 2 साल में पंकज कोठारी मीडिया प्रभारी बने एवं लोकप्रियता हासिल कर व्यापारियों एवं युवाओं में किसानों में एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में पंकज कोठारी लोकप्रिय बने। पंकज कोठारी सरल स्वभाव, किसान, व्यापारी के रूप में उभरे हैं। उनकी चर्चा तेजी से तामोट में फैली। किसान कहते हैं कि कोई भी काम हो पंकज कोठारी हमारे लिए खड़े रहते हैं। पंकज कोठारी सक्रिय हो जाएं तो वे अध्यक्ष बन सकते हैं। इसका प्रमाण हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष का चुनाव है, जो उनके सक्रियता से ही संपन्न हुआ।



### आज कई क्षेत्रों में घंटों बंद रहेगी बिजली

**संतनगर।** बुधवार को प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक 11 केवी बैरागढ़ कला फीडर एवं जाट एरिया फीडर पर विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इसके कारण जाट एरिया, कैंप नंबर 12, नंदा नगर, मथाई नगर, सर्वोदय कॉलोनी, बैरागढ़ कला, मीरपुर, महाकाल कॉलोनी, बम-बम भोले रोड एवं संबंधित एरिया में विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा। आवश्यकता अनुसार यह समय अवधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है।

### रिश्वत मांगने वाला एएसआई निलंबित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कटनी में स्थित बहोरीबंद थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) संत लाल गोटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो गंभीर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली से जुड़े आरोपों को स्वीकार करते हुए नजर आ रहा है।वीडियो के संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मामले की जांच के बाद एएसआई संत लाल गोटिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र कटनी में अटैच किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि, भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1694 | | |
| दिन: | 168 | 57 | 359 |
| रात: | 269 | 75 | 258 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 477 | 89 | 234 |
| रात: | 567 | 80 | 677 |

आरोपी पर 3 थानों में आर्म्स एक्ट समेत 16 आपराधिक मामले दर्ज

# शराब के लिए 500 रुपए नहीं देने पर युवक को मारी छुरी, 24 घंटे में अरेस्ट

पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई छुरी भी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अड़ीबाजी और चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हनुमानगंज थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए 500 रुपए नहीं देने पर युवक पर छुरी से हमला करने वाला आरोपी महज 24 घंटे में पुलिस गिरफ्त में आ गया है। आरोपी की पहचान नोमान खान उर्फ तंजिल उर्फ लाला उर्फ नोमान लाला के रूप में हुई है, जो पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का बताया जा रहा है।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी पर शहर के तीन अलग-अलग थानों में आर्म्स एक्ट सहित कुल 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने न सिर्फ आरोपी को पकड़ा, बल्कि वारदात में इस्तेमाल की गई छुरी भी बरामद कर ली। घटना सोमवार मंगलवार की रात करीब 12.30 बजे की है। इंद्रानगर निवासी 21 वर्षीय फरियादी मोहम्मद शारिक सलीम चौक पर मौजूद था। इसी दौरान आरोपी नोमान वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए उससे 500 रुपए मांगने लगा। शारिक ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब शारिक ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने छुरी निकालकर उसके बाएं पैर की जांघ में वार कर दिया था।


हनुमानगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### 16 मामलों का आपराधिक इतिहास

नोमान लाला का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उस पर हनुमानगंज, गौतम नगर, मंगलवारा, कोतवाली और शाहजहांनाबाद थानों में चोरी, मारपीट, धमकी और आर्म्स एक्ट के कुल 16 मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई छुरी बरामद कर ली। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय भोपाल के समक्ष पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसकी आपराधिक गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

### मुखबिर की सूचना से पकड़ा गया आरोपी

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नोमान काजी कैंप स्थित एक चाय की दुकान के पास खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नोमान खान उर्फ तंजिल उर्फ लाला उर्फ नोमान लाला बताया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने छुरी रेलवे ग्राउंड में सीमेंट के पत्थर के पास छिपा दी है।

### जान से मारने की धमकी भी दी

पीड़ित के अनुसार, हमला करने के बाद आरोपी ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो जान से खत्म कर देगा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में शारिक थाने पहुंचा और पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। इधर, शहर में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र के निर्देश पर सभी थानों को सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी और पुलिस उपायुक्त जोन 3 अभिनव चौकसे के निर्देशन में टीम गठित की। टीम को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी का टास्क सौंपा गया।

# पुलिस ने किया हत्या का खुलासा... गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला ही निकला हत्या का आरोपी

## पुरानी रंजिश का बदला लेने आंख और पेट में गोली मारकर की हत्या

पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक की कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

पुरानी रंजिश के चलते हुई अविनाश शर्मा की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाले नीरज सेन की मदद से मुख्य आरोपी अमित जाट उर्फ बंटी फौजी ने हत्या को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए अविनाश की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों में से छह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार है।

रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि नर्मदापुरम निवासी अविनाश शर्मा पिता वीरभान शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट 26 दिसंबर को सतलापुर थाने में दर्ज की गई थी। तीन दिन बाद सोमवार को उनका शव शाहगंज के दबोटा घाट में मिला। सतलापुर और मंडीदीप पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच पड़ताल कर घटना की गुत्थी सुलझाई। पता चला कि 26 दिसंबर को सतलापुर क्षेत्र के नीरज सेन के खेत में शराब पार्टी का आयोजन किया गया था। इसमें नीरज सेन, मुनीम रवि अवस्थी और राहुल साहू के अलावा मृतक अविनाश शर्मा के अलावा मुख्य आरोपी अमित जाट उर्फ बंटी फौजी व नीरज मीणा शामिल थे।

पुरानी रंजिश के चलते बंटी फौजी ने अविनाश की आंख और पेट में अवैध पिस्टल से दो गोलियां मारी, वहीं एक गोली नीरज मीणा ने मारी थी। फौजी को शक था कि करीब 20 दिन पहले बबाई स्थित एक मछली फार्म में अविनाश के लोगों ने फायरिंग की थी, जिसका बदला लेने के लिए यह हत्या की गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी बंटी फौजी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी नीरज मीना फरार बताया जा रहा है। हत्या में इस्तेमाल हथियार और वाहन भी जब्त कर लिए गए हैं। एसपी आशुतोष गुप्ता ने मात्र 48 घंटे में घटना सुलझाने वाली टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। मामले में आगे की जांच जारी है।


रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए।


पुलिस गिरफ्त में हत्या के छह आरोपी।

# बैठक में मानस कल्याण समिति के चुनाव के लिए सदस्यों ने उठाया मुद्दा

## समिति की बैठक का कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज


अशोक मित्तल

मानस कल्याण समिति को लेकर नगर में राजनीति गरम हो गई है। मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्य अशोक मित्तल मानस कल्याण समिति की बैठक में नहीं पहुंचे। कुछ वरिष्ठ लोगों ने बैठक का बहिष्कार भी किया। कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्य विनोद इरपाचे, प्रेम नारायण सोनी सहित अन्य सदस्यों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने जानकारी चाहि की बैठक के एजेंडा में जो बिंदु है इसका उल्लेख पत्र में नहीं है, वर्तमान में आजीवन सदस्यों को किस आधार पर सदस्य बनाया और सदस्य शुल्क कितनी ली गई और सदस्यता की प्रमाणित प्रतिलिपि लिखित में बताना चाहिए।

2 साल से स्थाई सदस्य अशोक मित्तल मानस कल्याण समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल मालवीय, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष उत्तम यादव, मानस कल्याण समिति के 20 साल पुराने 300 सदस्यों ने 2 साल से एसडीएम, तहसीलदार, कलेक्टर, विधायक, प्रभारी मंत्री एवं रजिस्टार ऑफिस में ज्ञापन देकर मांग की है कि मानस कल्याण समिति कि जांच हो एवं रिसीवर प्रशासक नियुक्त हों। मानस कल्याण समिति के 23 साल से चुनाव क्यों नहीं हुए हैं, यह चर्चा का विषय है। मानस कल्याण समिति के स्वर्गीय संस्थापक सदस्य जे. के मित्तल ने 2016 में चुनाव कराने की एवं मानस कल्याण समिति की जांच के लिए मांग उठाई थी कि लोकायुक्त आर्थिक अपराध शाखा से इसकी जांच हो और 23 साल का पूरा रिकॉर्ड जब्त कर रिसीवर कायम किया जाए। मगर 2016 में स्वर्गीय जेके मित्तल की भावना पर कार्य नहीं हुआ नगर में 300 पुराने मानस कल्याण समिति के सदस्यों ने मांग की है कि मानस कल्याण समिति का रिसीवर कायम करक उच्च स्तर पर जांच हो इसके बाद निष्पक्ष चुनाव कराया जाए।

### कोलार की दृष्टि सिटी में कुत्ते पर क्रूरता का मामला पेट लवर्स नाराज

**भोपाल।** शहर के कोलार स्थित दृष्टि सिटी में एक स्ट्रीट डॉग के साथ पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। पेट लवर्स के अनुसार कुत्ते को पीछे से क्लच वायर से कसकर बांधा गया था, जिससे उसकी कमर बुरी तरह घायल हो गई। किसी शरारती तत्व द्वारा यह हरकत की गई है। बताया जा रहा है कि डॉग कई दिनों तक भूखा, प्यासा और डरा हुआ अवस्था में उसी हालत में पड़ा रहा। तीन दिनों बाद वह किसी तरह बाहर निकल पाया। उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर बताई गई। पेट लवर्स अयान खान ने बताया कि जानकारी मिलते ही वायर काटकर उसका उपचार शुरू कराया गया। फिलहाल कुत्ते का इलाज जारी है और चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इस घटना के सामने आने के बाद पशु प्रेमियों में नाराजगी है।

नजीराबाद में वन परिक्षेत्र अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

# स्कूली बच्चों को कराया जंगल का भ्रमण, पेड़ पौधों और औषधीय उपयोग के बारे में बताया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नजीराबाद के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

वन परिक्षेत्र नजीराबाद के अंतर्गत दूसरे चरण में सिंधौड़ा बीट में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश इको-पर्यटन विकास बोर्ड और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में, मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव की ओर, थीम पर आधारित था। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नजीराबाद के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

विशेष प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र में शासकीय प्रेरक सेवानिवृत्त उप वन मण्डलाधिकारी सुदेश बाघमारे ने छात्रों को जंगल का भ्रमण कराकर उन्हें पेड़-पौधों की पहचान, उनके औषधीय उपयोग और पर्यावरण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खाद्य श्रृंखला, जल संरक्षण, दीमक की बांबी, तथा बिल्ली और कुत्ता प्रजातियों के अलावा हिरण और मृग प्रजातियों के बीच अंतर को भी समझाया। इसके अतिरिक्त नदी-नालों में जल प्रवाह और भू-जल संरक्षण की जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित उपवन मंडलाधिकारी भोपाल धीरज सिंह चौहान ने उपस्थित समस्त छात्रों, अतिथियों, शिक्षक स्टाफ सहित सभी को पर्यावरण और जंगलों की सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं सभी ने सहभोज का आनंद भी लिया।


कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी और वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

40 दिवसीय प्रभात फेरी के समापन अवसर पर बोले सबनानी

# अमर कथा को घर-घर में स्थापित कर नियमित पाठ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भगवान झूलेलाल के 26वें वंशज, 1008 सूर्यवंशी ठकुर साईं मनीषलाल साहब जी (साईं भरूचवारा) की आज्ञा से नाहिरी माह के पावन अवसर पर पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब के निमित्त झूलेलाल ठकुर आसनलाल मंदिर, बी वार्ड, पुराना बैरागढ़ से 21 नवंबर को प्रारंभ हुई 40 दिवसीय प्रभात फेरी का मंगलवार को समापन हुआ।

पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत आसवानी ने बताया कि समापन अवसर पर प्रातः 5 बजे पूज्य बहिराणां साहिब का विधिवत आयोजन किया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई, जिसका शहर के विभिन्न स्थानों पर भक्तजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से खूबचंदानी परिवार, धर्मानी परिवार, शेरू रीझवानी परिवार, सुखानी परिवार, पूज्य सिंधी पंचायत एवं चंद्र भोजवानी परिवार शामिल रहे। भक्तजन ढोल बालजों की धुन पर झूमते-नाचते हुए कमला पार्क स्थित शीतलदास की बगिया में झूलेलाल घाट पहुंचे। इस पावन अवसर पर भोपाल दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी, सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी तथा एडवोकेट घनश्याम पंजवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक सबनानी ने कहा कि प्रत्येक समाजजन को अमर कथा का नियमित पाठ करना चाहिए एवं इसे अपने घरों में स्थापित करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को सनातन धर्म की संपूर्ण जानकारी मिल सके और वे अपने धर्म का पालन कर सकें।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता एवं अखंडता बनी रहती है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूज्य ठकुर साईं मनीष लाल साहब द्वारा चलाए जा रहे धार्मिक अनुष्ठान एवं आयोजनों को वह नमन करते हैं जिससे समाज में एकता कायम होती है तथा उन्होंने आयोजकों को इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में पूज्य बहिराणां साहिब का जल में विधि-विधान से विसर्जन किया गया तथा इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


प्रभात फेरी निकालते हुए लोग।


श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक सबनानी।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

## कोर्ट ने 500 रुपए के अर्थदंड से भी किया दंडित

विधिक संवाददाता, भोपाल

चरित्र पर शंका होने के कारण पति से अलग रह रही पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी पति दिलीप मेहरा पुत्र घासीराम मेहरा आयु 32 वर्ष निवासी इंद्रपुरी पिपलानी भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश ने बीएनएस की धारा-103(1) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार 25 अगस्त 2024 को आरोपी पति दिलीप मेहरा ने थाना पिपलानी पहुंचकर बताया कि उसकी पत्नी छाया उससे अलग रह रही थी। उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी। इसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी छाया से विवाद होता रहता था। सुबह 9:00 बजे दोनों के मध्य हुए विवाद पर उसने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। थाना पिपलानी ने आरोपी की सूचना के आधार पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा- 103(1) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाकर घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। संपूर्ण विवेचना के उपरान्त विवेचना अधिकारी ने जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

# भक्तों ने व्रत रखा, मंदिरों में पूजा-पाठ, किया भगवान का अभिषेक व श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान विष्णु की आराधना के लिए सर्वोत्तम तिथि एकादशी होती है। इस साल की अंतिम एकादशी व्रत पुत्रदा एकदशी के रूप में मंगलवार को लोगों ने रखा। इस दौरान राजधानी के बिड़ला मंदिर, श्रीजी मंदिर, गुफा मंदिर, श्रीजी मंदिर व बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में विशेष-पूजा-पाठ अभिषेक किया गया। मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ जुटी रही है। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर घर-परिवार की सुख-शांति के लिए आशीर्वाद मांगा।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुभ योग में साल की आखिरी एकादशी पुत्रदा एकादशी पर श्रद्धालुओं को व्रत रखकर भगवान की पूजा-पाठ कर स्नान-दान किया। साथ ही अपने पूर्वजों को याद किया। ब्राह्मणों को भोजन कराया। गरीबों को दान दिया। इस व्रत में जगत के पालनहार श्री हरि विष्णु की पूजा आराधना की जाती है। गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि पौष पुत्रदा एकादशी व्रत करने से वाजपेय यज्ञ के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, जिन लोगों की संतान नहीं है उन लोगों के लिए ये व्रत शुभ फलदायी है। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती।

साल की अंतिम पुत्रदा एकादशी धूमधाम से मनाई, भक्तों ने व्रत रखकर की पूजा

जगत के पालनहार श्री हरि विष्णु की आराधना भक्तिभाव के साथ की जाती है


तलैया रोड स्थित बांके बिहारी रोड पर मंदिर का दृश्य।

### बांके बिहारी बनकर राधावल्लभ ने दिए भक्तों को दर्शन

इतवारा स्थित श्री हित राधावल्लभ मंदिर में पुत्रदा एकादशी के अवसर पर राधावल्लभ ने अपने भक्तों को बांके बिहारी के स्वरूप में दर्शन दिए। उल्लेखनीय है कि राधावल्लभ लाल वर्ष में दो बार खिचड़ी उत्सव के दौरान बांके बिहारी बनकर भक्तों को दर्शन देते हैं जिसका भक्त बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। इस विशेष झांकी में राधावल्लभ लाल ने पीली पोशाक धारण की तथा भव्य मुकुट से सुसज्जित रहे। गर्भगृह में केवल दीपक की मंद रोशनी में हुए, इन दर्शन ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति रस का वातावरण बना रहा।


बांके बिहारी मंदिर का दृश्य।

### बाबा खाटू श्याम का किया विशेष श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नोदुर्गा मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए गया। इसके बाद भजन संध्या की गई। बाबा की ज्योत प्रज्जवलित की गई।

## खबर संक्षेप

### फेक फैकल्टी मिली तो प्रिंसिपल होंगे जिम्मेदार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी एएसयू मेडिकल कॉलेजों में अगर ऑन पेपर और फेक फैकल्टी मिली तो कॉलेज के प्रिंसिपल जिम्मदार होंगे। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय एनसीआईएसएम के प्रेसीडेंट डॉ मुकुल पटेल ने एएसयू मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल और एचओडी को पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि अगर कॉलेज में फर्जी फैकल्टी मिली तो सख्त कार्रवाई करने के साथ प्रिंसिपल को जिम्मेदार माना जाएगा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन आयोग के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि एनसीआईएसएम प्रेसीडेंट के पत्र के अनुसार फेक फैकल्टी या ऑनपेपर फैकल्टी कॉलेज में मिलती है तो प्रिंसिपल भी जिम्मेदार रहेगा। आयोग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि आयुष कॉलेजों में फिजिकली अबसेंट पर ऑनपेपर प्रजेंट टीचिंग फैकल्टी व मेडिकल ऑफीसर्स रहते है जिससे छात्रों का अध्ययन अध्यापन प्रभावित होता है। आयोग ने तो यहां तक कह दिया है कि जितना भी एकेडमिक स्टॉफ संस्थान में कार्यरत है उनको ऑफीशियल नोटिस बोर्ड में डिस्प्ले करना होगा। ऑनपेपर, फेक फैकल्टी अथवा किसी भी अनुचित कार्यों हेतु प्रिंसिपल ही क्यों कॉलेज मैनेजमेंट व एनसीआइएसएम आयोग भी जिम्मेदार हैं क्योंकि एईबीएएस विद आइरिस लाइव अटेंडेंस सीधे आयोग से कनेक्ट रहती है। निश्चित रूप से आयोग के सख्त कदम से कॉलेजों में गुणात्मक सुधार होगा।

### बंदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, जांच के निर्देश

**भोपाल।** राजधानी स्थिति सेंट्रल जेल में बंद एक बंदी की हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु होने की घटना पर मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में केंद्रीय जेल अधीक्षकको जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विहित प्रोफार्मा में प्रतिवेदन ईलाज संबंधी दस्तावेज आदि के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी तलब किया है। मामले में आयोग के संज्ञान में आया है कि विदिशा निवारी 22 वर्षीय युवक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में थाना छोला मंदिर से गिरफ्तार किया था। वह सेंट्रल जेल में बंद था। बंदी की तबीयत खराब होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

■ मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया मामले में संज्ञान

### 'स्वदेशी बढ़ाओ संकल्प रथ यात्रा' का समापन समारोह राजधानी में हुआ आयोजित

# स्वदेशी मात्र आर्थिक विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा से जुड़ा ज्वलंत आंदोलन


समापन समारोह को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'स्वदेशी बढ़ाओ संकल्प रथ यात्रा' का समापन समारोह मंगलवार को राजधानी भोपाल में आयोजित किया गया।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा 1 दिसंबर को जिला पांढुर्ना से प्रारंभ हुई थी, जो प्रदेश के अनेक जिलों से गुजरते हुए मंगलवार को भोपाल पहुंची। भोपाल में यह यात्रा मानसरोवर कॉलेज से न्यू मार्केट तक रैली के रूप में निकाली गई, जहां मार्ग में नागरिकों एवं व्यापारियों पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। समापन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं विधायक भगवानदास सबनानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा से जुड़ा आंदोलन है, जिससे रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक केशव दुबोलिया, क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, प्रांत पदाधिकारी हेमंत रावत, स्वदेशी जागरण मंच, मध्यभारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, प्रतिभा शुक्ला, कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच से केशव बुधौलिया, सुधीर दाते, सीमा भारद्वाज एवं कैट से सुनील अग्रवाल, राजीव खंडेलवाल, सुनील जैन,, धर्मेन्द्र शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वदेशी को अपने व्यापार का मूल मंत्र बनाएं: खंडेलवाल


कार्यक्रम में उपस्थितों को शपथ दिलाते अतिथि।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस अवसर पर व्यापारियों से आह्वान किया कि वह स्वदेशी को अपने व्यापार का मूल मंत्र बताएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप दें। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी, बल्कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक सशक्त होकर उभरेगा।

### स्वदेशी की सामूहिक शपथ दिलाई

इस अवसर पर स्वदेशी अपनाने, विदेशी उत्पादों के बहिष्कार एवं देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी की सामूहिक शपथ भी दिलाई। शपथ के दौरान पूरा सभागार "हर घर स्वदेशी" के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन कैट भोपाल के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने किया। उन्होंने भोपाल में "स्वदेशी मार्ट" स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया, जिससे देशभर के स्वदेशी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके और आम नागरिक स्वदेशी को व्यवहारिक रूप में अपना सकें।


आयोजन में संकल्प लेती स्वदेशी जागरण मंच की महिला पदाधिकारी।

### मालती ने की हेल्पलाइन की समीक्षा

# शिकायतें पेंडिंग देख नाराज हुईं महापौर, अफसरों की ली क्लास


समीक्षा करतीं महापौर।

*स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट डॉग से लोग परेशान, दिसंबर में 3111 दर्ज हुई शिकायतें, 868 अभी भी लंबित, स्ट्रीट डॉग की 248 शिकायतें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को महापौर हेल्पलाइन की महापौर मालती राय ने समीक्षा की। इस दौरान पेंडिंग शिकायतों को देखकर वे नाराज हो गईं। उन्होंने तत्काल अफसरों से मोबाइल पर बात कर 24 घंटे में पेंडिंग शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। महापौर हेल्पलाइन में सीवेज, भवन अनुज्ञा और जल प्रदाय से संबंधित समस्याएं बड़ी संख्या में लंबित हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें स्ट्रीट लाइट 262 और स्ट्रीट डॉग की 248 हैं। हेल्पलाइन में दिसंबर माह में कुल 3111 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 2243 का निराकरण हुआ। जबकि 868 शिकायतें अब भी पेंडिंग हैं।

### छींद धाम यात्रियों की बसों को किया रवाना


छींद के लिए यात्रियों को रवाना करतीं महापौर।

महापौर मालती राय ने मंगलवार को शाहपुरा क्षेत्र के करीब 250 श्रद्धालुओं की बसों को झंडी दिखाकर छींद धाम के लिए रवाना किया। उक्त यात्रियों के साथ पार्षद अरविंद वर्मा भी छींद यात्रा पर रवाना हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### स्कूलों में भ्रमण कर दी योजनाओं की जानकारी

# एसपीएम कॉलेजः अभियान टीम का प्राचार्य के मार्गदर्शन में गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय के आदेश के तारतम्य में मंगलवार को शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान की टीम का गठन किया गया। इसके तहत 30 दिसंबर तक प्रज्ञा हायर सेकेंडरी स्कूल, शा सुभाष उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, शा. नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल, शा. सरोजनी नायडू हायर सेकेंडरी स्कूल, शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोटरा, सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया गया।

### छात्रवृत्ति सहित कई योजनाओं की जानकारी दी

स्कूलों में नई शिक्षा नीति 2020 सहित मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तहत प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियां जैसे- गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, आवास सहायता, पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना, दिव्यांग योजना, सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप योजना, निःशुल्क स्टेशनरी एवं पुस्तकें वितरण योजना सहित बीए., एमए, बी.कॉम, एमकाम., बीएससी, एमएससी सहित महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, कैरियर मार्गदर्शन, खेलकूद के संबंध में जानकारी दी गई।

### साक्षात इतिहास और आस्था का संगम

# दुर्लभ संयोगः सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सनातन आस्था और इतिहास का एक दुर्लभ व भावनात्मक संगम साकार होने जा रहा है, जिस सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को आक्रमणों, विध्वंस और सत्ता के अत्याचार भी समाप्त नहीं कर सके, वही दिव्य ज्योतिर्लिंग अब भक्तों के आह्वान पर भोपाल पधार रहा है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उस अखंड शिव-आस्था का जीवंत प्रतीक है, जो पिछले एक हजार वर्षों से हर संकट के बावजूद जीवित रही है। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग भारत की सांस्कृतिक चेतना, आत्मबल और पुनर्निमाण की शक्ति का प्रतीक रहा है, जिसने यह सिद्ध किया कि सनातन आस्था को न तो मिटाया जा सकता है। आर्ट ऑफ लिविंग जिला समन्वयक सुनील कुशवाह ने बताया कि यह अवसर शिव और भक्त के बीच उस मौन संवाद का साक्षी बनने का है, जिसे पंचोपचार पूजन के माध्यम से अनुभव किया जाएगा।



### अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

# बीयू को नीति आयोग के सहयोग से 108 राज्य सार्वजनिक विवि में किया शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता विषय पर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सर्वे कार्यकम का आयोजन किया गया। यह सर्वे नीति आयोग के प्रतिनिधियों द्वारा एफआईटीटी, आईआईटी दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें बीयू को देश के चयनित 108 राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है। कुलपति प्रो. एसके जैन ने संबोधन में विश्वविद्यालयों में अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल देते हुए ऐसे राष्ट्रीय अध्ययनों को भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण बताया।

### ईसी मेंबर भी शामिल रहे

इस कार्यक्रम में कार्यपरिषद के सदस्यों सहित इन्वेस्टर इकोसिस्टम के सदस्य, सरकारी अधिकारी, पूर्व छात्र (एलुमनाई), मेंटर्स, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में विवि के शिक्षक, सहभागिता करने वाले विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संयोजक प्रो. रागिनी गोठलवाल रहीं। विवि प्रशासन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार माना।

### नेटकॉन 2025 सम्मेलन में शामिल हुए

# पोषण विज्ञान को सीमित परिभाषाओं में नहीं समेटा जा सकताः डॉ. बंसल


नेटकॉन 2025 सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के 100वें राष्ट्रीय सम्मेलन में भोपाल समेत देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञों ने आहार वसा और हृदय स्वास्थ्य के पारस्परिक संबंधों पर विज्ञान-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता जताई। विशेषज्ञों ने कहा कि बदलते वैज्ञानिक शोध के परिप्रेक्ष्य में पुरानी धारणाओं का पुनर्मूल्यांकन अनिवार्य है। सम्मेलन में डॉ. वरुण बंसल और डॉ. केतन मेहता ने वैश्विक शोध और क्लिनिकल साक्ष्यों के आधार पर आहार वसा, पाम ऑयल और हृदय संबंधी रोगों (कार्डियोमेटाबॉलिक) के उपचारों पर व्याख्यान दिया। एथेरोस्क्लेरोसिस, सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयलः क्या वास्तव में इनका परस्पर संबंध है? विषय पर डॉ. बंसल ने बताया कि वसा के कुछ विकल्पों से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम हो सकता है, किंतु वे हृदय संबंधी मृत्यु दर को कम करने में सदैव प्रभावी नहीं रहे हैं। इसके विपरीत ट्रांस फैट की तुलना में पाम ऑयल के परिणाम कहीं अधिक सकारात्मक पाए गए हैं। सम्मेलन के संबोधित करते हुए डॉ. केतन मेहता ने कार्डियोमेटाबोलिक सिंड्रोम में पाम टोकोट्रिएनोल्स की भूमिक पर अपनी शोध परक प्रस्तुति दी।

### एक-एक हजार वर्गफीट के प्लॉट देने के नाम पर धोखाधड़ी, देहात पुलिस को सौंपी जांच

# पोस्टर, होर्डिंग्स लगाकर दूसरे की जमीन में रजिस्टर्ड एग्रीमेंट से बेच दिए प्लॉट

*महिला सहित तीन लोगों ने मिलकर रची कहानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाली पड़ी जमीन पर होर्डिंग्स लगाकर प्लॉट बेचने के लिए पोस्टर भी छपवा लिए। जिसके आधार पर महिला सहित दो लोगों ने दूसरे की जमीन पर प्लॉट बेचने का पंजीयन विभाग में फर्जी तरीके से दो रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी करा लिए। जिसके आधार पर एक-एक हजार वर्गफीट का प्लॉट खरीदने वाली आशा पाठक और नामदेव साहू ने दो लाख रुपए नगदी और चेक से दे दिए। बाद में पता चला कि अनुबंध में जिन खसरों में प्लॉट बताया गया है वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है। अब यह लोग न तो राशि वापस कर रहे हैं और न ही प्लॉट की रजिस्ट्री करा रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 130 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

जनसुनवाई में आशा पाठक पत्नी अमरेश पाठक निवासी आराधना नगर बरखेड़ा और नामदेव साहू पिता लखनलाल साहू निवासी खजूरी कला ने बताया कि अंजुला चौहान, राहुल चौहान और संदीप धाकड़ निवासी नवजीवन कॉलोनी छोला मंदिर ने धोखाधड़ी कर फर्जी प्रॉपर्टी के रजिस्टर्ड एग्रीमेंट से बैरसिया के करारिया में एक-एक हजार वर्गफीट के दो प्लॉट बेचे हैं। जिसके बदले में तीनों ने दो लाख रुपए भी लिए हैं।


जनसुनवाई का दृश्य।

### राहुल ने बनवा ली फर्जी पॉवर ऑफ अटर्नी

शिकायत में बताया गया कि राहुल सिंह ने फर्जी पॉवर ऑफ अटर्नी से फरवरी 2024 में दो अनुबंध किए थे, जबकि राशि उसके साथी संदीप धाकड़ ने चैक और केश में ली है। जिस खसरे के आधार पर रजिस्टर्ड अनुबंध किया गया, उस पर अन्य लोगों के नाम हैं।

### पुलिस ने दर्ज नहीं किया केस

पीड़ितों ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी तरीके से पॉवर ऑफ अटर्नी बनवाने और रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने के बाद भी बैरसिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मामले की जांच पुलिस अधीक्षक देहात को सौंपी गई है।

### बिजली कर्मचारियों की शिकायत

ईंटखेड़ी अगरिया के रहवासियों ने शिकायत में बताया कि बिजली विभाग के फील्ड कर्मचरी संतोष अग्रवाल और बब्लू मीणा किसानों से राशि लेकर उनके खेतों में पानी की मोटरें चलवाते हैं। इसके साथ ट्रांसफार्मर जलने पर दस से पंद्रह हजार रुपए लेकर दूसरे ट्रांसफार्मर रखवा देते हैं। ग्रामीण श्यामलाल और सीताराम का आरोप है कि जो किसान इनको राशि नहीं देते उनका केस बना देते हैं।



## युद्ध की निरर्थकता और मृत सैनिकों की दशा दर्शाता नाटक 'दफन करो' का मंचन रविंद्र भवन में

# सैनिकों के दर्द, उनके परिवारों पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव को दर्शाता नाटक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युद्ध में मारे गए सैनिकों के दर्द, उनके शरीर के सम्मानपूर्वक दफन न हो पाने की त्रासदी और इससे उनके परिवारों पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव को बेहद संवेदनशीलता के साथ दशार्ता नाटक 'दफन करो' का मंचन मंगलवार शाम रविंद्र भवन सभागार में किया गया। युद्ध की निरर्थकता और उसके मानवीय पहलुओं पर प्रकाश डालते इस नाटक का लेखन व निर्देशन सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। एमपीएसडी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नाटक को कुछ नए ढंग से मंच पर लाया गया, जहां नाटक में कलाकार एमदम नए थे तो वहीं मंच सज्जा ओर म्यूजिक ने नाटक में जान डाल दी। समकालीन और प्रासंगिक विषय पर आधारित इस नाटक ने युद्ध के मानवीय पक्ष को सामने लाते हुए दर्शकों को भीतर तक झकझोर दिया।


मंच पर अभिनय करते नाटक के कलाकार।

### नाटक की कथा

नाटक की कहानी एक अज्ञात देशकाल में चल रहे दो वर्षों पुराने युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। युद्ध में दो दिन पूर्व मारे गए छह सैनिकों को युद्ध क्षेत्र में ही दफनाया जा रहा होता है। तभी अचानक वे सैनिक उठकर खड़े हो जाते हैं और दफन होने से इनकार कर देते हैं। हाई कमान, आर्मी जनरल और कैप्टन सभी परेशान हो जाते हैं। वे सैनिकों को देश, देशभक्ति, कर्तव्य, इतिहास और जीवन की नश्वरता का हवाला देकर उन्हें दफन होने के लिए मनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन मृत सैनिक अपने ठोस तर्कों पर अड़े रहते हैं।

### मृत सैनिकों के सवाल

मृत सैनिक कहते हैं कि युद्ध कुछ गिने-चुने लोगों की सत्ता-लोलुपता, महत्वकांक्षा और व्यापारिक स्वार्थों के लिए लड़े जाते हैं, जबकि इनमें मरता है आम आदमी। वे बताते हैं कि वे जीना चाहते थे-एक किसान की तरह, एक बेटे और दोस्त की तरह, पत्नी या प्रेमिका के साथ रिश्तों, प्रकृति और जीवन की सुंदरता को महसूस करते हुए। नाटक में दर्शाया कि सभी मुर्दे कब्र से बाहर आकर लोगों के बीच निकल पड़ते हैं। जीवन के महत्व को रेखांकित करते हुए उनमें युद्ध की भयावहता और कुटिल स्वार्थों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए।

## मानव संग्रहालय में नारी की शाश्वत शक्ति के उत्सव रूप में नजर आया 'शाश्वती 2025'


कथक नृत्य की प्रस्तुति देती नृत्यांगनाएं।

# लोक से कथक तक नारी सृजनशीलता का भव्य उत्सव 'शाश्वती 2025'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा आयोजित महिला-केंद्रित सांस्कृतिक महोत्सव शाश्वती 2025 नारी की शाश्वत शक्ति का उत्सव के अंतर्गत दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय लोक, जनजातीय, पारंपरिक एवं शास्त्रीय विरासत का एक अत्यंत व्यापक, जीवंत और बहुआयामी प्रदर्शन देखने को मिला। इस महोत्सव में नारी की रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक नेतृत्व और पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही परंपराओं को सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन जहां एक ओर अनेकों स्टाल पर महिलाओं ने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया तो वहीं शाम की बेला में मप्र की सुप्रसिद्ध कथक नृत्य गुरु पद्मजा रघुवंशी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत कथक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। उज्जैन से प्रस्तुत इस कथक नृत्य ने कथक की शास्त्रीय गरिमा, तकनीकी परिपक्वता और भावनात्मक गहराई का अनुपम साक्षात्कार कराया।


स्वदेशी उत्पाद के स्टॉल पर बांस के सूप और पंखे देखते युवक-युवतियां।


डेकोरेटिव बैग्स को पसंद करती एक महिला।



### देशभक्ति से ओत-प्रोत वंदे मातरम की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुआ समापन

प्रस्तुति का शुभारंभ शंकर एवं शिव वंदना से हुआ, जिसमें शिव के तांडव और करुणा को सशक्त भावाभिनय एवं सटीक मुद्राओं के माध्यम से सजीव किया गया। इसके पश्चात आमद, थाट, तोड़े, तोड़े-तिहाइयां, परण तथा मध्य एवं द्रुत लय में प्रस्तुत रचनाओं ने कथक की लयात्मक जटिलताओं और ताल की सूक्ष्म समझ को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। पैरों की स्पष्ट थाप, घुंघरुओं की नियंत्रित ध्वनि और अनुशासित लयबद्धता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति से ओत-प्रोत वंदे मातरम की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रभाव से भर दिया।

## वरिष्ठ रंगकर्मी सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ ने साझा किए अपने अनुभव

# मन नहीं लगने पर छोड़ी नौकरी, रंगमंच अपनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हरिभूमि चर्चा

बचपन से ही मुझे अभिनय का शौक था। उस समय नाटक को मैं एक खेल की तरह देखता था, पर गहरा अर्थ समझ नहीं आता था, लेकिन वही खेल मेरे जीवन का लक्ष्य बन गया और अब मुझे लगता हैं कि बचपन का शौक लक्ष्य बन चुका है। यह कहना है वरिष्ठ रंगकर्मी सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ का, जिनके द्वारा मंचित नाटक दफन करो का मंचन रविंद्र भवन में हुआ। हरिभूमि से उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### कुछ समय एलआईसी में की नौकरी

सूर्यमोहन ने कहा कि मैंने कुछ समय एलआईसी में नौकरी भी की, लेकिन वहां मेरा मन नहीं लगा। अवसर मिलते ही नौकरी छोड़ दी और 2006 के बाद पूरी तरह रंगमंच को अपना लिया। उनके अनुसार, इस निर्णय के बाद न तो कभी डर लगा और न ही पीछे मुड़कर देखने की जरूरत महसूस हुई।

### विदेशों में भी मिली सराहना

विदेशों में भी कई नाट्य प्रस्तुतियां देने वाले सूर्यमोहन ने कहा कि वर्ष 2004 में पाकिस्तान में सातवीं शताब्दी पर आधारित नाटक भागवत अजिंक्य का मंचन किया, जिसे दर्शकों से भरपूर प्रेम और सराहना मिली। इसके साथ ही कई देशों में नाट्य प्रस्तुतियां दे चुका हूं।

### फिल्म कभी भी रंगमंच की जगह नहीं ले सकती

वहीं, अपनी आगामी प्रस्तुतियों के बारे में उन्होंने कहा कि मेरा आने वाले समय में अगला नाटक 'डैडी' दिल्ली में भारत रंग महोत्सव के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, थिएटर के महत्व के बारे में उन्होंने कहा कि भले ही भारत में आधुनिक थियेटर की शुरुआत भले ही अंग्रेजों के समय हुई हो, लेकिन फिल्म कभी भी रंगमंच की जगह नहीं ले सकती। रंगमंच एक लाइव माध्यम है और उसका प्रभाव हमेशा अलग और गहरा रहता है।

## सत्पथ प्रश्नमंच सीजन-3 का केंद्रीय मंत्री चौहान ने किया विमोचन



**भोपाल।** सत्पथ फाउंडेशन, नागपुर द्वारा संचालित विश्वस्तरीय सत्पथ प्रश्नमंच सीजन–3 की पुस्तिका का विमोचन केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीर्थधाम ज्ञानोदय, दीवानगंज में किसर। इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक प्रभुराम चौधरी, विधायक शैलेन्द्र जैन, समाज के श्रेष्ठी प्रदीप चौधरी, अशोक सहित अनेक विद्वान, समाजसेवी एवं अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सत्पथ फाउंडेशन के संस्थापक एवं 'सत्पथ सारथी' के रूप में विख्यात पं. विपिन शास्त्री ने बताया कि सत्पथ प्रश्नमंच सीजन-3 आचार्य कुंदकुंद के प्रसिद्ध ग्रंथ समयसार पर आधारित है। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री ने सत्पथ की इस पुस्तिका का अवलोकन किया और इसके सुंदर संयोजन की प्रशंसा की।

## मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'बड़े भाई साहब' का मंचन

# रिश्तों, जिम्मेदारी की मार्मिक कहानी कहती बड़े भाई साहब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यामिनी कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मंगलवार को नाटक बड़े भाईसाहब का मंचन किया गया। यह कथा दो भाइयों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, एक बड़ा भाई, जो पढ़ाई में कमजोर होते हुए भी अनुभव में परिपक्व है, और दूसरा छोटा भाई, जो पढ़ाई में तेज लेकिन खेलकूद में अधिक रुचि रखता है।


पढ़ाई में ध्यान लगाता छोटा भाई।


छोटे भाई को समझाते बड़े भाई साहब।

### कर्तव्यबोध और अनुभव का संघर्ष

कहानी में बड़ा भाई उम्र और जिम्मेदारी के कारण छोटे भाई पर अनुशासन का रौब जमाता है, ताकि वह पढ़ाई पर ध्यान दे सके। लेकिन जब परीक्षा परिणाम में बड़ा भाई असफल और छोटा भाई सफल होता है, तब छोटे भाई को अपनी लघुता का एहसास होता है और वह बड़े भाई के प्रति श्रद्धा से भर उठता है। यह क्षण दोनों के रिश्ते को नई समझ और गहराई देता है।

## मैनिट सिल्वर जुबली रियूनियन 2000 बैच: बिखरी याराने की खुशबू, तैयार होगा फंडिंग मैकेनिज्म

# मैनिट: 25 साल बाद एक-दूसरे से दिल से मिले तो चेहरे खिले


मैनिट में एलुमनी मीट में दिनभर की मस्ती के बाद फोटो खिंचाते पूर्व छात्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को 25 साल बाद मैनिट के 2000 बैच के करीब 130 सहपाठी जब फिर एक बार आमन_ सामने मिले तो माहौल कुछ अलग ही था। यह केवल मुलाकात नहीं, बल्कि दोस्ती, भावनाओं और यादों का पुनर्मिलन था। देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से आए इन पूर्व छात्रों के चेहरे पर मुस्कान, आंखों में चमक और दिलों में दोस्ती की गर्माहट साफ झलक रही थी। इस रीयूनियन में कोई अमेरिका से आया, कोई ब्रिटेन, बेल्जियम, दुबई, सिंगापुर, स्विटजरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात से यहां पहुंचा।

### तीन दिन तक चली महफिल

मैनिट में लगातार तीन दिनों तक दोस्ती के ये रंग बिखरते रहे। कोई गले मिलते हुए पुरानी शरारतें याद कर रहा था, तो कोई जीवन की नई कहानियां साझा कर रहा था। पुराना हॉस्टल- 5 फिर से हंसी और ठहाकों से गूंज उठा। साथ ही मैनिट कैंपस भ्रमण और मिलन कार्यक्रमों ने इस पुनर्मिलन को और यादगार बना दिया।

## जनजातीय संग्रहालय में तीन दिनी संभावना गतिविधि का शुभारंभ

# तुम उठो सिया श्रृंगार करो...





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मनीषा शास्त्री एवं साथी, महेश्वर द्वारा निमाड़ी लोक गायन में गणेश भजन, मां नर्मदा तट पर आधारित गीतों एवं अन्य लोक गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं अगले क्रम में श्रद्धा व्यास एवं साथी ने तुम उठो सिया श्रृंगार करो..., मेरो खोय गयो..., कारीदह पे खेलन आयो री..., अनोखी माधुरी जोड़ी..., जैसे भजनों की प्रस्तुति दी।


जपजातीय संग्रहालय में सांस्कृतिक न1त्यों सहित अन्य राज्यों की प्रस्तुतियां दी गई। जिनका मौजूद दर्शकों ने आनंद लिया और कलाकारों की मेहनत को जमकर सराहा।

### गुदुमबाजा, बरेदी, पंथी नृत्य सहित अनेक नृत्य प्रस्तुतियां रहीं खास

*नृत्य प्रस्तुति में गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति मुरारीलाल एवं साथी-डिण्डोरी द्वारा दी गई। गुदुम, डफ, मंजीरा, टिमकी आदि वाद्यों के साथ शहनाई की धुनों पर किए जाने वाले इस नृत्य में वादन के साथ नर्तन किया जाता है। वहीं बुंदेलखंड का बरेदी नृत्य दिलीप यादव एवं साथी-छतरपुर द्वारा किया गया। बुंदेलखंड का बरेदी लोक नृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक नृत्य किया जाता है। इसके साथ ही कार्यक्रम में गोटिपुआ नृत्य, कानड़ा नृत्य-गायन, पंथी नृत्य सहित अनेकों नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।*

## दुष्यंत संग्रहालय के स्थापना पर्व पर अलंकरण एवं सम्मान समारोह

### राज्यपाल पटेल ने किया साहित्य की कई हस्तियों को सम्मानित

# साहित्यकारों को सम्मानित कर मैं स्वयं को सम्मानित व गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुझे साहित्यकारों के बीच आना सदैव प्रीतिकर लगता है, साहित्यकारों का सम्मान करना मेरे लिए स्वयं को सम्मानित करने जैसा, साहित्य वही जो जन सरोकार से जुड़ा हो साहित्य सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं होता, बल्कि लोक कल्याण का विषय होता है। यह उद्गार हैं मंगू भाई पटेल राज्यपाल मप्र के, जो दुष्यंत कुमार संग्रहालय द्वारा अपने स्थापना पर्व के अवसर पर आयोजित अलंकरण एवं सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।


साहित्यकारों का सम्मान करते राज्यपाल मंगूभाई पटेल व अन्य अतिथि।

### यह हस्तियां हुई सम्मानित

इस अवसर पर वरिष्ठ कथाकार उदयप्रकाश को राष्ट्रीय दुष्यंत अलंकरण, कान्ति शुक्ला उर्मि को सुदीर्घ साधना सम्मान, डॉ. बहादुर सिंह को आंचलिक भाषा सम्मान, डॉ. जवाहर कर्नावट को विशिष्ठ हिंदी सेवी सम्मान, विजय वाजपेई राजभाषा सम्मान, अरुण तिवारी संपादक को पत्रकारिता सम्मान से विभूषित किया।



### सभी रचनाकारों के सृजन में आम आदमी की पीड़ा है


इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष चौबे कुलाधिपति रविन्द्रनाथ टैगोर विवि ने कहा आज सम्मानित होने वाले सभी रचनाकारों के सृजन में आम आदमी की पीड़ा है, रचनाकारों को हिंदी समृद्ध करने के लिए बोलियों से रस मिलता है। उन्हें समृद्ध करना आवश्यक है। दूसरे सत्र में सम्मानित रचनाकारों ने इक्कीसवीं सदी का भारत विषय पर अपनी बात रखी।

# ग्रीन इम्प्रेशंस कैलेंडर का लोकार्पण कला के जरिए पर्यावरण संवाद


कैलेंडर का विमोचन करते अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल समेत अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण की समझ और जागरुकता के लिए कला शिक्षकों की कलात्मक अभिव्यक्ति न केवल एक रचनात्मक नवाचार है, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम भी है। यह विचार अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल ने आर्ट टीचर्स के कैलेंडर ग्रीन इम्प्रेशंस के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किए। आर्ट-डिज़ाइन टीचर्स' फ़ोरम द्वारा प्रकाशित कला शिक्षकों का वार्षिक कैलेंडर ग्रीन इम्प्रेशंस का लोकार्पण मंगलवार को हुआ। यह कैलेंडर कला के माध्यम से पर्यावरणीय और नागरिक सरोकारों की सशक्त अभिव्यक्ति पर केंद्रित है।




नई दिल्ली। चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग, या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, वर्ष 2025 में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने प्रत्येक खेल में अपनी खास छाप छोड़ी।

2025 में रहा नारी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# भारतीय महिला खिलाड़ियों ने हर खेल में छोड़ी अपनी अमिट छाप

## दिव्या बनीं भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता



शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर और सोशल मीडिया पर हो रहे ताने-बाने को नजरअंदाज करते हुए महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा।



## दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम बनीं विश्व चैंपियन

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। मुक्केबाजी में जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मनोबल बढ़ाया। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका।

## पहलवान अंतिम पंघाल ने किया शानदार प्रदर्शन




कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जो इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।

## सुरुचि सिंह ने जीता विश्व कप में गोल्ड




निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई।

## तीरंदाज शीतल देवी बनीं बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन



फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टाम एक के बाद एक झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करके आशा की किरण जगाई। तीरंदाजी में 18 वर्षीय शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं।

---

## खबर संक्षेप



### सारिना विगमैन को मिला डेमहुड सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच सारिना विगमैन को मानद डेमहुड से सम्मानित किया गया है। किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से नए साल के अवसर पर सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची में नीदरलैंड की रहने वाली 56 वर्षीय कोच विगमैन का नाम भी शामिल है। विगमैन के कोच रहते हुए इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने इस साल गर्मियों में लगातार दूसरी बार यूरो कप का खिताब जीता था। इसके अलावा टीम उनकी अगुवाई में 2023 में विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी। विगमैन ने कहा, 'जब मैं पहली बार इंग्लैंड आई थी, तो मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे इतना सम्मान और स्नेह मिलेगा।

### परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी पर इंदौर का कब्जा

**भोपाल।** एमपीसीए द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल (चार दिवसीय) मल्टी डे अंडर-22 बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल इंदौर के आर.बी.सी.एफ. मैदान पर भोपाल और इंदौर डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच के चौथे दिन इंदौर डिविजन ने कल के स्कोर 1/52 रन से आगे खेलते हुए 53.5 ओवर में 5 विकेट पर 197 रन बनाकर फाइनल मैच जीत लिया। इंदौर से प्रणीत पाटीदार 58 और आयाम वर्मा 51 रन पर नाबाद रहे । भोपाल डिवीज़न से प्रारब्ध मिश्रा नें 2 विकेट लिए । इस तरह इंदौर डिविजन ने भोपाल डिविजन को 5 विकेट से हराकर परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी अंडर 22 बॉयज की विजेता रही ।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने दी प्रो लीग बहिष्कार की धमकी

**लाहौर।** पाकिस्तान की हॉकी टीम के



कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले गए मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय पुरुष टीम के कम से कम दो सदस्यों ने पुष्टि की कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को स्पष्ट संदेश भेज दिया गया था कि यदि वित्तीय मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो कई खिलाड़ी एफआईएच प्रो लीग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

---

श्रीलंका को 15 रन से पांचवां मैच हराया, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिफ्टी लगाई

# इंडियन विमेंस का तीसरी बार टी 20 सीरीज पर 5-0 से कब्जा




**एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम**

इंडिया विमेंस ने श्रीलंका को पांचवें टी-20 में 15 रन से हराकर सीरीज 5-0 से जीत ली। टीम ने तीसरी बार 5-0 के अंतर से टी-20 सीरीज जीती, इससे पहले टीम वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को भी इसी अंतर से हरा चुकी है। तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को श्रीलंका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। श्रीलंका 7 विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना सकी। ग्रीनफील्ड स्टेडियम में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 43 गेंद पर 9 चौके और 1 छक्का लगाकर 68 रन बनाए। अरुंधति रेड्डी ने 27 और अमनजोत कौर ने 21 रन बनाए। श्रीलंका से चमारी अटापट्टू, कविषा दिलहारी और रश्मिका सेवांदी ने 2-2 विकेट लिए।

### 2 वेन्यू पर खेले गए 5 टी-20

शुरुआती 2 टी-20 विशाखापट्टनम और आखिरी 3 टी-20 तिरुवनंतपुरम में खेले गए। भारत पहला मैच 8 विकेट, दूसरा 7 विकेट और तीसरा भी 8 विकेट से जीता। फिर चौथे मुकाबले 30 रन से जीत दर्ज करने के बाद पांचवां मैच 15 रन से अपने नाम कर लिया।

### शेफाली टॉप स्कोरर रहीं

भारत की शेफाली वर्मा टॉप स्कोरर रहीं, उन्होंने 5 टी-20 में 80.33 की औसत से 241 रन बनाए। उन्होंने 36 चौके और 5 छक्के लगाए। श्रीलंका से हसिनी परेरा टॉप स्कोरर रहीं, उन्होंने 33 की औसत से 165 रन बनाए। गेंदबाजों में भारत की दीप्ति शर्मा, वैष्णवी शर्मा और श्री चरणी ने 5-5 विकेट लिए। वहीं श्रीलंका से कविषा दिलहारी टॉप विकेट टेकर रहीं, उन्होंने भी 5 ही विकेट अपने नाम किए।

विमेंस टी-20 रैंकिंग

# शेफाली को चार पायदान का फायदा; 10वें नंबर पर जेमि





**एजेंसी ▸▸ दुबई**

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

### शीर्ष पर काबिज दीप्ति

अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंच गई है। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढ़कर 52वें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढ़कर 124वें स्थान पर है । श्रीलंका के लिए खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



### ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप की होगी नीलामी

**सिडनी।** बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी उसकी अगले महीने नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन ने उस श्रृंखला के दौरान भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को कैप उपहार में दी थी। वह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया या बिक्री के लिए नहीं रखा गया।

#### क्रिकेट इतिहास की वास्तविक वस्तु

एएपी के अनुसार यह कैप 75 वर्षों से अधिक समय से लगातार एक ही परिवार के स्वामित्व में रही है। लॉयड्स ऑक्शंस के ली हेम्स ने कहा, 'यह क्रिकेट इतिहास की एक वास्तविक वस्तु है, जिसे सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने व्यक्तिगत रूप से उपहार में दिया था।' ब्रैडमैन के युग के टेस्ट क्रिकेटर प्रत्येक श्रृंखला के लिए अलग-अलग कैप पहनते थे। इस कैप की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी।

---

वेस्ट जोन वूमेन्स हॉकी टूर्नामेंट पुणे

## आरएनटीयू ने महर्षि दयानंद सरस्वती विवि अजमेर को हराकर जीता सिल्वर




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला हॉकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए वेस्ट जोन हॉकी टूर्नामेंट (वूमेन्स) में सिल्वर मेडल जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही टीम ने 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट' के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। टूर्नामेंट के अंतिम लीग मुकाबलों में मंगलवार को आरएनटीयू की टीम ने पहले मुकाबले में महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, अजमेर को 8-1 के से शिकस्त दी। टीम की ओर से पलक गुप्ता और करमनप्रीत कौर गिल ने दो-दो गोल किए, जबकि भूमिक्क्षा साहू, योगिता वर्मा, आयुषी पटेल और खुशी कटारिया ने एक-एक गोल दागा। योगिता वर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 3-1 से पराजित किया

वहीं, दूसरे निर्णायक मुकाबले में टीम ने सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 3-1 से पराजित किया। इस मैच में करमनप्रीत कौर गिल, अश्रिता ठाकुर और उषा कुमारी ने एक-एक गोल कर टीम की जीत और सिल्वर मेडल सुनिश्चित किया। उप-कप्तान अश्रिता ठाकुर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के सम्मान से नवाजा गया। टीम में बतौर कोच आकांक्षा परमार और मैनेजर सतीश अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट तालमेल दिखाया। खिलाड़ियों की इस शानदार जीत पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, निदेशक डॉ नीतिन वत्स, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए शुभकामनाएं दीं।



## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुख्य कोच अजहर महमूद को हटाया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है।



पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया है। पाकिस्तान अपना अगला टेस्ट मैच मार्च 2026 में खेलेगा। बोर्ड के सूत्र ने बताया, 'अजहर का अनुबंध मार्च में समाप्त हो रहा है और पाकिस्तान की टीम का टेस्ट दौरा मार्च 2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए मुख्य कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।' अजहर का बोर्ड के साथ दो साल का अनुबंध था। उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। सूत्रों के अनुसार पीसीबी ने टेस्ट टीम के लिए नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और सहायक स्टाफ में भी फेरबदल हो सकता है।

## भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान चोटिल आर्चर शामिल

**एजेंसी ▸▸ लंदन**

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को एशेज श्रृंखला के एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बावजूद अगले साल फरवरी मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल किया गया।

एडिलेड टेस्ट के दौरान आर्चर के बाएं पांव में खिंचाव आ गया था, जिसके कारण वह अगले दो टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। एक अन्य तेज गेंदबाज जोश टोंग को हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। आर्चर हालांकि श्रीलंका के खिलाफ 22 जनवरी से होने वाली तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।



### इंग्लैंड की संभावित टीम

हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

---

कार्लसन को हराया, हासिल किए 10 अंक

# विश्व ब्लिट्ज : एरिगैसी ने खेला मजबूत एंडगेम

**एजेंसी ▸▸ दोहा**

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपने मजबूत एंडगेम और त्वरित गणना करने के कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल की।

इसके बाद एरिगैसी ने एक अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी हराया और तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। इस तरह से एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और वह मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।




### कार्लसन ने मेज पर मारकर बुरी तरह हिलाया

एरिगैसी ने शानदार खेल दिखाया जबकि कार्लसन को नौवें दौर में तनावपूर्ण एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी के पास सिर्फ नौ सेकंड जबकि कार्लसन के पास तीन सेकंड बचे थे। नॉर्वे का खिलाड़ी जैसे ही रानी को चलने वाला था, मोहरा उनके हाथ से फिसलकर मेज से बाहर जा गिरा। संयोग से तब अलेक्जेंडर ग्रिशुक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने जल्दी से रास्ते से हटने की कोशिश की। जब तक कार्लसन ने अपनी रानी उठाई और उसे वापस बोर्ड पर रखा, तब तक उनका समय समाप्त हो चुका था।

### खेले जाएंगे छह और राउंड

शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों से ठीक पीछे छह खिलाड़ी हैं, जिनके समान 9.5 अंक हैं। विश्व ब्लिट्ज 2024 के सह-चैंपियन कार्लसन और इयान नेपोम्नियाची के संभावित 13 में से नौ अंक हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए छह और राउंड खेले जाएंगे, जिसके बाद फाइनल होगा।

### हम्पी 61वें स्थान पर खिसकी

इस बीच महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी रविवार को रैपिड वर्ग में कांस्य पदक जीतने के दौरान दिखाए गए अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं और 10 राउंड के बाद संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसक गईं। उनका दिन पांच अंकों के साथ समाप्त हुआ, जहां उनके साथ चीन की ग्रैंडमास्टर टैन झोंगयी भी हैं। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर हैं जबकि ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली के समान 5.5 अंक हैं। महिला वर्ग में पांच और राउंड खेले जाएंगे, जिनमें से शीर्ष चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे और उसके बाद फाइनल होगा।




भाई के साथ बहनें मनाएंगी आगामी त्योहार

# सीएम हाउस में आई बहनों को मिला सम्मान, मुख्यमंत्री ने कहा माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश की सभी माताओं-बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने देश की संसद में आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रदेश के नगरीय निकायों और शासकीय सेवाओं में भी 35 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बहनें आज भारतीय सेनाओं में भी शीर्ष पद प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रही हैं।



## महिलाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाती है

प्रदेश की बहनें आर्थिक-सामाजिक रूप से संपन्न और आत्मविश्वास से भरी हों, इस उद्देश्य से हमारी सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाती है, साथ ही अधिक से अधिक बहनें संपत्ति की मालिक बनें, इसके लिए रजिस्ट्री में अतिरिक्त 2 प्रतिशत छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों से इस प्रकार संवाद का क्रम आगामी माहों में भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज महिलाएं नहीं बहने मेरे घर आईं हैं।

### 25 एकड़ भूमि तक उपलब्ध कराई जा रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास के साथ विरासत को संरक्षण प्रदान करते हुए गतिविधियां संचालित की जा रही है। राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। प्रदेश में जन-निजी भागीदारी (पीपीपी मोड) पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने के लिए लीज पर 25 एकड़ भूमि तक उपलब्ध कराई जा रही है। मध्यप्रदेश देश में यह नवाचार करने वाला पहला राज्य है।

### 18 नई नीतियों में महिलाओं को केंद्र में रखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला उद्यमियों के स्टार्ट-अप में उपलब्ध अवसरों पर चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश वह राज्य है, जो औद्योगिक विकास में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश स्टार्ट-अप्स शुरू करने में अग्रणी हैं। राज्य सरकार ने बीते 2 वर्षों से लगातार स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में लागू की गईं 18 नई नीतियों में महिलाओं को केंद्र में रखा गया है।

कमाई से करीब साढ़े छह गुना ज्यादा की संपत्ति खड़ी की

# ईडी ने जब्त की एआरटीओ संतोष, क्लर्क रेखा की प्रॉपर्टी, आमदनी से साढ़े छह गुना ज्यादा संपत्ति जुटाई, मकान और जमीन सीज

*आमदनी 73.26 लाख, कमा लिए 4.80 करोड़, ईएमआई भुगतान से ठीक पहले उनके बैंक खातों में सुनियोजित तरीके से बार-बार नगद जमा किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईडी ने मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग में सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) संतोष पॉल और सीनियर क्लर्क रेखा पॉल की 3.38 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। उन्होंने कमाई से करीब साढ़े छह गुना ज्यादा की संपत्ति खड़ी की है। ईडी ने यह कार्यवाही आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) भोपाल द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत संतोष पॉल और रेखा पॉल के विरुद्ध दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच के बाद की है।

संपत्ति जब्ती पीएमएलए 2002 के प्रावधान के आधार पर की है। इन पर आय के घोषित सोर्स से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था। ईडी की जांच में यह पता चला कि इन लोक सेवकों ने जांच अवधि के दौरान अपनी वैध आय से काफी अधिक चल और अचल संपत्ति अर्जित की थी। ईडी की जांच में पता चला कि 73.26 लाख रुपए की सत्यापित वैध आय के साथ संतोष पॉल और रेखा पॉल ने लगभग 4.80 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की और खर्च किए जिसके परिणामस्वरूप लगभग 4.06 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति बन गई। जांच में ऋण की ईएमआई भुगतान से ठीक पहले उनके बैंक खातों में सुनियोजित तरीके से बार-बार नकद जमा किए जाने का पता चला, जिससे खुलासा हुआ कि इन्होंने बेहिसाब नकदी को बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया था।

### ईओडब्ल्यू ने तीन साल पहले की थी कार्रवाई



ईओडब्ल्यू ने संतोष पाल के यहां तीन साल पहले अगस्त 2022 में छापेमारी की थी। इस जांच में जबलपुर के आरटीओ के पास 16 लाख नगद मिले थे। घर में पाल ने अपना निजी थिएटर तक बना रखा था। काली कमाई से थियेटर में लाल सीटें लगा रखी थीं, जो सामने आई थीं। जांच के दौरान आरटीओ संतोष पाल सिंह के कई घर, कई गाड़ियां और दस्तावेज मिले थे। ईडी द्वारा दोनों ही आरोपियों की जब्त की गई संपत्तियों में जबलपुर जिले में स्थित आवासीय मकान, आवासीय भूखंड, कृषि भूमि और व्यवसायिक दुकानें शामिल हैं, जिन्हें अपराध की आय के रूप में अस्थायी रूप से जब्त किया गया है।

छिपीखापा में ढाई करोड़ से अधिक का सागौन कटाई मामला

# पीसीसीएफ अंबाडे की सख्ती के बाद सीसीएफ ने डीएफओ को जारी किया आरोप-पत्र

- गोल्डन टीक सागौन की अवैध कटाई पर अधिकारी को बचाने की हो रही थी कोशिश
- डेढ़ करोड़ से अधिक का जंगल काटने के नौ बाद एसडीओ और रेंजर को जारी होंगे आरोप पत्र
- जंगल छोड़कर अफसरों के बंगलों की सुरक्षा में लगाए गए बीट गार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम के इटारसी रेंज की छीपीखापा बीट में ढाई करोड़ रुपए कीमत से अधिक की गोल्डन टीक सागौन की अवैध कटाई के मामले में डीएफओ मयंक गुर्जर को आरोप पत्र थमा दिया गया है। आरोप पत्र वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे के नोटिस के बाद नर्मदापुरम सीसीएफ अशोक कुमार ने जारी किया है।

अंबाडे ने सीसीएफ को दिए नोटिस में गंभीर अनुशासनहीनता, आदेशों की अवमानना तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने जैसे अहम मुद्दों पर जवाब तलब किया है।

इसके पहले भी कई बार सीसीएफ को डीएफओ के खिलाफ आरोप- पत्र बनाकर भेजने के मौखिक और लिखित निर्देश दिए जा चुके थे, लेकिन जांच में गड़बड़ी उजागर होने के बावजूद डीएफओ को बचाने की कोशिश की जा रही थी। नर्मदा पुरम के इटारसी रेंज के छिपीखापा बीट में गोल्डन टीक सागौन की अवैध कटाई के मामले का खुलासा सबसे पहले पब्लिक वाणी ने किया था। आखिरकार डीएफओ खिलाफ एक्शन लेने के लिए विभाग को मजबूर होना पड़ा है। नर्मदा पुरम के इटारसी रेंज अंतर्गत छपीखापा बीट में निरीक्षण के दौरान दिनांक 1 जनवरी 2023 से निरीक्षण दिनांक तक अवैध रूप से काटे गए गोल्डन टीक सागौन के 1242 ठूंठ एवं सतकट के 38 ठूंठ ( कुल 1280 ठूंठ) पाए गए।

### पीसीसीएफ संरक्षण के पत्रों को किया नजरअंदाज

पीसीसीएफ संरक्षण विभाष ठाकुर ने ढाई करोड़ से अधिक की हुई कटाई को लेकर डीएफओ से लेकण्ण्फ कार्रवाई करने के पत्र लिखे थे, लेकिन उनके पत्र सीसीएफ द्वारा इग्नोर किया जाता रहा है। अलबत्ता छोटे-छोटे वनकर्मियों, रेंजर और डिप्टी रेंजर पर कार्रवाई की गई है। डीएफओ और एसडीओ के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया।

### जांच के लिए आदेश मिला

पेड़ों की कटाई के मामले में मुख्यालय की ओर से जांच के लिए आदेश मिला है। प्राथमिक जांच में डीएफओ को आरोप पत्र जारी किया गया है। अधिकारियों ने कई और कर्मचारियों को भी शामिल करने के लिए कहा है। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

**अशोक कुमार, सीसीएफ, नर्मदापुरम**

बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करो की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस द्वारा 30 दिसंबर 2025 को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों का आह्वान किया था। इसी तारतम्य में फोरम की स्थानीय भोपाल इकाई के आह्वान पर भोपाल के सैकड़ों बैंक कर्मचारी और अधिकारी ऑफिस अरेरा हिल्स के पंजाब नेशनल बैंक जोनल सामने एकत्रित हुए। उन्होंने अपनी मांग के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन एवं सभा का आयोजन किया। सभा को फोरम में शामिल बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों वी के शर्मा, सुबिन सिन्हा, नजीर कुरैशी, निर्भय सिंह ठाकुर, संजय कुदेशिया, भगवान स्वरूप कुशवाहा, सुनील सिंह, वीएस नेगी, दीपक रत्न शर्मा, दिनेश झा, अनिल कुमार श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।




इंदौर परिक्षेत्र में भ्रष्टाचार व कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप

# भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ (बीपीईएफ) मप्र पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर इंदौर परिक्षेत्र में भ्रष्टाचार व कर्मचारियों के उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए इसके विरुद्ध आंदोलन की बात कही है।

रवि कुमार साहू, सर्किल सेक्रेटरी बीपीआरएसए ने बताया कि भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के आरोप हैं कि इंदौर परिक्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था लगातार लड़खड़ा रही है। स्थापित नियमों एवं विभागीय निर्देशों की अवहेलना एवं पदस्थापना प्रक्रिया में भ्रष्टाचार, अधिकारियों की मनमानी तथा कर्मचारियों को प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। संघ ने निराकरण नहीं होने की स्थिति में 28 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।

ऑटोनॉमस सिस्टम में स्टूडेंट इनोवेशन को बढ़ावा देने की पहल

# सिस्टेक में ड्रोन और रोबोटिक्स क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) रातीबड़ में ऑटोनॉमस सिस्टम में स्टूडेंट इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन स्टूडेंट फोरम के बैनर तले ड्रोन और रोबोटिक्स क्लब का गठन किया है। यह नई पहल थ्योरेटिकल इंजीनियरिंग और प्रैक्टिकल एप्लीकेशन के बीच के गैंप को कम करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह गठम स्टूडेंट्स को नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर इनोवेट करने, डिज़ाइन करने और प्रतिस्पर्धा का अनोखा मंच रहेगा। क्लब का उद्देश्य ऑटोमेशन में क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना, कड़ी हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग देना और हाई-लेवल रोबोटिक्स कॉम्पिटिशन के लिए स्टूडेंट टीमों को तैयार करना है। क्लब को अलग-अलग इंजीनियरिंग विषय के स्टूडेंटस की एक डायनामिक टीम लीड करती है, जो समाधान प्रॉब्लम-सॉल्विंग के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण प्रदान करती है।




# कमाल का भोपाल 2025 अभियान राज्य स्तर पर ठोस नीतिगत फैसलों का आधार बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

2025 'कमाल का भोपाल' नागरिक अभियान के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा। इस वर्ष अभियान की रिपोर्ट से जुड़े विचार और सुझाव केवल उच्चस्तरीय चर्चा तक सीमित नहीं रहे, बल्कि राज्य स्तर पर ठोस नीतिगत फैसलों का आधार बने। यह रिपोर्ट मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री को सौंपी गई, जिसमें भोपाल की भौगोलिक स्थिति, शैक्षणिक आधार, प्रशासनिक भूमिका और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नॉलेज एंड एआई सिटी का रोडमैप रखा गया। इसी पहल का परिणाम रहा कि राज्य शासन द्वारा भौंरी में लगभग 3700 एकड़ भूमि पर 'नॉलेज एवं एआई सिटी' की घोषणा की गई और इसके लिए ईओआई जारी किया गया। यह निर्णय इस बात का संकेत है कि नागरिक स्तर पर तैयार किए गए विचार और रिपोर्ट अब नीति और क्रियान्वयन में बदल रहे हैं।



एबीवीपी ने जारी की विज्ञप्ति, बताया अपनी बड़ी जीत

# मुख्यमंत्री ने आरजीपीवी को तीन भागों में विभाजित करने की ऐतिहासिक घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के एकमात्र तकनीकी विश्वविद्यालय राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के मालवा प्रांत अधिवेशन, रतलाम में आरजीपीवी को तीन भागों में विभाजित करने की घोषणा की है। यह निर्णय प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है। इस घोषणा को एबीवीपी ने अपनी बड़ी उपलब्धि बताते हुए विज्ञप्ति जारी की है।

### सुधारात्मक पहल

अभाविप मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि इस न्यायोचित, छात्रहितैषी मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा आरजीपीवी को तीन भागों में विभाजित करने की घोषणा, तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में एक सुधारात्मक एवं ऐतिहासिक है। अभाविप ने इस निर्णय को छात्र हितों के लिए किए गए संघर्ष की जीत बताया है।

वाजपेयी जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में निगम सभाकक्ष में हुआ सुशासन सम्मेलन

# आइने में देखना चाहिए कि हम सुशासन के लिए क्या कर रहे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर निगम सभाकक्ष में सुशासन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विचारक मुख्य वक्ता रजनीश अग्रवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, आदर्श, विचारों के साथ ही सुशासन एवं उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की परम्परा सदियों पुरानी है, परंतु यह सुशासन की श्रेणी में नहीं आता। मनुष्य के शरीर को धन-धान्य व खाद्यान्न, मन को मान-सम्मान, बुद्धि को विवेक और ज्ञान तथा आत्मा को भगवान मिले तब सुशासन स्थापित होता है। इससे पहले महापौर मालती राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पारदर्शी शासन को बढ़ावा देना और जनता की सेवा करना और भारत को विकसित बनाना स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था। उन्होंने कहा कि सब अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें और जनता तक योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ पहुंचाएं यही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




## सब अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें: महापौर

### अटलजी का देश के विकास में अनमोल योगदान: निगम आयुक्त जैन

सम्मेलन के अंत में निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का देश के विकास में अनमोल योगदान रहा है। जैन ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को सभी ने अपना इसलिए माना है क्योंकि वह सभी की भावनाओं को समझकर सही मार्ग पर चले है और सभी को साथ लेकर सभी नजरियों को समझते हुए चले हैं। जैन ने कहा कि हमें जिस कार्य में आत्म संतुष्टि मिले वो हमें अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

मरीज को पानी पीने में भी होती थी तकलीफ, बिना ऑपरेशन फिजियोथेरेपी से हो गया स्वस्थ

# तंबाकू के कारण हो गया था घातक कैंसर रेडिएशन के बाद नहीं खुल पा रहा था मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के निवासी 50 वर्ष के एक व्यक्ति कई सालों से तंबाकू का सेवन कर रहे थे। लगातार तंबाकू खाने से उनके मुंह में छाला हो गया जो आगे मुंह के कैंसर में बदल गया। उनका पूरा जबड़ा कैंसर की जद में आ गया। मरीज ने मुंबई के एक निजी अस्पताल में कैंसर का इलाज कराया, जहां सर्जरी कर कैंसर की गांठ को निकाल दिया गया। इसके बाद मरीज को रेडिएशन दिए गए। रेडिएशन से मरीज का जबड़ा पूरी तरह चिपक गया।




## फिजियोथेरेपी के बाद मरीज ने खाया खाना

भोपाल में एक ऐसा मामला भी सामने आया जिसमें कैंसर पीड़ित मरीज इंदौर में एक मैक्लोफैशियल सर्जन से मिले। यहां मरीज की ग्राफ्टिंग की गई, लेकिन बहुत ज्यादा फायदा न होने पर उन्हें फिजियोथेरेपी की सलाह देकर भोपाल के आर्थोपेडिक डॉ. सुनील पाण्डेय के पास रेफर किया गया। डॉ पाण्डेय ने मरीज के लिए विशेष ट्रीटमेंट सेशन तैयार किए। करीब तीन महीने के उपचार के बाद अब मरीज की तीन उंगलियां मुंह में जा सकती हैं।

### सर्जरी के बाद होती है समस्या

मरीजों में ओरल कैंसर के ऑपरेशन के बाद जबड़े के टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट जाम होने की समस्य होती है। ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस में जबड़ा जाम होने लगता है मुंह के अंदर सॉफ्ट टिशु, लार ग्रंथियों और मांसपेशियों, टीएमजे जॉइंट का लचीलापन कम व खत्म हो जाता है। ऐसे मरीजों को जबड़े की कसरत (व्यायाम) करा कर मांसपेशियों व स्टिफ जॉइंट को पुनः सक्रिय किया जा सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930